



THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com
Vaartha Hindi
@Vaartha_Hindi
Vaartha official
www.hindi.vaartha.com

वर्ष-30 अंक : 15 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) चैत्र पूर्णिमा 2082 शनिवार, 12 अप्रैल-2025

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✻ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये



## जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में एक आतंकी मारा गया

श्रीनगर, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के घने जंगलों में चल रहे एनकाउंटर में सुरक्षाबलों ने शुक्रवार को एक आतंकी मार गिराया है। 2-3 आतंकियों को अभी सुरक्षाबलों ने घेर रखा है। एनकाउंटर जारी है। अभी तक किसी सुरक्षाकर्मी के घायल होने की खबर नहीं है।

सुरक्षा बलों ने 9 अप्रैल को चत्रू जंगल के इलाके में संदिग्ध गतिविधि देखी थी, जिसके बाद आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच फायरिंग शुरू हुई थी। यहां बड़ी तादाद में सुरक्षा बल तैनात हैं। आसपास के गांवों में भी अलर्ट है। स्थानीय लोगों से भी सतर्क रहने और संदिग्ध गतिविधि की सूचना देने की अपील की गई है।

# सेवा ही सरकार की नीति और निष्ठा : मोदी

### > सभी समस्याओं का समाधान अद्वैत के विचार में मिलेगा



अशोकनगर/ग्वालियर, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दुनिया में भौतिक उन्नति के बीच मानवता के लिए युद्ध, संघर्ष और मानवीय मूल्यों से जुड़ी कई चिंताएं हमारे सामने हैं। इनकी जड़ में क्या है। इनकी जड़ में अपने और पराए की मानसिकता है। ये मानसिकता मानव से मानव को दूर करती है। आज विश्व भी सोच रहा है कि इनका समाधान कहां मिलेगा। इनका समाधान अद्वैत के विचार में मिलेगा। अद्वैत यानी यहां कोई द्वैत नहीं है।

प्रधानमंत्री मोदी शुक्रवार को मध्यप्रदेश के अशोकनगर के ईसागढ़ स्थित श्री आनंदपुर धाम पहुंचे। यहां उन्होंने परमहंस अद्वैत मत के तीन प्रमुख मंदिरों के दर्शन किए। उन्होंने आनंद सरोवर में पुष्प अर्पित किए। इसके बाद मोती हॉल पहुंचकर परमहंस अद्वैत मत के वर्तमान गुरु से मुलाकात की और फिर सत्संग हॉल में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित भी किया।

पीएम मोदी के साथ राज्यपाल मंगुभाई पटेल, सीएम डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष वीडी शर्मा मौजूद रहे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- जिस भूमि का कण-कण संतों की तपस्या से सींचा गया हो, जहां परमार्थ एक परंपरा बन चुका हो, जहां सेवा के संकल्प मानवता के कल्याण का पथ प्रशस्त करते हों, वो धरती साधारण नहीं है।

### देश में राम वन गमन पथ का विकास कर रहे

एमपी सरकार अभी से ही उज्जैन सिंहस्थ की तैयारी में जुट गई है। हम देश में राम वन गमन पथ का विकास कर रहे हैं। इसका अहम हिस्सा एमपी से होकर गुजरेगा। एमपी पहले से ही अजब और गजब है। इन कार्यों से उसकी पहचान और मजबूत होगी। पीएम मोदी ने कहा- 2047 तक विकसित भारत बनने का लक्ष्य तय किया है। हमें विश्वास है, इसे हासिल करेंगे। विकास की दौड़ में कई देश अपनी संस्कृति से कट गए, अपनी परंपराएं भुला दी। भारत में हमें इन्हें संरक्षित करके रखना है। हमारी संस्कृति हमारे सामर्थ्य को मजबूत करती है। पीएम मोदी ने कहा- अशोकनगर और आनंदपुर धाम जैसे क्षेत्र जिन्होंने देश को इतना कुछ दिया है। इनका विकास भी हमारी जिम्मेदारी है।

# शाह बोले-मिलकर लड़ेंगे चुनाव



चेन्नई, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। तमिलनाडु में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा और एआईएडीएमके के बीच गठबंधन हो गया है। इसका एलान चेन्नई दौरे पर पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने किया है। चेन्नई में एआईएडीएमके नेता ई.के. पलानीस्वामी के साथ प्रेसवार्ता में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, आज एआईएडीएमके और भाजपा के नेताओं ने मिलकर तय किया है कि आने वाला तमिलनाडु विधानसभा चुनाव एआईएडीएके, भाजपा और सभी साथी दल मिलकर एनडीए के रूप में एक साथ लड़ेंगे।

**विपक्ष पर अमित शाह ने लगाए आरोप** :

इस दौरान अमित शाह ने कहा- एनईईटी और परिसीमन का मुद्दा ये (विपक्ष) लोग ध्यान भटकाने के लिए खड़ा कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा- अन्नाद्रमुक की कोई शर्त और मांग नहीं है... अन्नाद्रमुक के आंतरिक मामलों में हमारा कोई हस्तक्षेप नहीं होगा... यह गठबंधन एनडीए और अन्नाद्रमुक दोनों के लिए फायदेमंद होने वाला है। तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए एनडीए गठबंधन पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, ये चुनाव राष्ट्रीय स्तर पर पीएम मोदी के नेतृत्व में और राज्य स्तर पर एआईएडीएमके नेता एडप्पादी के. पलानीस्वामी के नेतृत्व में लड़े जाएंगे। इस दौरान अमित शाह ने कहा, हम जनता के असली मुद्दों को लेकर जनता के बीच में जाएंगे और मैं मानता हूं कि तमिलनाडु की जनता असली मुद्दों को जानती है और डीएमके से जवाब भी चाहती है।

**तमिलनाडु में सरकार बनाएगी एनडीए** :

पिछले लोकसभा चुनाव में एक भी सीट जीतने में विफल रहने के बाद भाजपा तमिलनाडु में अपनी संभावनाओं को बेहतर बनाने के लिए उत्सुक है। वहीं केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने आगामी विधानसभा चुनावों में जीत हासिल करने का विश्वास भी जताया और कहा कि एनडीए फिर से भारी बहुमत हासिल करेगा और तमिलनाडु में सरकार बनाएगा।

## वक्फ कानून के खिलाफ कोलकाता में सड़कों पर उतरे स्टूडेंट्स

### श्रीनगर में पीडीपी का प्रदर्शन, मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड का वक्फ बचाव अभियान आज से शुरू

नई दिल्ली, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। नए वक्फ कानून के विरोध में पश्चिम बंगाल के कोलकाता में प्रदर्शन किया जा रहा है, ये प्रदर्शन आलिया यूनिवर्सिटी के छात्र कर रहे हैं। मुस्लिम संगठनों ने भी छात्रों का समर्थन किया है। बड़ी संख्या में लोग इस प्रदर्शन में जमा हुए हैं।

इधर, जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार सुबह विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस ने पार्टी ऑफिस के बाहर ही बैरिकेड्स लगाकर प्रदर्शनकारियों को रोक दिया। यह विरोध प्रदर्शन पीडीपी के महासचिव खुर्शीद आलम के नेतृत्व में किया गया। पीडीपी कार्यकर्ता नए वक्फ कानून के विरोध में शहर के केंद्र की ओर मार्च करना चाहते थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें इसकी इजाजत नहीं दी। दरअसल, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (एआईएमपीएलबी) शुक्रवार से देशभर में 'वक्फ बचाव अभियान' शुरू हो गया है है। इसका पहला फेज 07 जुलाई यानी 87 दिन तक चलेगा। इसमें वक्फ कानून के विरोध में 1 करोड़ हस्ताक्षर कराए जाएंगे। जो पीएम मोदी को भेजे जाएंगे। इसके बाद अगले फेज की रणनीति तय की जाएगी।

## राहुल गांधी ने पीएम मोदी से पूछा सवाल कहा-क्या यह एक और जुमला है?



नई दिल्ली, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को रोजगार प्रोत्साहन योजना को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सवाल पूछा। राहुल गांधी ने कहा कि पीएम मोदी रोज नए नारे गढ़ते हैं, लेकिन युवा अब भी वास्तविक अवसरों का इंतजार कर रहे हैं। क्या यह एक और जुमला है?

एक्स पर पोस्ट में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद पीएम मोदी ने जोर-शोर से रोजगार प्रोत्साहन योजना की घोषणा की थी। इसमें युवाओं को रोजगार देने का वादा किया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि योजना की घोषणा किए लगभग एक साल हो गया है। मगर सरकार ने इस पर अब तक कुछ नहीं किया। योजना के लिए आवंटित किए गए 10,000 करोड़ रुपये भी वापस कर दिए गए हैं। इससे साफ है कि प्रधानमंत्री बेरोजगारी को लेकर कितने गंभीर हैं। राहुल गांधी ने कहा कि केवल बड़े कॉरपोरेट्स पर ध्यान केंद्रित करके, निष्पक्ष व्यापार की बजाय मित्र राष्ट्रों को बढ़ावा देकर, उत्पादन की बजाय असेंबली को प्राथमिकता देकर और भारत के स्वदेशी कौशल की उपेक्षा करके नौकरियां पैदा नहीं की जा सकतीं। करोड़ों नौकरियां सृजित करने का तरीका एमएसएमई में बड़े पैमाने पर निवेश, निष्पक्ष बाजार, स्थानीय उत्पादन नेटवर्क को समर्थन और सही कौशल वाले युवा ही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री इन विचारों से सहमत नहीं होंगे।

## 'भारत' तत्काल व्यापार वार्ता के लिए तैयार : विदेश मंत्री

नई दिल्ली, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि भारत अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता के लिए अधिक तत्परता से तैयार है। कार्नेगी ग्लोबल टेक्नोलॉजी समिट में अपने मुख्य भाषण में विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि भारत के व्यापार सौदे बहुत चुनौतीपूर्ण होंगे, क्योंकि अमेरिका बहुत महत्वाकांक्षी है और वैश्विक परिदृश्य एक साल पहले की तुलना में बहुत अलग है। उन्होंने कहा, इस बार, हम निश्चित रूप से तत्काल व्यापार वार्ता के लिए तैयार हैं। हमें एक अवसर दिखाई दे रहा है।

## अन्य शहरों में भी हमले की योजना बना रहा था तहव्वुर राणा : एनआईए का दावा

नई दिल्ली, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने 10 अप्रैल को दिल्ली की अदालत में सुनवाई के दौरान कहा कि तहव्वुर राणा ने मुंबई की तरह ही देश के अन्य शहरों में भी आतंकी हमले की योजना बनाई थी। एनआईए ने विशेष जज चंद्रजीत सिंह की अदालत में यह दावा किया। सुनवाई के बाद जज ने तहव्वुर राणा को 18 दिन के लिए एनआईए की हिरासत में भेज दिया।

जज चंद्रजीत सिंह ने अपने आदेश में एनआईए को निर्देश दिया कि वे हर 24 घंटे में तहव्वुर राणा की मेडिकल जांच कराएं और उसे वैकल्पिक दिनों पर अपने वकील से मिलने की इजाजत दी जाए। हालांकि यह मुलाकात एनआईए अधिकारी की मौजूदगी में ही होगी। एनआईए अधिकारी को तहव्वुर राणा और उसके वकील की मुलाकात के दौरान कुछ दूरी पर खड़े होना होगा, लेकिन सिर्फ इतनी दूरी कि वह दोनों की बात सुन सके। सुनवाई के दौरान एनआईए ने तर्क दिया कि मुंबई हमले की पूरी साजिश को बेनकाब करने के लिए विस्तृत पूछताछ की जरूरत होगी और उसे हमले वाली जगहों पर लेकर जाने की जरूरत होगी ताकि क्राइम सीन को रिक्रिएट किया जा सके। एनआईए के डीआईजी, एक आईजी और दिल्ली पुलिस के पांच डीसीपी सुनवाई के दौरान अदालत में मौजूद रहे।



## संजय राउत ने तहव्वुर राणा की फांसी को लेकर किया बड़ा दावा

### प्रत्यर्पण का क्रेडिट किसी को नहीं लेना चाहिए




मुंबई, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। मुंबई आतंकी हमले का मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण की चर्चा देशभर में चल रही है।

इस मामले पर राजनेता भी लगातार प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। इसी बीच शिवसेना यूबीटी सांसद संजय राउत ने कहा है कि तहव्वुर राणा को तुरंत फांसी दी जानी चाहिए। उन्होंने ये भी दावा किया कि सरकार बिहार चुनाव के दौरान तहव्वुर राणा को फांसी देगी। वहीं, बिहार चुनाव तक (इस साल के अंत में होने वाले) के दौरान फांसी दी जाएगी।

संजय राउत ने आगे कहा कि तहव्वुर राणा को भारत लाने में 16 साल लग गया। कांग्रेस शासन के दौरान उसके प्रत्यर्पण प्रक्रिया की शुरुआत हुई थी, इसलिए राणा को वापस लाने का क्रेडिट किसी को नहीं लेना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि तहव्वुर राणा भारत में प्रत्यर्पित होने वाला पहला आरोपी नहीं है। इससे पहले 1993 के सीरियल ब्लास्ट के आरोपी अबू सलेम को भी भारत प्रत्यर्पित किया गया था। संजय राउत से पहले कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार ने भी तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि तहव्वुर का प्रत्यर्पण कोई कूटनीतिक सफलता नहीं है, यह बीजेपी की एक चाल है, जिससे जनता के मुद्दों को भटकाया जा सके। तहव्वुर राणा को आखिरकार गुरुवार शाम को भारत लाया गया। एयरपोर्ट से सीधे राणा को पटियाला हाउस कोर्ट लाया गया। अदालत ने राणा को एएनआई की 18 दिन की हिरासत में भी भेज दिया है। । फिलहाल वो एनआईए हेडक्वार्टर में है। उससे एनआईए लगातार पूछताछ कर रही है । जल्द ही इसके परिणाम देश के सामने आ जाएंगे।

# आतंकी तहव्वुर राणा को भारत लाए जाने पर सिब्बल ने चिदंबरम को दिया क्रेडिट

### कहा- 'तब गृहमंत्री थे'



नई दिल्ली, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। 2008 के मुंबई आतंकी हमले (26/11 के आरोपी तहव्वुर राणा से राष्ट्रीय जांच एजेंसी एनआईए पूछताछ कर रही है। राणा को गुरुवार (10 अप्रैल) को भारत लाया गया। इसको लेकर वरिष्ठ वकील और राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने कहा कि मैं सरकार को मुबारकबाद देता हूं कि आज तहव्वुर राणा को हिंदुस्तान लाया गया और एनआईए को 18 दिन की कस्टडी दी गई। उन्होंने कहा, "यूपीए सरकार के दौरान ही एनआईए का गठन हुआ था। चिदंबरम तब होम मिनिस्टर थे। एक केस रजिस्टर हुआ। डेविड कोलमैन हेडली और तहव्वुर राणा के खिलाफ। तहव्वुर राणा की गिरफ़्तारी शिकागों में हुई। कुछ आरोपों में उसको रिहा कर दिया गया था। ये पहले पाकिस्तान आर्मी में था फिर कनाडा की नागरिकता ले ली थी। हमने इसका विरोध किया और हमने हिरासत में लेने का प्रयास किया।"

**2009 में चार्जशीट दाखिल की गयी- कपिल सिब्बल**

सिब्बल ने कहा, "2009 में चार्जशीट दाखिल की गयी। एनआईए की टीम अमेरिका पंहुची और इस दौरान हेडली हिरासत में था। और हमारी रिक्वेस्ट पर एनआईए की टीम को पूछताछ करने का मौक़ा मिला। इस दौरान पता चला कि तहव्वुर राणा ने भारत में एक इमिग्रेशन सेंटर खोला। तहव्वुर राणा ने तब कहा कि हेडली इसके हेड होंगे। इसके चलते दो साल हेडली यहां आता रहा। ये पूरी साजिश थी। जो एनआईए की पूछताछ में सामने आयी थी।" उन्होंने कहा, "इसके बाद प्रत्यर्पण की लगातार कोशिश होती रही। लेकिन अब ये सफलता मिल पायी। यूपीए सरकार और मौजूदा सरकार दोनों की कोशिश रही कि आज तहव्वुर राणा भारत लाया जा सका है।"

**डेविड हेडली को भारत लाना चाहते थे- कपिल सिब्बल**

कपिल सिब्बल ने कहा, "जहां जहां भी टेरिज्म है, वहां सरकारों को मिलकर आवाज उठानी चाहिए, लेकिन सरकारें सेलेक्टिव हो गई है। डेविड हेडली को हम चाहते थे, हिन्दुस्तान लाया जाए। वो डबल एजेंट था। प्री बार्गेनिंग मे उसे 35 साल की सजा हुई इस मामले में अमेरिका को भी हम दोषी मानते हैं, जो हुआ दुरूस्त हुआ, आतंकवाद का मिलकर मुकाबला करना चाहिए।" उन्होंने कहा, "जो सरकार टेररिज्म के खिलाफ लड़ना चाहती है, उसे सलेक्टिव नहीं होना चाहिए। सरकार को इसपर फास्टट्रैक करके जल्द सुनवाई करने की व्यवस्था करनी चाहिए। कस्टोडियल पूछताछ से ये भी पता चल जाएगा कि पाकिस्तान के कौन कौन से लोग शामिल थे।" सिब्बल ने कहा, "यूपीए सरकार की ही कोशिश थी कि हेडली से एनआईए को पूछताछ के दौरान सबकुछ मिला। जो कोर्ट में सुबूत के तौर पर रखा जायेगा। हिलेरी क्लिंटन से भी सरकार ने तब इस मामले में मुलाक़ातें की है। तमाम कोशिशें तब की गयी थी, जिसका आज नतीजा सामने आया है। हमें इस बात पर खुश होना चाहिए कि उसे भारत लाया जा सका है। इस पर राजनीति नहीं होनी चाहिये।"

## 12 अप्रैल से 3 दिन बंद रह सकते हैं कक्षा 12वीं तक के सभी स्कूल




नई दिल्ली, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। दिल्ली, यूपी, बिहार, मध्य प्रदेश समेत देश के सभी राज्यों में 14 अप्रैल के दिन सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूल बंद रहेंगे। इस छुट्टी से पहले सभी स्कूल 12 और 13 अप्रैल को भी बंद रह सकते क्योंकि इस दिन महीने का दूसरा और रविवार है। ऐसे में बच्चे व उनके अभिभावक चाहे तो वे कई भी घूमने जा सकते हैं, या फिर किसी रिश्तेदार के घर जा सकते हैं। जानकारी दे दें कि इस 3 दिन में सिर्फ बच्चों की ही नहीं बल्कि उनके नौकरीपेशा पैरेंट्स की भी छुट्टी रहेगी।

**क्यों रहेगी छुट्टी?**

जानकारी दे दें कि 12 अप्रैल से बच्चों व उनके पैरेंट्स की छुट्टी शुरू होगी, जो 14 अप्रैल तक रहेगी। ऐसे में वे कहीं भी बाहर जाने का प्लान बना सकते हैं। 12 को अप्रैल माह का दूसरा शनिवार है, लेकिन इस दिन कुछ राज्यों में ही सभी स्कूल बंद रहते हैं। फिर 13 अप्रैल को रविवार है इस कारण इस दिन भी स्कूल बंद रहेंगे। 13 तारीख को बैसाखी भी है। इसी के बाद 14 अप्रैल दिन सोमवार को आंबेडकर जयंती मनाई जाएगी। यह गैजेटेड छुट्टी है यानी कि इस दिन सभी राज्यों के स्कूल बंद रहने अनिवार्य है। ऐसे में बच्चों के पास यह 3 दिन हैं जिसमें वह मौज-मस्ती कर सकते हैं। जानकारी दे दें कि कई राज्यों में नए एकेडमिक सेशन शुरू हो गए है, इस कारण बच्चों के एडमिशन भी शुरू हैं। अप्रैल माह में ही 18 तारीख को स्कूल बंद रहेंगे क्योंकि इस दिन गुड फ्राइडे हैं। इस दिन सभी राज्यों में सरकारी, प्राइवेट स्कूल और कॉलेज बंद रहेंगे।

## प्रॉपटी डीलर की गोली मारकर हत्या बीच सड़क 8 से 10 राउंड फायरिंग

नई दिल्ली, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। बाहरी दिल्ली के पश्चिम विहार में शुक्रवार सुबह बदमाशों ने फॉर्च्यूनर कार सवार एक शख्स की गोली मारकर हत्या कर दी। बदमाशों ने 8 से 10 राउंड गोलियां चलाई। पुलिस घायल चालक को पास के अस्पताल में लेकर गई। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि मरने वाले का प्रॉपर्टी डिलिंग का काम था। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं दूसरी तरफ बीते रात दिल्ली के मुस्तफाबाद इलाके गोलीबारी हुई। पुलिस के मुताबिक कल रात करीब 10 बजे थाना दयालपुर में गोलीबारी की घटना की सूचना मिली थी। सूचना मिलने पर पुलिस की एक टीम तुरंत गली नंबर 15, मुस्तफाबाद में पहुंची। मौके पर फोन करने वाले अतीक अहमद ने बताया कि उनके बेटे मेहराज (25 साल) को कुछ अज्ञात हमलावरों ने गोली मार दी है। मेहराज घायल हो गया और उसे जीटीबी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। थाना दयालपुर में बीएनएस की धारा 109(1)/3(5) और आर्म्स एक्ट की धारा 27/54/59 के तहत मामला दर्ज किया गया है और जांच जारी है। एसीपी गोकुलपुरी और एसएचओ दयालपुर मौके पर मौजूद हैं। क्राइम टीम और एफएसएल घटनास्थल का गहन निरीक्षण कर रही है। आरोपियों की पहचान और उन्हें पकड़ने के लिए टीमें लगाई गई हैं।

# सूरत में आवासीय इमारत की तीन मंजिलों में लगी आग, 18 लोगों को बचाया गया

सूरत, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। गुजरात के सूरत में शुक्रवार तड़के सुबह एक बहुमंजिली इमारत में आग लग गई। भीषण आग के चलते कुछ लोग उपरी की मंजिलों पर फंस गए। जिसके बाद दमकल कर्मियों ने छत पर फंसे 18 लोगों को बचाया। सूरत के मेयर दक्षेश मवानी ने बताया कि आग सुबह करीब 8 बजे शहर के वेसु इलाके में स्थित बहुमंजिला हैप्पी एक्सेलेंसिया इमारत की सातवीं मंजिल पर लगी और जल्द ही इसने दो और ऊपरी मंजिलों को अपनी चपेट में ले लिया। अचानक लगी आग से भगदड़ मच गई। आग से बचने के लिए कुछ लोग उपरी मंजिलों की ओर भागे। मवानी ने बताया, सूरत की दमकल ने निवासियों को इमारत से नीचे उतरने में मदद की। छत पर फंसे अठारह लोगों को भी बचाया गया। आग पर काबू पा



लिया गया है। घटना में कोई घायल नहीं हुआ। इमारत के सामने रहने वाले गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी मौके पर पहुंचे और बचाव अभियान की निगरानी की।

**आग से बचने के चक्कर में छत पर फंसे**

बचाए गए एक निवासी ने बताया कि कई लोग धुएं और लपटों से बचने के लिए छत पर चले गए। घने धुएं के कारण सीढ़ियों से नीचे उतरना असंभव था। इसलिए हम लोग छत पर चले गए। दमकल कर्मियों ने पहले आग बुझाई और फिर हमारे चेहरे पर गीले तौलिये लपेटकर हमें नीचे उतारा। संघवी ने बताया कि जब मेरे घर के पास की इमारत में आग लगी तो मैं उस वक्त अपने बगीचे में जॉगिंग कर रहा था। उन्होंने बताया कि दमकल कर्मियों ने पहले 40 निवासियों को सीढ़ियों से नीचे उतरने में मदद की और फिर बाकी लोगों को छत से बचाया। संघवी ने बताया, इमारत के कई निवासी मुझे जानते हैं। करीब 50 दमकल कर्मी और पांच अग्निशमन वाहन मौके पर पहुंचे। उन्होंने छत पर फंसे 18 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला।

## सीवर लाइन के गड्ढे में काम कर रहे 2 मजदूरों की मौत, हादसे के बाद ठेकेदार फरार

नरसिंहपुर, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। दिल्ली और सोनीपत के बाद अब मध्य प्रदेश के नरसिंहपुर जिले में सिविल लाइन के गड्ढे में काम करने वाले मजदूरों के साथ हादसा हो गया, जहां गड्ढे में काम करते हुए दो मजदूरों की दर्दनाक मौत हो गई। इस दर्दनाक हादसे ने लोगों को झकझोर कर रख दिया है। स्टेशन गंज थाना क्षेत्र स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज के सामने सीवर लाइन के गड्ढे में उतरे दो मजदूरों की मौत हो गई। यह हादसा उस समय हुआ, जब दोनों मजदूर सीवर लाइन के सुधार कार्य में लगे थे। घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम मणिन्द्र कुमार, थाना प्रभारी और नगर पालिका सीएमओ मौके पर पहुंचे। मृतकों की पहचान चिनकी उमरिया के रहने वाले 24 वर्षीय दीपक पटेल, किसानी वार्ड के रहने वाले 51 वर्षीय जितेंद्र यादव के रूप में हुई है। दोनों मजदूरों के शवों को जिला अस्पताल के पोस्टमार्टम हाउस में रखा गया है। प्रशासन का कहना है कि मौत की असल वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही सामने आ पाएगी। हादसे के बाद से ही सीवर लाइन निर्माण कार्य कराने वाला ठेकेदार अपना मोबाइल बंद कर घटनास्थल से फरार है। यह कार्य अर्बन डेवलपमेंट सोसाइटी के अंदर चल रहा था और इसकी देखरेख एक प्राइवेट कंपनी कर रही थी। स्थानीय लोगों का आरोप है

# अजित पवार की पार्टी एनसीपी के नेता छगन भुजबल की महाराष्ट्र सरकार को चेतावनी

### कहा- 'तो करेंगे भूख हड़ताल'



मुंबई, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। एनसीपी नेता छगन भुजबल ने कहा कि अगर पुणे में महान समाज सुधारक महात्मा फुले के स्मारक में बदले जा रहे फुले वाडा के काम में तेजी नहीं लाई गई तो वह भूख हड़ताल कर सकते हैं। भुजबल शुक्रवार को फुले की जयंती पर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा करने के लिए यहां आए थे। उन्होंने कहा कि हम ज्योतिबा और सावित्रीबाई फुले को समर्पित स्मारक के विस्तार के लिए जमीन की मांग कर रहे हैं। जब भूमि अधिग्रहण की बात आती है तो कई चीजें होती हैं। फुले वाडा में काम शून्य गति से चल रहा है।

उन्होंने कहा कि सरकार से पूछा जाना चाहिए कि जब भी इस जगह की बात आती है तो उन्हें हमारे विरोध की जरूरत क्यों पड़ती है। छगन भुजबल ने आगे कहा, मुख्यमंत्री और उप-मुख्यमंत्री काम कर रहे हैं, लेकिन अधिकारी नहीं कर रहे हैं। हालांकि, मैं सत्तारूढ़ पार्टी का हिस्सा हूं, लेकिन मैं सिर्फ एक विधायक हूं। इसलिए मैं भूख हड़ताल करने के लिए स्वतंत्र हूं।

उन्होंने फुले फिल्म को लेकर विवाद पैदा करने की बात को भी खारिज कर दिया। एनसीपी नेता ने कहा कि फिल्म के पीछे के लोगों ने मुझे बताया है कि किसी की भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचेगी, क्योंकि उन्होंने महात्मा ज्योतिराव फुले के बारे में सबकुछ पढ़ा है। दो पक्ष हैं। ब्राह्मण समुदाय के कुछ सदस्यों ने फुले का विरोध किया, जबकि कुछ ने उनकी मदद की। उन्होंने कहा कि इतिहास को इतिहास के रूप में ही प्रस्तुत किया जाना चाहिए। अनंत महादेवन द्वारा निर्देशित फिल्म फुले, जो 11 अप्रैल को सिनेमाघरों में आने वाली थी, की रिलीज दो सप्ताह के लिए टाल दी गई है।

## गुजरात के वनतारा की तरह महाराष्ट्र में सूर्यतारा बनाने का प्लान

### वन मंत्री ने अनंत अंबानी को लिखा पत्र



मुंबई, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में वन मंत्रालय गुजरात के वंतारा के तर्ज पर सूर्यतारा बनाने का विचार कर रहे हैं। महाराष्ट्र के वन मंत्री ने अनंत अंबानी को पत्र लिखकर अपना प्लान बताया है। महाराष्ट्र सरकार थाणे में सूर्यतारा बनाने पर विचार कर रही है। महाराष्ट्र के वन मंत्री गणेश नाईक ने बताया कि महाराष्ट्र सरकार विचार कर रही है कि गुजरात के वंतारा के तर्ज पर महाराष्ट्र में सूर्य तारा का निर्माण किया जाए। जिस तरीके से गुजरात में अनंत अंबानी ने जानवर के लिए अस्पताल बनाया और दुनिया भर से जख्मी-बीमार बहुत सारे प्राणी वहां पर रखे गए हैं। महाराष्ट्र के वन मंत्री ने अनंत अंबानी पत्र लिखा है। इसमें कहा गया है कि गुजरात के जामनगर में जिस तरीके से वंतारा बनाया, उसी तरह महाराष्ट्र में सूर्यतारा बनाया जाये। इसकी शुरुआत महाराष्ट्र के थाणे में होगी। महाराष्ट्र के हर रीजन में वंतारा, सूर्यतारा और जितने भी तारे होंगे वह सब बनाने का प्रयास किया जाएगा। महाराष्ट्र के वन मंत्री गणेश नाईक ने नागपुर में पत्रकारों के साथ बातचीत करते हुए इसकी जानकारी दी। महाराष्ट्र के वन मंत्री ने कहा कि जल्दी गुजरात के वंतारा जैसे वन जीव अभ्यारण और बचाव केंद्र पर काम किया जाएगा।

## बंगाल में अभया जैसा मामला: नाबालिग के साथ घर में घुसकर दुष्कर्म, प्राइवेट पार्ट में डाली नुकीली चीज

कोलकाता, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल के पूरबा मेदिनीपुर जिले में एक अभया जैसा मानवता को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। दुष्कर्मी ने पांचवीं कक्षा में पढ़ने वाली नाबालिग छात्रा के साथ घर में घुसकर बेरहमी से दुष्कर्म किया और उसके गुदाद्वार में नुकीली चीज डाल दी। नाबालिग का ऑपरशन किया गया है। बच्ची की हालत नाजुक बताई जा रही है। मंताज हुसैन नामक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। अस्पताल का दौरा करने के बाद बंगाल भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष फाल्गुनी पात्र ने कहा, बंगाल में मुख्यमंत्री एक खुद महिला हैं, लेकिन यहां बेटियां ही सुरक्षित नहीं है। उन्होंने कहा, हमें पता चला है कि दुष्कर्मी के साथ और भी लोग थे, अगर पुलिस ने उनको गिरफ्तार नहीं किया तो भाजपा महिला मोर्चा आगामी दिन में विशाल आंदोलन करेगी। जानकारी के मुताबिक पूरबा मेदिनीपुर के कोलाघाट विधानसभा क्षेत्र गोपालनगर इलाके में रहने वाली एक 11 वर्षीय नाबालिग के साथ मंताज नामक युवक ने घर में घुसकर बेहरमी के साथ दुष्कर्म किया। दुष्कर्मी ने नाबालिग के गुदाद्वार में कांटा चम्मच डाल दिया। किसी तरह से परिजनों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। बच्ची का ऑपरेशन किया गया है और हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक मंताज नाबालिक की बड़ी बहन से एक तरफा प्यार करता था। जब उसने उसका प्रेम निवेदन ठुकरा दिया तो वह अपने कई साथियों के साथ दो अप्रैल को उसके घर पहुंचा। लेकिन घर पर बड़ी बहन नहीं थी। सूत्रों के मुताबिक घर पर नाबालिग थी, उसे कुछ सुंघाकर मुंताज ने उसके साथ बेरहमी के साथ दुष्कर्म किया। इतना ही नहीं, उसने नाबालिग के गुदाद्वार में बेरहमी से काटा चम्मच भी घुसा दिया। परिजनों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। बच्ची का ऑपरेशन किया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष फाल्गुनी पात्र ने कहा, अब बंगाल में महिलाएं और बेटियां घरों में ही सुरक्षित नहीं हैं। जबकि प्रदेश की मुख्यमंत्री खुद एक महिला हैं। इससे शर्म की बात और नहीं हो सकती। एक नाबालिग बच्ची जीवन और मरण के बीच झूल रही है। यह बड़ा दर्दनाक है। आज अस्पताल में नाबालिग से मिलने के बाद पात्र ने कहा, इस मामले में पुलिस की भूमिका भी संदेह के घेरे में है। 2 को मामला हुआ और तीन दिन बाद एफआईआर हुआ। इसके छह दिन पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया। जबकि हमें पता चला है कि उसके साथ अन्य लड़के भी थे। जब तक सभी आरोपी गिरफ्तार नहीं हो जाते, हम शांत नहीं बैठेंगे।

## चिकन के ऑर्डर से पकड़ा गया फर्जी डॉक्टर, एक ऑर्डर ने पहुंचाया जेल

दमोह, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के दमोह से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक चिकन की वजह से 7 लोगों की हत्या करने वाला कातिल डॉक्टर पकड़ा गया है। इस हत्यारे डॉक्टर को पकड़ने के लिए पुलिस पिछले काफी समय से कोशिश कर रही थी, जो आखिरकार चिकन की वजह से पुलिस के हत्थे चढ़ा। पुलिस ने बिना देरी के दमोह के फर्जी डॉक्टर नरेंद्र विक्रमादित्य यादव उर्फ एन जॉन केम को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि उन्हें साइबर सेल से डॉक्टर की लोकेशन प्रयागराज में मिली। दरअसल, फर्जी डॉक्टर ने चिकन शॉप पर ऑर्डर किया और वहां अपनी लोकेशन भेजी, जो स्पेशल पुलिस टीम के हाथ लग गई। सूचना मिलते ही दमोह पुलिस की यह स्पेशल टीम प्रयागराज पहुंच गई और फर्जी डॉक्टर को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले की जांच कर रहे पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने बताया कि फर्जी डॉक्टर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। सीएमएचओ और जबलपुर मेडिकल कॉलेज की टीम अभी दस्तावेजों की जांच कर रही है। जांच की रिपोर्ट में फर्जी पाए जाने के बाद ही यह साबित होगा कि डॉक्टर एन जॉन केम डॉक्टरी पेशे के लायक था या नहीं। इस दौरान एसपी सोमवंशी ने मिशन हॉस्पिटल मैनेजमेंट पर कार्रवाई करने को लेकर कहा कि फिलहाल अभी मामले की जांच की जा रही है। इस मामले में जो भी दोषी होगा, उस पर कार्रवाई होगी। हालांकि, गुरुवार की शाम को राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग की जांच की रिपोर्ट सामने आई। इसके बाद जिला प्रशासन को मिशन अस्पताल का कैथ लैब सील करने का निर्देश दिया गया है। निर्देश मिलने के तुरंत बाद ही कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश देकर मिशन अस्पताल का कैथ लैब सील कर दिया। यह वही कैथ लैब है, जहां फर्जी डॉक्टर एन जॉन केम ने इन लोगों की हार्ट सर्जरी की थी।

# 'पीरियड्स में दलित छात्रा को क्लास से बाहर बैठाया'

### स्कूल प्रिंसिपल सस्पेंड लेकिन क्या मां भी जिम्मेदार?



चेन्नई, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। पीरियड्स शायद एक ऐसा टॉपिक है जिस पर अब बहुत हद तक बात की जा सकती है, कई लोगों को यह लगने लगा है कि पीरियड्स को लेकर किसी भी तरह की धारणा और रूढ़िवादी सोच से हम आजाद हो गए हैं, लेकिन हाल ही में तमिलानाडु के कोयंबटूर से आया केस बताता है कि अभी भी पीरियड्स को लेकर हम काफी आगे नहीं पहुंच पाए हैं।

अकसर टीवी पर पीरियड्स के एडवरटाइजमेंट के दौरान आपने देखा होगा कि परीक्षा में पीरियड्स से आप परेशान न हो और आराम से एग्जाम दे सके इसके लिए इस ब्रांड का पेड यूज करें, लेकिन क्या हो अगर 8वीं क्लास की 13 साल की बच्ची को पहली बार पीरियड्स आए और उसको क्लास से बाहर सीढ़ियों पर बैठ कर एग्जाम देना पड़े। हाल ही में कोयंबटूर के एक प्राइवेट स्कूल से ऐसा ही वीडियो सामने आया है। जहां 13 साल की दलित छात्रा को पीरियड्स के चलते क्लास से बाहर सीढ़ियों पर बैठकर एग्जाम देना पड़ा।

**स्कूल प्रिंसिपल सस्पेंड**

इस केस के सामने आने के बाद जांच शुरू कर दी गई है। साथ ही स्कूल की प्रिंसिपल पर भी एक्शन लिया गया है।

स्कूल एजुकेशन के शिक्षा मंत्री अंबिल महेश पोय्यामोझी ने कहा, डिपार्टमेंट बच्ची के साथ खड़ा है। स्कूल की प्रिंसिपल को निलंबित कर दिया गया है। हालांकि, इस केस में बच्ची की मां को लेकर एक ऐसा एंगल सामने आया है जो हैरान कर देता है और सवाल पूछने पर मजबूर कर देता है कि क्या इस मामले में बच्ची की मां भी जिम्मेदार थी?

**क्या मां भी थी जिम्मेदार**

मंत्री ने कहा, निजी स्कूल के खिलाफ विभागीय जांच शुरू कर दी गई है।

हालांकि, शुरुआती जांच में एक ऐसा खुलासा हुआ है जो आपको हैरान कर देगा। दरअसल, प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यह छात्रा की मां ही थी जिसने बेटी के पहले पीरियड्स के चलते स्कूल प्रबंधन से छात्रा के लिए एक अलग व्यवस्था करने का अनुरोध किया था।

**पुलिस ने लिया एक्शन**

इस मामले के चलते कोयंबटूर पुलिस ने देर रात की कार्रवाई में स्कूल के कॉरस्पॉडेंट सहित तीन लोगों के खिलाफ अत्याचार निवारण (एससी/एसटी) अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। इस घटना से काफी आक्रोश फैल गया और कई कार्यकर्ताओं ने छात्रा को क्लास से बाहर बैठाकर एग्जाम देने के स्कूल के फैसले पर सवाल उठाए हैं। इसी के साथ सोशल मीडिया पर भी सामने आई वीडियो के बाद इस हरकत को लेकर कई सवाल उठाए जा रहे हैं। लोगों में स्कूल को लेकर भी गुस्सा है।

## पंजाब कांग्रेस में स्लीपर सेल्स

### पार्टी नेताओं पर कार्रवाई की चेतावनी वड़िंग बोले- संगठन से तत्काल बाहर करेंगे

चंडीगढ़, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। अब पंजाब कांग्रेस में मौजूद स्लीपर सेल्स की पहचान की जाएगी। पार्टी को रणनीतिक तौर पर नुकसान पहुंचा रहे इन स्लीपर सेल्स को चिह्नित कर संगठन से निष्कासित किया जाएगा। पार्टी की विचारधारा को खत्म करने और अन्य पार्टियों से मिले नेताओं और कार्यकर्ताओं पर कार्रवाई की जाएगी। ये बातें प्रदेशाध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने अहमदाबाद में दो दिवसीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अधिवेशन से लौटने के बाद मीडिया से बातचीत में कहीं। उन्होंने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और पार्टी के सीनियर लीडर राहुल गांधी के बयान को आधार बनाते हुए शब्द कहे। उन्होंने कहा कि जो पार्टी के साथ घात कर रहा हो, उसे संगठन से तत्काल बाहर कर देना चाहिए। वड़िंग ने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी ने उनसे विस्तार में बातचीत की। जिला अध्यक्षों की भूमिका के बारे में वड़िंग ने कहा कि उन्हें और सशक्त बनाया जाएगा और उन्हें पार्टी की विभिन्न गतिविधियों के लिए जिम्मेदार भी बनाया जाएगा। वड़िंग ने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि चुनाव के लिए उम्मीदवारों के चयन में भी उनकी भूमिका होगी। पीसीसी अध्यक्ष ने विश्वास जताया कि कांग्रेस वापसी कर रही है और जल्द ही पूरे देश में कई आश्चर्यजनक चीजें होंगी। वड़िंग ने तरनतारन में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी के एक सरपंच द्वारा कथित तौर पर पंजाब पुलिस के सब इंस्पेक्टर की निर्मम हत्या की भी निंदा की। उन्होंने बताया कि अहमदाबाद में आयोजित दो दिवसीय एआईसीसी सत्र में कांग्रेस पार्टी ने विभिन्न फसलों पर एमएसपी की कानूनी गारंटी प्रदान करने के अपने संकल्प की पुष्टि करते हुए एक विशेष प्रस्ताव पारित किया है।

सुविचार

ईश्वरीय नियमों का पालन करने पर आप समझ सकते हैं कि प्रेम कैसे किया जाता है।

# रिकॉर्ड तोड़ संपत्ति कर एकत्र किया:आयुक्त

## राजस्व अधिकारी, बिल संग्रहकर्ता, कर निरीक्षक, एएमसी और डिप्टी कमिश्नर सम्मानित



हैदराबाद, 11 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। जीएचएमसी आयुक्त इलांबर्ती ने आज कहा कि ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) ने रिकॉर्ड तोड़ संपत्ति कर संग्रह हासिल करके इतिहास रच दिया है। उन्होंने कहा कि फील्ड अधिकारियों ने 2,000 करोड़ रुपये से अधिक का संपत्ति कर एकत्र करने में शानदार काम किया है। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए जीएचएमसी द्वारा रिकॉर्ड तोड़ संपत्ति कर एकत्र करने के मद्देनजर, इसके लिए कड़ी मेहनत करने वाले राजस्व अधिकारियों, बिल संग्रहकर्ताओं, कर निरीक्षकों, एएमसी और डिप्टी कमिश्नरों के लिए शुक्रवार को बंजारा हिल्स स्थित बंजारा भवन में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए, आयुक्त इलमबर्थी ने कहा कि उन्हें बहुत खुशी है कि इस वर्ष कर संग्रह रिकॉर्ड स्तर पर लक्ष्य से अधिक रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि कर संग्रह जितना अधिक होगा, लोगों को उतनी ही बेहतर सेवाएं प्रदान की जाएंगी। उन्होंने कहा कि लोगों के लिए बुनियादी ढांचे का निर्माण करने और विभिन्न विकास कार्यों के माध्यम से सतत विकास हासिल करने के लिए कर संग्रह उचित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि संपत्ति कर बकाया पर वन टाइम सेटलमेंट (ओटीएस) योजना के कार्यान्वयन के अच्छे परिणाम मिले हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस वर्ष सबसे अधिक कर संग्रह प्राप्त हुआ क्योंकि अधिकारियों और उनके संबंधित कर्मचारियों ने करदाताओं का विशेष ध्यान रखा और उन्हें प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर, आयुक्त ने विभिन्न श्रेणियों के प्रत्येक कर्मचारी और अधिकारी को बधाई दी, जिन्होंने पूरी जिम्मेदारी और समर्पण के साथ करों के संग्रह में भाग लिया। उन्होंने कहा कि इस साल पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 121 करोड़ रुपये से अधिक अतिरिक्त संपत्ति कर एकत्र किया गया।

उन्होंने खुलासा किया, "पिछले वित्तीय वर्ष 2023-2024 में, संपत्ति कर 1917 करोड़ रुपये एकत्र किया गया था, जबकि वित्तीय वर्ष 2024-2025 में 2038 करोड़ रुपये से अधिक एकत्र किया गया था।" उन्होंने कहा कि इस साल संपदा विभाग से राजस्व में भी वृद्धि हुई है।

इस अवसर पर आयुक्त ने सर्वाधिक कर वसूली करने वाले बिल संग्राहकों, कर वसूली निरीक्षकों, उपायुक्तों, एएमसी तथा जोनल आयुक्तों को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर बधाई दी। उन्होंने बताया कि इस वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए संपत्ति कर वसूली का अनुमानित लक्ष्य 3,000 करोड़ रुपये है। कार्यक्रम में अपर आयुक्त अनुराग जयंती, वेणुगोपाल रेड्डी, रघु प्रसाद, वेणुगोपाल, सम्राट अशोक, सरोजा, जोनल आयुक्त हेमंत केशव पाटिल, उपेंद्र रेड्डी, रविकिरण, वेंकन्ना, सीसीपी श्रीनिवास, संयुक्त आयुक्त महेश कुलकर्णी, उपायुक्त, कर निरीक्षक, एएमसी, बिल संग्राहक, आईटी विभाग के अधिकारी व अन्य लोग शामिल हुए।

# 3.18 करोड़ मूल्य के 1060 मोबाइल फोन बरामद

## चोरी हुए मोबाइल फोन संबंधित मालिकों को सौंपे गए



हैदराबाद, 11 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। डीसीपी क्राइम एल.सी. नाइक की देखरेख में साइबराबाद पुलिस की सीसीएस, आईटी सेल और सोशल मीडिया टीमों ने मोबाइल फोन रिकवरी का छठा चरण सफलतापूर्वक पूरा किया। पिछले 45 दिनों में, उन्होंने सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर (सीईआईआर) पोर्टल का उपयोग करके 1,060 चोरी हुए और खोए हुए मोबाइल फोन का पता लगाया और उन्हें बरामद किया। बरामद किए गए फोन, जिनकी कीमत 3.18 करोड़ है, को आज शुक्रवार साइबराबाद कमिश्नर ऑफिस में उनके असली मालिकों को सौंप दिया गया। डीसीपी ने जोर देकर कहा, मोबाइल फोन हमारे दैनिक जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिनमें महत्वपूर्ण जानकारी और यादगार यादें होती हैं। चोर बेरहम होते हैं, इसलिए पुलिस को भी उनकी रिकवरी के प्रयासों में उतनी ही दृढ़ता दिखानी चाहिए। बहुत से लोगों के शिक्षित होने के बावजूद, बहुत कम लोग इस बात से अवगत हैं कि चोरी हुए मोबाइल का दुरुपयोग कैसे रोका जाए। अपनी कॉलोनियों और सामुदायिक क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाना सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अत्यधिक लाभकारी है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे अपने खोए हुए मोबाइल फोन की रिपोर्ट या तो अपने नजदीकी पुलिस स्टेशन में या सीधे सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से करें, जो सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में ऑनलाइन उपलब्ध है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि सीईआईआर पोर्टल का उपयोग करने से चोरी हुए फोन के दुरुपयोग को रोकने और उनकी शीघ्र बरामदगी में मदद मिलती है।कार्यक्रम के दौरान, डीसीपी क्राइम ने जोन-वार बरामदगी का विवरण साझा किया जिसमें सीसीएस माधापुर ने 245 फोन, सीसीएस बालानगर ने 225, सीसीएस मेडचल ने 200, सीसीएस राजेंद्रनगर ने 205 और सीसीएस शमशाबाद ने 185 फोन बरामद किए। प्राप्तकर्ताओं ने अपनी खुशी व्यक्त की और पुलिस को उनकी त्वरित और कुशल कार्रवाई के लिए धन्यवाद दिया। एक प्राप्तकर्ता ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा, "दो महीने पहले, मैं सुबह-सुबह कुकटपल्ली बाज़ार गई थी, जहाँ मेरा मोबाइल फ़ोन खो गया था। उस समय, मुझे यकीन था कि मैं इसे कभी वापस नहीं पाऊँगी। मैंने नज़दीकी पुलिस स्टेशन में इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई, और मुझे आश्चर्य हुआ कि साइबराबाद पुलिस ने इसे तुरंत बरामद कर लिया और मुझे वापस कर दिया। मैं साइबराबाद पुलिस के उल्लेखनीय प्रयासों के लिए उनका वास्तव में आभारी हूँ।" एक अन्य प्राप्तकर्ता ने साझा किया, "मैंने दो महीने पहले अपने बच्चे को स्कूल छोड़ने के बाद घर लौटते समय अपना मोबाइल फ़ोन खो दिया था। पुलिस ने मेरा विनम्रतापूर्वक स्वागत किया और मुझे आश्वासन दिया कि वे इसे वापस पाने का प्रयास करेंगे। इसके तुरंत बाद, उन्होंने मुझे सूचित किया कि मेरा फ़ोन मिल गया है और उसे वापस कर दिया जाएगा। मैं साइबराबाद पुलिस की त्वरित प्रतिक्रिया के लिए उनका वास्तव में आभारी हूँ।" डीसीपी क्राइम एल.सी.नाइक ने मोबाइल फोन बरामद करने में उत्कृष्ट कार्य के लिए सीसीएस एसीपी के. शशांक रेड्डी, आईटी सेल इंस्पेक्टर अंजनेयुलु, माधापुर सीसीएस इंस्पेक्टर संजीव, राजेंद्रनगर सीसीएस इंस्पेक्टर प्रशांत, शमशाबाद सीसीएस इंस्पेक्टर पवन, बालानगर सीसीएस इंस्पेक्टर राजू, मेडचल सीसीएस इंस्पेक्टर दलिनायडू, सोशल मीडिया एसआई शशिधर के साथ-साथ एएसआई, हेड कांस्टेबल, महिला पुलिस कांस्टेबल, आईटी सेल टीम और सीसीएस टीम के प्रयासों की सराहना की।

# तेलंगाना मिस वर्ल्ड प्रतियोगियों को काकतीय वैभव और रामप्पा मंदिर दिखाएगा

## सचिवालय में हुई महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक

हैदराबाद, 11 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना पर्यटन सचिव स्मिता सबरवाल ने शुक्रवार को सचिवालय में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की, जिसमें उन्होंने आगामी मिस वर्ल्ड महोत्सव की योजनाओं के बारे में बात की, जिसमें 14 मई को मिस वर्ल्ड प्रतियोगियों के लिए उत्सुकता से प्रतीक्षित काकतीय विरासत और वारंगल दौरा शामिल है। बैठक में तेलंगाना की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और विश्व स्तरीय आतिथ्य को वैश्विक दर्शकों के सामने प्रदर्शित करने के लिए निर्बाध व्यवस्था सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। वारंगल में विरासत पर्यटन के दौरान काकतीय राजवंश और यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल रामप्पा मंदिर की स्थापत्य कला को उजागर करने के लिए रसद, सुरक्षा और क्यूरेटेड अनुभवों पर चर्चा की गई। सबरवाल ने परंपरा को आधुनिकता के साथ मिलाते हुए तेलंगाना को एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में प्रस्तुत करने के महत्व पर जोर दिया। मिस वर्ल्ड महोत्सव से अंतरराष्ट्रीय ध्यान आकर्षित करने की उम्मीद है, जो राज्य की जीवंत संस्कृति, व्यंजनों और ऐतिहासिक स्थलों को बढ़ावा देने के लिए एक मंच प्रदान करेगा। पर्यटन विभाग



स्थानीय अधिकारियों और हितधारकों के साथ मिलकर काम कर रहा है ताकि प्रतियोगियों और आगंतुकों के लिए एक यादगार अनुभव सुनिश्चित किया जा सके, जिससे तेलंगाना की वैश्विक पर्यटन अपील को और बढ़ावा मिले। इस समीक्षा बैठक में तेलंगाना पर्यटन निगम के एमडी एन प्रकाश रेड्डी, टीजी संगीत नाटक अकादमी की अध्यक्ष अलेख्या पुंज्याला, संस्कृति निदेशक एम हरिकृष्णा, हनमाकोंडा कलेक्टर प्रवीण्या, मुलुगु कलेक्टर दिवाकर, मुलुगु एसपी शबरीश, युवा सेवा निदेशक डॉ वासम वेंकटेश्वरलु, मिस वर्ल्ड के प्रतिनिधि और इवेंट मैनेजर और पुलिस अधिकारी शामिल हुए।

# गोंदिया - बलहारशाह दोहरीकरण परियोजना से महाराष्ट्र, तेलंगाना और छत्तीसगढ़ राज्यों को लाभ

हैदराबाद, 11 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। रेल, संचार और आईटी, सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि गोंदिया - बलहारशाह दोहरीकरण परियोजना जिसे केंद्रीय कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है, यात्री और माल परिवहन दोनों के मामले में उत्तरी और दक्षिणी राज्यों के बीच आवागमन में बहुत मदद करेगी। गोंदिया-बल्हारशाह के बीच 240 रूट किलोमीटर की दूरी के लिए दोहरीकरण परियोजना 4,819 करोड़ रुपये की लागत से शुरू की जा रही है। अश्विनी वैष्णव, रेल मंत्री और देवेंद्र फडणवीस, मुख्यमंत्री, महाराष्ट्र राज्य ने आज वर्चुअल माध्यम से मुंबई में मीडिया कर्मियों को संबोधित किया। भारतेश कुमार जैन, मंडल रेल प्रबंधक, सिकंदराबाद मंडल, दक्षिण मध्य रेलवे के साथ मंडल के वरिष्ठ



अधिकारियों ने सिकंदराबाद के संचालन भवन में वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाग लिया।

उन्होंने यह भी कहा कि इस दोहरीकरण परियोजना से महाराष्ट्र राज्य के विदर्भ और मराठवाड़ा क्षेत्रों और उत्तरी तेलंगाना क्षेत्र के कई जिलों में आर्थिक गतिविधियों में सुधार होगा। इस परियोजना के पूरा होने पर महाराष्ट्र के गोंदिया, भंडारा, गढ़चिरौली, चंद्रपुर जिले और तेलंगाना के कोमाराम आसिफाबाद जिले को काफी लाभ होगा। गोंदिया-बल्हारशाह के बीच के खंड में 29 स्टेशन, 36 पुल, 338 छोटे पुल और 67 आरयूबी हैं।

यह परियोजना पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने के अलावा काजीपेट-बल्हारशाह ग्रैंड ट्रंक मार्ग के माध्यम से अधिक माल और यात्री ट्रेनों के संचालन में भी मदद करती है।

बाद में, माननीय रेल मंत्री ने महाराष्ट्र से संबंधित 132 स्टेशनों के बारे में एक संक्षिप्त पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन दिया, जिन्हें अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत विकसित किया जा रहा है और भारतीय रेलवे में 1300 स्टेशनों को पुनर्विकास के लिए लिया गया है, उन्होंने कहा। बाद में, सिकंदराबाद डिवीजन के डिवीजनल रेलवे मैनेजर भरतेश कुमार जैन ने गोंदिया-बल्हारशाह के बीच स्वीकृत दोहरीकरण परियोजना के लाभों और बल्हारशाह जंक्शन से गुजरने वाली ट्रेनों के लिए बेहतर कनेक्टिविटी के संदर्भ में इसके उपयोग के बारे में जानकारी दी, जो एससीआर क्षेत्राधिकार के लिए इंटर-चेंज पॉइंट है।

# डोमलगुड़ा शाखा के द्वारा रथ यात्रा का स्वागत आज

हैदराबाद, 11 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन द्वारा महाराजा श्री अग्रसेन जी और माँ लक्ष्मी की हरियाणा से प्रारंभ हुई अखंड रथ यात्रा का स्वागत, आज शनिवार 12 अप्रैल को अग्रवाल समाज , तेलंगाना की डोमलगुड़ा शाखा के द्वारा किया जाएगा। सांय 6:30 बजे एडवोकेट कॉलोनी स्थित श्री रोशन लाल मित्तल के कार्यालय परिसर के बाहर रथ का आगमन होगा जहां शाखा के पदाधिकारी, सदस्य, परिजन एवं अन्य अग्रबंधु , मां लक्ष्मी और महाराजा श्री अग्रसेन जी की पूजा अर्चना और आरती करेंगे। शाखा के उपमंत्री प्रतीक अग्रवाल ने इस अवसर पर शाखा के सभी सदस्यों और अन्य अग्रबंधुओं से सह परिवार उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

# मंत्रियों ने सिरसिल्ला में शीर्ष स्तरीय परिधान निर्माण सुविधा का शुभारंभ किया



सिरसिल्ला, 11 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। राजन्ना सिरसिल्ला जिले में स्थित पेद्दुर अपैरल पार्क में शुक्रवार को आधिकारिक तौर पर एक अत्याधुनिक परिधान निर्माण सुविधा, पंक्चुएट वर्ल्ड प्राइवेट लिमिटेड का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन मंत्री श्रीधर बाबू, तुम्मला नागेश्वर राव और पोन्नम प्रभाकर द्वारा संयुक्त रूप से किया गया, जिसमें 102 करोड़ रुपये का प्रारंभिक निवेश किया गया। उद्घाटन के बाद, कंपनी में पद प्राप्त करने वाली महिलाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। यह सुविधा वर्तमान में 1,600 महिलाओं को रोजगार प्रदान करती है, और अगले तीन वर्षों में 2,000 अतिरिक्त नौकरियां पैदा करने की योजना है। यह कारखाना सालाना 70 लाख से अधिक परिधानों का उत्पादन करता है और संयुक्त राज्य अमेरिका और यूनाइटेड किंगडम सहित अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में 300 करोड़ रुपये के उत्पादों का निर्यात करता है।

कार्यक्रम के दौरान, आईटी और उद्योग मंत्री दुदिल्ला श्रीधर बाबू ने इस बात पर जोर दिया कि राज्य सरकार मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के मार्गदर्शन में तेलंगाना के व्यापक विकास की दिशा में लगन से काम कर रही है सिरिसिल्ला के निवासियों में एक मजबूत सामाजिक जागरूकता है। यह क्षेत्र ज्ञान और चेतना से भरपूर है। कई प्रमुख हस्तियों ने इसी धरती से अपने रास्ते शुरू किए हैं। मंत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने लगातार बुनकरों का समर्थन किया है और उनके कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। पहले की सरकारें उनकी आवश्यकताओं को पूरा करने में विफल रहीं, खोखले आश्वासनों के अलावा कुछ नहीं दिया।

लगभग डेढ़ साल पहले, इस उद्योग के नेतृत्व ने हमसे संपर्क किया। हमने तब से उनके सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान किया है और इस क्षेत्र के विकास को बढ़ावा दिया है। "पिछली सरकारों ने वेमुलावाड़ा मंदिर के विकास में कोई सार्थक कदम नहीं उठाया। इसके विपरीत, वर्तमान कांग्रेस सरकार वास्तव में इसकी प्रगति के लिए समर्पित है और इसके संवर्धन के लिए विशिष्ट वित्तीय संसाधन आवंटित किए हैं।

# पूर्व सरपंचों ने मांग को लेकर किया अर्धनग्न प्रदर्शन

हैदराबाद, 11 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य भर के पूर्व सरपंचों ने शुक्रवार को ज्योतिराव फुले प्रजा भवन के सामने अर्धनग्न प्रदर्शन किया और राज्य सरकार से उनके लंबे समय से लंबित बिलों का भुगतान करने की मांग की। पूर्व सरपंचों ने आरोप लगाया कि बार-बार अपील के बावजूद कांग्रेस सरकार बिलों का भुगतान नहीं कर रही है और न ही हमारी समस्याओं का समाधान कर रही है।

तेलंगाना सरपंच एसोसिएशन संयुक्त कार्रवाई समिति के तत्वावधान में यह विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रजा भवन में जब प्रजावाणी कार्यक्रम चल रहा था, तब संयुक्त कार्रवाई समिति के सदस्य सरकार को एक और ज्ञापन सौंपने के लिए कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। कई सरपंचों ने निजी धन खर्च करके और निजी ऋणदाताओं से उच्च ब्याज दरों पर ऋण लेकर अपने-अपने गांवों में कई विकास कार्य किए थे। संयुक्त कार्रवाई समिति के अध्यक्ष एस यादैया गौड़ ने शिकायत की कि सरकार द्वारा लंबित बिलों का भुगतान न किए जाने के कारण कुछ सरपंचों ने आत्महत्या भी कर ली है।

यादैया गौड़ ने कहा कि पूर्व सरपंचों द्वारा की गई सभी आत्महत्याएं कांग्रेस सरकार द्वारा की गई हत्याएं हैं। सरकार के खिलाफ नारे लगाते हुए उन्होंने मांग की कि उनके बिलों का जल्द से जल्द भुगतान किया जाए।

# मेदक में फांसी पर लटका मिला 25 वर्षीय व्यक्ति

मेदक, 11 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। मेदक शहर के औरंगाबाद इलाके में गुरुवार को 25 वर्षीय एक व्यक्ति अपने घर में फांसी पर लटका हुआ पाया गया। पुलिस के अनुसार, अदेपु धनराज कथित तौर पर गहरे वित्तीय संकट में था। जब उसके परिवार के सदस्य किसी समारोह में भाग लेने के लिए घर से बाहर गए, तो वह वहीं रुक गया और कहा जाता है कि उसने यह कदम उठाया। उसके माता-पिता और पत्नी, जो बाद में घर लौटे, ने उसे छत से लटका हुआ पाया। उसके परिवार में उसकी पत्नी और चार महीने का बेटा है। मामला दर्ज कर लिया गया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए मेदक के सरकारी अस्पताल ले जाया गया है।



# शर्ट की बटन बंद करने को कहा तो वकील ने जज से की अभद्रता

## छह महीने के लिए जेल भेजा गया



लखनऊ, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने जजों के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने के आरोपी वकील अशोक पांडेय को आपराधिक अवमानना में दोषसिद्ध करते हुए छह माह के साधारण कारावास व दो हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनायी है। कोर्ट ने दोषी वकील को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट लखनऊ के समक्ष आत्मसमर्पण के लिए चार सप्ताह का समय दिया है। इसके साथ ही कोर्ट ने वकील को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए यह भी पूछा है कि क्यों न उसे तीन वर्ष के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट और लखनऊ पीठ में प्रैक्टिस करने से रोक दिया जाए। न्यायमूर्ति विवेक चौधरी व न्यायमूर्ति बृजराज सिंह की खंडपीठ ने यह आदेश अधिवक्ता अशोक पांडेय के विरुद्ध आपराधिक अवमानना मामले में पारित किया है। मामले का 18 अगस्त 2021 को कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया था। कोर्ट ने आदेश में कहा कि अधिवक्ता अशोक पांडेय जनहित याचिका की सुनवाई में बिना यूनिफॉर्म के पहुंचे थे। इस पर पूछे जाने पर अशोक पांडेय ने कहा कि चूंकि वर्तमान याचिका उन्होंने ही दाखिल की है, लिहाजा उन्हें यूनिफॉर्म पहनने की आवश्यकता नहीं है। न्यायालय ने उनसे अपने शर्ट की बटन बंद करने को भी कहा। इस पर अशोक पांडेय उग्र हो गए व आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग करने लगे। उन्हें कोर्ट रूम से निकालने की चेतावनी दी गई तो उन्होंने कहा कि यदि कोर्ट के पास ताकत है तो उन्हें बाहर करे। आदेश में कहा गया कि अशोक पांडेय ने सुनवाई कर रहे जजों को कहा कि वे गुंडों की तरह बर्ताव कर रहे हैं। कोर्ट ने अपने आदेश में अशोक पांडेय द्वारा पूर्व में भी किए गए आपत्तिजनक व्यवहारों का भी वर्णन किया है।

### पहले भी वकील के हाईकोर्ट में प्रवेश पर लग चुकी है रोक

फैसले में कहा गया है कि अशोक पांडेय को पूर्व में भी इसी हाईकोर्ट ने तीन माह कारावास व दो हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। दो साल के लिए हाईकोर्ट परिसर में घुसने पर रोक भी लगाई है। शीर्ष अदालत ने कारावास की सजा को अस्थायी तौर पर निलंबित कर दिया था, लेकिन कोर्ट परिसर में घुसने पर रोक को बरकरार रखा था।

## शाहजमाल वक्फ संपत्तिः एक रुपये गज में जमीन दे बसा दिए 45 हजार परिवार

# अब सताने लगी मालिकाना हक की चिंता




अलीगढ़, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। वक्फ संशोधन बिल के बाद अब वक्फ संपत्तियों के मालिकाना हक की चिंता उन पर रह रहे लोगों को सताने लगी है। अपने अलीगढ़ जिले में सरकारी रिकार्ड में दर्ज 1216 वक्फ संपत्तियां हैं। मगर सबसे बड़ा सवाल शाहजमाल की सबसे बड़ी उस वक्फ संपत्ति को लेकर है। जिस पर 1 रुपये प्रतिगज के पट्टों के जरिये 45 हजार से अधिक परिवार बसा दिए गए। प्रशासन ने अपने कई सर्वे में इन 45 हजार मकानों को कब्जा माना। मगर आज तक उन पर कोई निर्णय नहीं हुआ। अब कानून बदलाव के बाद उनके भविष्य पर क्या निर्णय होगा? ये सवाल उस आबादी में ज्वलंत है। सरकारी रिकार्ड के अनुसार वक्फ नंबर 63 पर दर्ज दरगाह हजरत सम्शुल आरफीन शाहजमाल कब्रिस्तान की संपत्ति जिले की कुल 1216 वक्फ संपत्तियों में सबसे बड़ी संपत्ति है। इस संपत्ति का किस कदर बंदरबाट हुआ है कि 250 कच्चा बीघा से अधिक खाली जमीन सिकुड़ कर चंद टुकड़ों में रह गई। इस पर कब्जे की शुरुआत 1971-72 के आसपास हुई। उस समय के मुतवल्ली ने यहां 1 रुपये प्रतिगज के हिसाब से कमजोर/गरीब वर्ग को छोटे प्लाटों के 99 साल के पट्टे किए। शुरुआत में झोपड़ियां बनीं। फिर कच्ची इबारत और बाद में मकान-बिल्डिंगें खड़ी हो गईं। पट्टों के सहारे मकान बनाने वालों ने नगर निगम को गृहकर देकर गृहकर की रसीद लीं। उसकी मदद से बिजली संयोजन, अन्य पहचान पत्र, मतदाता कार्ड आदि से उनकी पहचान बन गई। शाहजमाल वक्फ संपत्तियों पर कब्जे को लेकर पूर्व में गई रिपोर्ट पर कोई निर्देश आया था इसकी जानकारी नहीं है। अब बदली स्थितियों को लेकर जो भी निर्देश प्राप्त होंगे उसके अनुसार कार्रवाई तय की जाएगी। जानकार बताते हैं कि पट्टे के आधार पर बसे परिवारों में जब पीढ़ी बदली और भाइयों के बीच बंटवारे हुए तो जमीन का बंटवारा नहीं हुआ। न बैनामा हुआ। बल्कि उस जमीन पर बने कच्चे या पक्के मकान के मलबे का बैनामा या बंटवारा हुआ। उसी मलबे की वसीयत तैयार हुई। क्योंकि पट्टे के मकान या प्लाट का बैनामा नहीं होता, बल्कि उस पर बने भवन के मलबे का बैनामा होगा। उसी बैनामे के आधार पर लोग अब मालिकाना हक भी जताने लगे हैं। शाहजमाल कब्रिस्तान के 2017 से मुतवल्ली मुईन अहमद बताते हैं कि उनके कार्यकाल में सिर्फ एक 150 गज के प्लाट पर कब्जा हुआ, जिसकी शिकायत कर कार्रवाई कराई गई। मुईन बताते हैं कि कब्जे या पट्टे के जो भी मामले हैं, वे हमसे पहले के हैं। इन्हें लेकर वक्फ ट्रिब्युनल और स्थानीय अदालतों में मुकदमे चल रहे हैं। उन पर हम पैरोकारी कर रहे हैं। प्रशासनिक सर्वे में 45 हजार कब्जे माने गए। जिन पर कार्रवाई की संस्तुति भी समय समय पर मांगी गई। मगर आज तक कोई जवाब नहीं आया। अब बदली स्थितियों में क्या तय होगा। इसका हमें भी इंतजार है।

### 'उनकी सोच ही जंगलराज' जदयू प्रदेश अध्यक्ष ने साधा तेजस्वी यादव पर निशाना

पटना, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने राजद पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि राजद तो अपराधियों का पनाहगाह रहा है। सत्ता में रहते हुए अपराध को बढ़ावा देना और अपराधियों को संरक्षण देना राजद की राजनीतिक संस्कृति का हिस्सा रहा है। आपराधिक घटनाओं पर सवाल उठाने से पहले नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। जदयू प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि चूंकि विपक्ष के पास जनसरोकार से जुड़ा कोई ठोस मुद्दा नहीं है इसलिए इक्का-दुक्का घटनाओं को बढ़ा-चढ़ाकर पेश कर राजनीतिक एजेंडा गढ़ने की राजद नाकाम कोशिश कर रहा है। हालांकि, बिहार की जागरूक जनता विपक्ष की राजनीतिक असलियत और उसका चाल, चरित्र और चेहरा भली-भांति पहचानती है।

## नई नवेली दुल्हन का छिपकर बनाया वीडियो, फिर फेसबुक पर डाला

### ब्लैकमेल कर मांगे सोने-चांदी के गहने

भदोही, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के भदोही में पुलिस ने 25 साल की एक नवविवाहिता से अश्लील हरकत करने और चोरी छिपे उसका अश्लील वीडियो बनाकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर वायरल करने के आरोप में एक युवक और उसके परिजनों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि यह मामला सदर कोतवाली ज्ञानपुर के एक गांव का है। उन्होंने कहा कि महिला की तहरीर पर युवक प्रवेश राय, उसके पिता सुनील, माता राजकुमारी और मामा सुजीत राय के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया।

तहरीर के मुताबिक, महिला का पति रोजी रोटी के सिलसिले में अक्सर बाहर रहता है और गांव के ही प्रवेश राय का अकेले रह रही पीड़ित महिला के घर आना-जाना था। पुलिस ने बताया कि प्रवेश ने चोरी से महिला की कुछ आपत्तिजनक फोटो और वीडियो बनाकर उसे फेसबुक और इंस्टाग्राम पर वायरल कर दिया। उन्होंने बताया कि प्रवेश राय ने अपने पिता सुनील राय और माता राजकुमारी को एक दिन महिला के घर भेजा जहां उन दोनों ने अश्लील फोटो और वीडियो के आधार पर महिला को ब्लैकमेल करके उससे सोने-चांदी के आभूषण देने की मांग की। महिला ने अपनी इज्जत बचाने के लिए अपने पास रखे लाखों के जेवरात प्रवेश के माता -पिता को दे दिया। इसके बाद भी प्रवेश महिला के घर आकर उसके साथ अश्लील हरकत करता था और महिला के पति और एक छोटे बच्चे की हत्या करने की धमकी देता था।

# भाजपा जश्न में नहीं, कार्रवाई में करती है विश्वास

## तहव्वुर राणा मामले में बोले गिरिराज सिंह



बेगूसराय, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। केंद्रीय मंत्री और बेगूसराय के सांसद गिरिराज सिंह ने कहा है कि केंद्र की मोदी सरकार बयानबाजी में विश्वास नहीं करती है, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी काम और कार्रवाई में विश्वास रखते हैं। विपक्ष के इस आरोप पर कि तहव्वुर राणा को लेकर बीजेपी जश्न मना रही है, बीजेपी के फायरब्रांड नेता और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा, "चाहे तहव्वुर राणा हो या तसव्वुर राणा हो, जो भी आतंकवादी घटना कांग्रेस के समय में घटी थी, 26-11-2008 में, नरेंद्र मोदी ने अमेरिका से पकड़कर ऐसे आतंकवादियों को लाने का काम किया। अब इससे कई परत उठेंगे। पाकिस्तान की गुंडागर्दी, पाकिस्तान में पल रहे गिरोह का पर्दा उठेगा।"

### 'हम जश्न उस दिन मनाएंगे जिस दिन'

बेगूसराय में पत्रकारों से बात करते हुए केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा, "मोदी जी का संकल्प है, चाहे देश के अंदर उग्रवादी हों या आतंकवाद हो इसकी समाप्ती होगी। देश के अंदर कहीं आतंकवादी घटना नहीं हो रही है। पहले कभी तमिलनाडु, कभी आंध्र तो कभी मुंबई में होती थी। मोदी जी आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस हैं। हम जश्न नहीं मनाते। हम कार्रवाई करते हैं। नरेंद्र मोदी कार्रवाई करते हैं। देश के लिए करते हैं। अमन-चैन के लिए करते हैं। ये कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस पार्टी के चाहने वाले लोगों को बर्दाश्त नहीं हो रहा है। इंडी गठबंधन के लोगों को शर्म से डूब जाना चाहिए। हम जश्न नहीं मनाते, एक-एक पाई का हिसाब लेते हैं। हम जश्न उस दिन मनाएंगे जिस दिन कांग्रेस का खात्मा हो जाएगा।"

### ममता बनर्जी पर दिया बड़ा बयान

इस सवाल पर कि बंगाल में वक्फ बोर्ड को लेकर हिंसा हो रही है। इस पर बीजेपी नेता ने कहा कि बंगाल की घटना निंदनीय और सोचनीय है। बंगाल में जो घटना घट रही है सरकार द्वारा हो रही है। ममता बनर्जी चाहती हैं कि मुसलमान इतना आतंक मचाएं कि हिंदू डरा हुआ महसूस कर रहा और करे। ममता बनर्जी ही हिंदुओं को तबाह और बर्बाद करने पर जुटी हैं। ममता बनर्जी बंगाल को बांग्लादेश बनाना चाह रही हैं। इसी राह पर चल रही हैं। उनके प्रशासन में कोई सुरक्षित नहीं है। बंगाल के लोग डर और खौफ में जी रहे हैं। बंगाल के मुसलमान भी ममता बनर्जी से अब छुटकारा पाना चाहते हैं।

### 'नपुंसक हो गया पति', बॉडी बनाने के चक्कर में लगाता था ये इंजेक्शन; एफआईआर में मायावती की भतीजी का बड़ा दावा

हापुड़, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री व बसपा सुप्रीमो मायावती की भतीजी ने दहेज उत्पीड़न के मामले में अपनी सास हापुड़ नगर पालिकाध्यक्ष पुष्पा देवी, ससुर श्रीपाल सिंह समेत सात लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि आरोपी दहेज में 50 लाख रुपये और इंदिरापुरम में फ्लैट की मांग कर रहे थे। इसके साथ जेठ व ससुर पर दुष्कर्म के प्रयास और पिटाई का भी आरोप लगाया है। पुलिस द्वारा कार्रवाई न करने पर कोर्ट के आदेश पर यह मुकदमा दर्ज किया गया है। मुकदमा दर्ज होने के बाद बसपा जिलाध्यक्ष डॉ. एके कर्दम ने आरोपी दंपती व उनके पुत्र को पार्टी से निष्कासित कर दिया है।

# शादी नहीं होने पर भी साथ रह सकता है

## अलग-अलग धर्म मानने वाला एडल्ट कपल- हाई कोर्ट



प्रयागराज, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने दो अलग-अलग धर्म मानने वाले महिला-पुरुष को दंपति के रूप में साथ रहने के एक मामले में कहा कि संविधान के तहत बालिग दंपति एक साथ रह सकते हैं, भले ही उन्होंने विवाह नहीं किया हो। इस दंपति से पैदा हुई बच्ची द्वारा दायर रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति शेखर बी। सराफ और न्यायमूर्ति विपिन चंद्र दीक्षित की पीठ ने कहा, ''इस बच्ची के मां-बाप अलग-अलग धर्मों से हैं और 2018 से साथ रह रहे हैं। यह बच्ची एक साल चार महीने की है। बच्ची की मां के पहले के सास-ससुर से उसके (बच्ची के) मां-बाप को खतरे की आशंका है।''

### कोर्ट ने फैसले में क्या-क्या कहा?

कोर्ट ने आठ अप्रैल के अपने फैसले में कहा, ''हमारे विचार से संविधान के तहत वे मां-बाप जो वयस्क हैं, साथ रहने के हकदार हैं। भले ही उन्होंने विवाह नहीं किया हो।'' कोर्ट ने संभल के पुलिस अधीक्षक को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि अगर बच्ची के मां-बाप थाना से संपर्क करें तो उनकी प्राथमिकी चंदौसी थाना में दर्ज की जाए। कोर्ट ने पुलिस अधीक्षक को इस पहलू को भी देखने के लिए कहा कि कि क्या कानून के मुताबिक बच्ची और उसके मां-बाप को कोई सुरक्षा उपलब्ध कराने की जरूरत है।

### पति की मौत के बाद अन्य पुरुष के साथ रहती थी महिला

उल्लेखनीय है कि इस मामले में पति की मौत के बाद महिला एक अन्य व्यक्ति के साथ रहने लगी, जिससे इस बच्ची का जन्म हुआ। यह रिट याचिका इस बच्ची द्वारा अपने माता-पिता की ओर से संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत दायर की गई थी। बच्ची के माता-पिता ने दलील दी कि पुलिस उनकी प्राथमिकी दर्ज करने की इच्छुक नहीं है और जब भी वे प्राथमिकी दर्ज कराने थाने जाते हैं, तो उनके साथ बदसलूकी की जाती है।

### पत्नी का कत्लः लाश को घसीटकर इसलिए घर के पीछे ले गया पति...फिर किया ऐसा काम, जिससे हत्या का किसी को शक न हो

मथुरा, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। मथुरा के थाना जमुनापार क्षेत्र के गांव सुखदेवपुर में बृहस्पतिवार रात एक पति ने पत्नी की पीट-पीटकर हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को घर के पीछे स्थित खेत में गड्ढा कर दफना दिया। मृतका के देवर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी पति को हिरासत में लेने के साथ ही शव को गड्ढे से निकलवाया है। सुखदेवपुर निवासी विजय कुमार शराब पीने का आदी है। इसके चलते उसका पत्नी से आए दिन विवाद होता था। बृहस्पतिवार रात को भी दोनों के बीच हुए विवाद के बाद विजय ने अपनी पत्नी रेखा (28) की पीट-पीटकर हत्या कर दी।

# 'तुम्हारा पागल तुमसे दूर जा रहा' हाथ काटकर इंस्टाग्राम पर किया पोस्ट

## पुलिस ने ऐसे बचाई दिल टूटे आशिक की जान

गाजीपुर, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के गाजीपुर से सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां के एक युवक ने अपनी प्रेमिका से नाराज होकर इंस्टाग्राम पर जहर खाकर जान देने की धमकी दी। इतना ही नहीं उसने अपना हाथ काटकर पोस्ट अपलोड कर दी। इसकी जानकारी सोशल मीडिया सेल डीजीपी ऑफिस को लगी। जिसके बाद जिले की मीडिया सेल को इससे अवगत कराया गया। पुलिस ने पोस्ट करने वाले युवक की शिनाख्त कर उसकी काउंसिलिंग कर उसे उसके परिजनों को सौंपा। पुलिस की इस पहल की खूब तारीफ हो रही है। प्यार में धोखा खाये युवक ने अपना हाथ काटकर इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट अपलोड कर दिया, जिसमें लिखा हुआ "माफ करना मम्मी पापा और मेरे भाइयों इतना बड़ा धोखा हम नहीं बर्दाश्त कर पा रहे हैं। आज आप सभी लोगों से बहुत दूर जा रहा हूं, हो सके तो मुझे माफ कर दें" पोस्ट देखने के बाद सोशल मीडिया सेल डीजीपी ऑफिस से तत्काल जिले के मीडिया सेल को अवगत कराया गया। यहां की मीडिया सेल की सूचना पर खानपुर थाना पुलिस तत्काल सक्रिय हुई और सुसाइड का प्रयास करने वाले युवक से संपर्क किया। युवक की पहचान उचौरी थाना खानपुर निवासी एक 18 वर्षीय युवक के रूप में हुई। पुलिस उसके पास पहुंची और युवक का इलाज कराया। उसकी काउंसलिंग कर दोबारा ऐसा कृत्य न करने की हिदायत देते हुए उसके उसके परिजनों की सुपुदर्गी में दे दिया। जानकारी के मुताबिक, मामला 9 अप्रैल का है। जब 18 साल के युवक ने अपनी प्रेमिका से किसी बात से नाराज होकर अपने इंस्टाग्राम एकाउंट पर जीवन लीला समाप्त करने का पोस्ट डाला। जिसमें उसने जहर खाने और हाथों के नस को काटने की बात लिखी थी। इस पोस्ट को सोशल मीडिया के जरिये डीजीपी कार्यालय लखनऊ से ट्रेस किया और इसकी जानकारी गाजीपुर पुलिस को दी गई।मामला गाजीपुर के खानपुर थाना के उचौरी गांव का निकला। जहां का रहने वाला युवक इंस्टाग्राम पर इस तरह का पोस्ट डालकर सुसाइड करने का प्रयास करने वाला था। इसके बाद इसकी जानकारी खानपुर थाने को दी गई।

# बिहार चुनाव से पहले मायावती का बड़ा दांव नीतीश सरकार को घेरा, ये मांग मानेगी सरकार?



लखनऊ, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने एक प्रेस कांफ्रेंस में केंद्र सरकार और बिहार सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने बोधगया महाबोधि मंदिर प्रबंधन कानून 1949 और हाल ही में संसद से पारित हुए वक्फ कानून में किए गए बदलावों पर कड़ी आपत्ति जताई और दोनों मामलों में सरकार से तत्काल संशोधन की मांग की। मायावती ने कहा कि बोधगया का महाबोधि मंदिर बौद्ध धर्म का सबसे पवित्र तीर्थ स्थल है, लेकिन वहां की देखरेख और पूजा-पाठ में गैर-बौद्धों की भागीदारी बौद्ध समुदाय की आस्था के साथ अन्याय है। उन्होंने कहा कि 1949 के कानून में मंदिर प्रबंधन समिति में चार हिन्दू और चार बौद्ध प्रतिनिधियों को शामिल किया गया था, जिसकी वजह से विवाद बढ़ा है। मायावती ने इस कानून को धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांतों के खिलाफ बताया और मांग की कि मंदिर की पूरी ज़िम्मेदारी सिर्फ बौद्ध भिक्षुओं और अनुयायियों को दी जाए।

### वक्फ पर भी बोलीं मायावती

उन्होंने हाल ही में पारित वक्फ कानून में गैर-मुस्लिमों को वक्फ बोर्ड का सदस्य बनाने के प्रावधान को भी अनुचित करार दिया और कहा कि इससे मुस्लिम समाज में भारी रोष है। बीएसपी प्रमुख ने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि वक्फ कानून को फिलहाल स्थगित कर उस पर पुनर्विचार किया जाए। प्रेस कांफ्रेंस की शुरुआत में मायावती ने 14 अप्रैल को आने वाली बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने दलितों और वंचितों को सम्मान की ज़िंदगी दिलाने के लिए अपने जीवन का हर पल समर्पित किया। लेकिन अफसोस की बात है कि आज भी उनके द्वारा दिए गए संवैधानिक अधिकारों का पूरा लाभ इन वर्गों को नहीं मिल रहा। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि बाबा साहेब ने 14 अक्टूबर 1956 को बौद्ध धर्म ग्रहण किया था, जिसे अब कुछ लोग "सनातनी" बनाने की कोशिश कर रहे हैं, जो चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के सिद्धांतों पर चलकर ही 14 अप्रैल 1984 को बीएसपी की स्थापना की गई थी और पार्टी आज भी उनके अधूरे मिशन को पूरा करने के लिए संघर्ष कर रही है। अंत में मायावती ने देश और देशवासियों की सुरक्षा पर भी बात की। उन्होंने कहा कि आतंकी गतिविधियों के खिलाफ केंद्र और राज्य सरकारों को राजनीति से ऊपर उठकर सख्त कदम उठाने चाहिए, ताकि भारत और भारतीयों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। बीएसपी प्रमुख ने केंद्र सरकार से सभी विवादित मामलों में ईमानदारी और संवेदनशीलता से काम लेने की अपील की है।

### गैंगरेप का केस कर डराती, टारगेट पर थे मेयर बरेली की महिला की साजिश से पुलिस भी हैरान; कैसे पकड़ी गई?

बरेली, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के बरेली की एक महिला ने खुद को गोली लगने और गैंगरेप का झूठा दावा कर पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की। पुलिस ने जांच में पाया कि महिला ने झूठा मुकदमा दर्ज कराया था। इतना ही नहीं उसने डॉक्टर के जरिए अपने शरीर को सुन्न कर गोली प्लांट करवाई। इस मामले में पुलिस ने महिला, एक वार्ड बॉय और एक डॉक्टर को गिरफ्तार किया है। पूर्व में भी महिला पर झूठा मुकदमा दर्ज कराने का आरोप था। पुलिस ने इस मामले में वैज्ञानिक साक्ष्यों का इस्तेमाल किया और घटना का पर्दाफाश किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने तत्काल जांच के आदेश दिए थे, जिसके बाद गठित विशेष टीम ने मामले का खुलासा किया है। घटना 29 मार्च 2025 की है, जब थाना कोतवाली क्षेत्र में आरोपी महिला ने सूचना दी कि उसे पांच अज्ञात लोगों ने गैंगरेप का शिकार बनाया और गोली मार दी।

# बिहार में लेडी डॉक्टर की मौत के 14 साल बाद हाईकोर्ट का फैसला- 93 लाख मुआवजा दे बीमा कंपनी




पटना, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। वर्ष 2011 में बस और कार की टक्कर में एक डॉक्टर की मौत हो गयी थी। बिहार के भागलपुर से बांका के अमरपुर जाते समय डॉक्टर प्रीति सिंघानिया की सड़क हादसे में जान चली गयी थी। मृतका के परिवार को पटना हाईकोर्ट ने अब बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने बीमा कंपनी को निर्देश दिया कि वह वाहन दुर्घटना में जान गंवाने वाली डॉक्टर प्रीति के परिजनों को 93 लाख रुपए का भुगतान मुआवजा के तौर पर कर दे। पटना हाईकोर्ट के जज रमेश चंद मालवीय की एकलपीठ ने डॉक्टर प्रीति सिंघानिया की सड़क हादसे में हुई मौत के बाद उनके पति और दो नाबालिग बेटियों को मुआवजा देने के संबंध में निची अदालत के फैसले को आंशिक रूप से संशोधित किया और मुआवजा राशि को 95,52,620 से घटाकर 93,14,550 रुपए कर दिया। डॉ। प्रीति के पति डॉ। अमर कुमार और दो बेटियों ने मोटर वाहन दावा न्यायाधिकरण में मुआवजा के लिए याचिका दायर की थी।

### सड़क हादसे में गयी थी डॉक्टर की जान

दरअसल, 19 मई 2011 को भागलपुर से अमरपुर आने के दौरान बस और कार की टक्कर में डॉक्टर प्रीति की मौत हुई थी। उनके ड्राइवर की भी मौत हो गयी थी। डॉ। प्रीति सरकारी अस्पताल में डॉक्टर थीं। कोर्ट ने यह माना कि मृतका की वार्षिक आय सरकारी वेतन और निजी प्रैक्टिस से 9,31,454 रुपए थी। उम्र 39 होने के कारण 15 का गुणक लागू करते हुए कुल क्षतिपूर्ति 93,14,550 रुपए तय की गयी।

### बीमा कंपनी की दलील और कोर्ट का निर्देश

बीमा कंपनी ने कोर्ट को बताया कि मृतका के पति खुद डॉक्टर हैं इसलिए वे आश्रित नहीं माने जा सकते हैं। इसपर कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के कई फैसलों का हवाला दिया और स्पष्ट किया कि कानूनी प्रतिनिधि के तौर पर पति भी मुआवजा पाने के हकदार हैं। भले ही वे आर्थिक रूप से स्वतंत्र हों। कोर्ट ने यह भी कहा कि निजी प्रैक्टिस से हुई आय को आयकर रिटर्न के आधार पर प्रमाणित किया गया है। जिसे नकारा नहीं जा सकता है। कोर्ट ने दो महीने के अंदर पीड़ित परिवार को भुगतान करने का निर्देश बीमा कंपनी को दिया है।

### 'मेरे भाई से शादी नहीं करोगी तो मरोगी' शादी से इनकार पर युवक के बड़े भाई ने लड़की को मारी गोली

लखनऊ, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। लखनऊ के पारा इलाके में सतीश और अंशिका का घर आमने-सामने है। सतीश की मां कमलेशा नवरात्र पर बेटे संदीप यादव का रिश्ता उनकी बेटी अंशिका के लिए लाई थीं, पर उन्होंने मना कर दिया था। शादी के लिए मना करना सतीश को नागवार गुजरा। रात कमलेशा सतीश के साथ एक बार फिर बातचीत करने अंशिका के घर गई। बातचीत न बनने पर दोनों पक्षों में बहस हो गई। इसका विरोध करते हुए अंशिका बाहर निकली तभी सतीश ने उस पर असलहे से गोली मार दी। अंशिका मौके पर ही गिर गई। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। परिजन तुरंत अंशिका को हॉस्पिटल ले गए, जहां उसका इलाज चल रहा है। अंशिका की मां अशोक कुमारी की तहरीर पर सतीश यादव, उसके भाई संदीप यादव, पिता राम सिंह, मां कमलेशा, रिश्तेदार काकोरी निवासी प्रदीप यादव और दो अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या की कोशिश का केस दर्ज किया गया है।

# 'फौजी हूं हार नहीं मानूंगा'

## कारगिल जंग लड़ी, 10 की जान बचाई, अब हक की लड़ाई लड़ रहा पूर्व फौजी हरजिंदर



चंडीगढ़, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। कारगिल युद्ध जिसे कारगिल संघर्ष के नाम से भी जाना जाता है। मई से जुलाई 1999 तक भारत और पाकिस्तान के बीच लद्दाख (तत्कालीन जम्मू और कश्मीर) के कारगिल जिले और नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास लड़ा गया था। इस जंग में भारत ने पड़ोसी मुल्क के नापाक इरादों को पस्त करते हुए विजय हासिल की थी। हमारे बहादुर सिपाहियों ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए दुश्मनों को अपनी सरजमीं से खदेड़ा था।

आठ जून, 1999 को कारगिल युद्ध के दौरान एक बम विस्फोट में गंभीर रूप से घायल हुए सिपाही हरजिंदर सिंह आज भी न्याय के लिए संघर्ष कर रहे हैं। पंजाब के लुधियाना जिले के माछीवाड़ा के गांव बहलोलपुर के रहने वाले हरजिंदर सिंह को 2003 में चिकित्सीय रूप से अयोग्य घोषित कर उन्हें सेना से सेवानिवृत्त कर दिया गया। तब से वह केंद्र सरकार और रक्षा मंत्रालय के खिलाफ अपने अधिकारों और लाभों के लिए सर्वोच्च न्यायालय में कानूनी लड़ाई लड़ रहे हैं। हरजिंदर सिंह का कहना है कि फौजी हूं अपने हक की लड़ाई लड़ूंगा और हार नहीं मानूंगा। सिपाही हरजिंदर सिंह ने बताया कि 8 जून, 1999 को माला सेक्टर में एक पाकिस्तानी बम हमले में उनकी रीढ़ की हड्डी की पांच कशेरुकाएं टूट गईं। उनके पैर, हाथ और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं।

# 'लंबित विधेयकों पर चर्चा के लिए अफसरों को नहीं बुला सकते राज्यपाल', राज्यमंत्री ने गर्वनर को घेरा



कोलकाता, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। तमिलनाडु के बाद अब पश्चिम बंगाल में विधेयकों को रोके जाने पर विवाद खड़ा हो गया है। पश्चिम बंगाल के संसदीय कार्य मंत्री सोवनदेब चट्टोपाध्याय ने विधेयकों को रोकने पर गर्वनर सीवी आनंद बोस को घेरा है। संसदीय कार्य मंत्री सोवनदेब चट्टोपाध्याय ने कहा कि राज्यपाल के पास लंबित विधेयकों पर चर्चा के लिए अधिकारियों को बुलाने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि संविधान में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि राज्यपाल के पास विधेयकों को अनिश्चित काल तक रोके रखने का अधिकार नहीं है। अगर किसी विधेयक को लेकर कोई कानूनी चिंता है तो राज्यपाल सरकार को लिख सकते हैं। लेकिन संविधान में कहीं भी यह नहीं लिखा है कि वह अधिकारियों को बुला सकते हैं या चर्चा कर सकते हैं। मैंने संविधान को कई बार पढ़ा है। राज्यपाल सीवी आनंद बोस कहा था कि उन्होंने अपने पास लंबित कुछ विधेयकों को मंजूरी देने से पहले विभिन्न विभागों के अधिकारियों से बैठक करने की मांग की है। राजभवन ने कहा कि राज्यपाल ने 11 विधेयक राष्ट्रपति के पास विचार के लिए भेजे हैं। उन्होंने कई अन्य विधेयकों पर राज्य सरकार से अतिरिक्त जानकारी मांगी है, मगर उचित जवाब नहीं मिले हैं। पिछले दिनों तमिलनाडु में राज्यपाल द्वारा विधेयक को रोके जाने पर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया था। कोर्ट ने कहा था कि राज्यपाल का विधेयकों को रोकना मनमाना और अवैध है। इसे लेकर बंगाल विधानसभा के स्पीकर बिमन बनर्जी ने कहा कि 2016 से पश्चिम बंगाल विधानसभा द्वारा पारित 23 विधेयकों को राज्यपाल की मंजूरी नहीं मिली है। मुझे उम्मीद है कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद बंगाल के राज्यपाल भी ऐसा ही करेंगे।

**तमिलनाडु मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट ने क्या कहा**

तमिलनाडु मामले में ऐतिहासिक फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपालों की ओर से निर्वाचित सरकारों को दरकिनार करने कोशिश पर कड़ा एतराज जताते हुए कहा था कि उन्हें राजनीतिक कारणों से राज्य विधानसभाओं पर नियंत्रण नहीं रखना चाहिए। राज्यपाल को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि वे राज्य विधानमंडल के काम में बाधा या दबाव न डालें, क्योंकि इससे लोगों की अपेक्षाएं बाधित हो सकती हैं। उन्हें नागरिकों के प्रति जवाबदेह निर्वाचित सरकार का भी सम्मान करना चाहिए। तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर खुशी जाहिर की और इसे ऐतिहासिक बताया। डीएमके अध्यक्ष एमके स्टालिन ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि हम सर्वोच्च न्यायालय के ऐतिहासिक फैसले का स्वागत करते हैं। इसमें राज्य विधानसभाओं के विधायी अधिकारों की पुष्टि की गई है और विपक्ष शासित राज्यों में प्रगतिशील विधायी सुधारों को रोकने के लिए केंद्र सरकार द्वारा मनोनीत राज्यपालों की प्रवृत्ति पर रोक लगाई गई है।

# पूर्व सहकर्मी की बनाई अश्लील तस्वीरें, फर्जी सोशल मीडिया प्रोफाइल बना कर दी अपलोड

नई दिल्ली, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। दिल्ली में एक महिला सहकर्मी की आपत्तिजनक तस्वीरों का इस्तेमाल कर एक फर्जी सोशल मीडिया प्रोफाइल बनाने और उसकी जानकारियां पोस्ट करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की पहचान 27 वर्षीय दिवांशु के रूप में हुई है, जो सुभाष प्लेस के एक रेस्टोरेंट में बारटेंडर के रूप में काम करता था, जहां पीड़ित युवती भी वेट्रेस के रूप में काम करती थी।

पुलिस ने बताया कि दोनों के बीच दोस्ती हो गई थी, लेकिन बाद में किसी कारण दोनों की दोस्ती टूट गई थी। बाहरी दिल्ली के डीसीपी सचिन शर्मा ने कहा, ''जब युवती ने दोस्ती खत्म कर दी और दिवांशु को दिसंबर 2024 में नौकरी से निकाल दिया गया, तो उसने महिला के नाम से एक फर्जी सोशल मीडिया प्रोफाइल बनाकर बदला लेने की कोशिश की। दिवांशु ने सोशल मीडिया पर महिला का मोबाइल नंबर और आपत्तिजनक तस्वीरें पोस्ट कर दीं।'' दिल्ली के बाहरी जिले के साइबर पुलिस थाने में 11 मार्च को शिकायत प्राप्त हुई, जिसके बाद सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया।

पुलिस ने बताया कि आईपी एड्रेस का पता लगाकर, कॉल डिटेल रिकॉर्ड के विश्लेषण और डिजिटल निगरानी के जरिए टीम ने आरोपी का पता लगाया और छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधिकारी ने कहा कि पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना अपराध कबूल कर लिया।

उसके पास से वह इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किया गया है जिसका इस्तेमाल तस्वीरों से छेड़छाड़ करने और फर्जी अकाउंट चलाने में किया गया था। पुलिस इस मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

# डॉ. निधिपति सिंघानिया को फेलोशिप सम्मान, भारतीय वास्तुकला क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए किया सम्मानित



भोपाल, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय वास्तुकला क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए डॉ. निधिपति सिंघानिया को भारतीय स्थापत्य संस्थान की प्रतिष्ठित फेलोशिप से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उनके द्वारा वर्षों से किए जा रहे कार्यों, विशेष रूप से जेके आर्किटेक्ट ऑफ द ईयर अवॉर्ड्स (जेके आया) के जरिए नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए दिया गया है। मप्र की राजधानी भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे हॉल में द इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ आर्किटेक्ट्स-एमपी चैप्टर के सम्मेलन का शुभारंभ कर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने डॉ. सिंघानिया का सम्मान उनके पुत्र राघवपत सिंघानिया को सौंपा। भारतीय स्थापत्य संस्थान द्वारा दी गई यह फेलोशिप डॉ. सिंघानिया की दूरदर्शिता और समर्पण को दर्शाती है, जिन्होंने भारतीय वास्तुकला के क्षेत्र में युवाओं को प्रेरित करने और नवाचार को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जेके आर्किटेक्ट ऑफ द ईयर अवॉर्ड्स की शुरुआत स्वर्गीय यदुपति सिंघानिया की सोच से हुई थी, जिसे डॉ. निधिपति सिंघानिया ने अपनी दृढ़ नेतृत्व क्षमता से आकार दिया। यह मंच न केवल बड़े शहरों तक सीमित रहा, बल्कि छोटे शहरों तक भी वास्तुकला के ज्ञान और अवसर को पहुंचा रहा है, जिससे छोटे शहरों के युवा आर्किटेक्ट्स को भी अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल रहा है। वर्तमान में जेके आर्किटेक्ट ऑफ द ईयर अवॉर्ड्स के चेयरमैन डॉ. राघवपत सिंघानिया इस विरासत को आगे बढ़ाते हुए डिजिटल प्लेटफॉर्म, सोशल मीडिया, पत्रिकाओं और पुस्तकों के माध्यम से इस मिशन को और व्यापक बनाने की दिशा में कार्य कर रहे हैं। 35 साल से हो रहा जेके ऑर्किटेक्ट अवॉर्ड समारोह राघवपत सिंघानिया ने बताया कि जेके आर्किटेक्ट ऑफ द ईयर अवॉर्ड 35 साल से आयोजित किया जा रहा है। जेके कंपनी को इस अवॉर्ड से अब तक कोई प्रत्यक्ष लाभ नहीं हुआ है, और न ही कंपनी ने कभी ऐसा कोई लाभ लेने का प्रयास किया है। इस अवॉर्ड की चयन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी होती है और इसका निर्णय आर्किटेक्ट्स की एक स्वतंत्र समिति द्वारा किया जाता है। कंपनी केवल इस आयोजन और सम्मान समारोह में सहयोग प्रदान करती है। आईआईए (भारतीय स्थापत्य संस्थान) एक पुरानी और प्रतिष्ठित संस्था है, जो वैश्विक स्तर पर आर्किटेक्चर को बढ़ावा देने का कार्य करती है। आज जब हम कहते हैं कि भारत एक 'ग्रोइंग कंट्री' और 'डेवलपिंग नेशन' है

## पुलिसकर्मी को हेलमेट पहनने की सलाह देना युवक को पड़ा भारी, गाड़ी रोककर जड़ दिया थप्पड़

नागपुर, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। नागपुर में पुलिसकर्मी को हेलमेट पहनने की सलाह देना एक युवक को भारी पड़ गया। बिना हेलमेट पहने बुलेट चला रहे पुलिसकर्मी को जब युवक ने हेलमेट पहनने की सलाह दी तो वह भड़क गया और थप्पड़ जड़ दिए। जानकारी के अनुसा, नागपुर के जरिपटका थाना क्षेत्र में एक युवक ने पुलिसकर्मी को हेलमेट पहनने के लिए कहा तो वह इतना क्रोधित हो गया कि उसने अपनी बाइक रोक कर युवक को जोर का चांटा लगा दिया। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, पीड़ित युवक नागपुर के जरीपटका थाने में पुलिसकर्मी के खिलाफ लिखी शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित युवक को कहता हुआ देखा जा रहा है कि पुलिस आम नागरिकों को बिना हेलमेट की कार्रवाई करती है और खुद पुलिसकर्मी हेलमेट पहन के नहीं जा रहा है। जरिपटका पुलिस थाने में दर्ज शिकायत के अनुसार, प्रतीक खणकुरे नामक युवक कल जरिपटका थाने की तरफ से गुजर रहा था। मनकापुर पुल के पास गुजरते समय प्रतीक को आनंद सिंह नामक पुलिसकर्मी बिना हेलमेट से दो पहिया वाहन चलाते दिखा।

# लातूर से 17 करोड़ की ड्रग्स बरामद

## मुंबई पुलिस के कॉन्सटेबल ने खेत में बनाई फैक्ट्री और किया करोड़ों का खेल





लातूर, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के लातूर जिले के रोहिणा गाव में पुलिस ने छापा मारकर 17 करोड़ की ड्रग्स जब्त की है। इसके साथ ही ड्रग्स बनाने और तस्करी के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस फैक्ट्री का नेतृत्व प्रमोद केंद्रे द्वारा किया जाता है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि प्रमोद केंद्र मुंबई पुलिस के कर्मचारी हैं। मुंबई में रहने वाले पांच लोग ड्रग्स का कच्चा माल लाए थे और रोहिणा इलाके में उनमें से एक के खेत में मिक्सिंग सिस्टम लगाया था। इसे नष्ट कर एनसीबी-पुलिस ने पांचों आरोपियों को हिरासत में लिया है। ये सभी लोग मुंबई में आईएमजी बेचते थे। ऑपरेशन के दौरान जांच एजेंसी ने 11 किलो ड्रग्स का कच्चा माल जब्त किया है। छापेमारी के दौरान मिले रसायनों और प्रयोगशाला उपकरणों से पता चला कि दवाओं का निर्माण खेत में एक शीट शेड में किया जा रहा था। उस छापेमारी में 11 किलो 360 ग्राम ड्रग्स (8 किलो 440 ग्राम सूखा और 2 किलो 921 ग्राम तरल) जब्त किया गया है। कच्चे माल और प्रयोगशाला उपकरण को देखते हुए यह भी आशंका है कि पिछले कई दिनों से इस तरह का काम चल रहा है। डीआरआई अधिकारी इस संबंध में आगे की जांच कर रहे हैं। इस ऑपरेशन में ड्रग के उत्पादन से जुड़े पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिसमें एक पुलिस कांस्टेबल भी शामिल है। आरोपी कांस्टेबल मीरा भयंदर के नया नगर पुलिस स्टेशन में कार्यरत है। इसके बाद त्वरित कार्रवाई में गिरोह के डिस्ट्रीब्यूटर और फाइनेंसर को भी मुंबई से गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपियों ने काम बांट दिए थे। कुछ उत्पादक का काम देख रहे थे और कुछ वितरण और पैसों के लेन-देन का काम देख रहे थे। आरोपियों ने कहां-कहां ड्रग्स बांटी है? साथ ही, आपको कच्चा माल कहां से मिला, आपने बनाने की तकनीक कहां से सीखी? इस संबंध में डीआरआई अधिकारी आरोपियों से गहन पूछताछ कर रही है।

**ज्वाइंट ऑपरेशन में खुलासा**

मुंबई से सटे मीरा भयंदर पुलिस और डीआरआई के ज्वाइंट ऑपरेशन में इस गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है। मुंबई पुलिस में कॉन्सटेबल के पद पर काम कर रहा प्रमोद मुंबई से ही लातूर में फैक्ट्री चलाने वाले साथियों को निर्देश देता था।

## पुलिस-एसटीएफ की बड़ी कार्रवाई, कंटेनर से एक करोड़ रुपये का गांजा किया बरामद चालक गिरफ्तार

ऊधम सिंह नगर, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। किच्छा के पुलभट्टा में पुलिस और स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) की संयुक्त टीम ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 434.738 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। कंटेनर चालक राजू निवासी ग्राम बेलवा थाना फरधान जिला लखीमपुर खीरी गांजे को झारखंड से लेकर आ रहा था, जोकि बाजपुर देने जा रहा था। आरोपी किसी सुरेश गुप्ता के कहने पर गांजा लाया था। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि बरामद गांजे की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में एक करोड़ से अधिक है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है। उसके आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

# पश्चिम बंगाल: शुभेंदु अधिकारी ने हिंसा प्रभावित मोथाबाड़ी क्षेत्र का किया दौरा

## टीएमसी पर लगाए गंभीर आरोप



कोलकाता, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता और भाजपा विधायक शुभेंदु अधिकारी ने मंगलवार को मालदा जिले के हिंसा-प्रभावित मोथाबाड़ी इलाके का दौरा किया। इससे पहले अधिकारी ने दावा किया था कि हिंदू समुदाय की लगभग 86 दुकानों और घरों को लूटकर नष्ट कर दिया गया है, और वे वहां पीड़ित परिवारों से मिलने जा रहे हैं। मोथाबाड़ी से आई तस्वीरों में महिलाएं भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुभेंदु अधिकारी का स्वागत कर रही थीं और नारे लगाती दिख रही थीं। अधिकारी ने उनसे हाथ मिलाया और उनकी स्थिति के बारे में जानकारी ली। गौरतलब है कि 27 मार्च को मोथाबाड़ी-मालदा क्षेत्र में दो गुटों के बीच हिंसा भड़क गई थी। इसके बाद से अब तक 61 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और तीन क्षेत्रों में इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं। अधिकारी ने एएनआई को बताया, हिंदुओं की 86 दुकानें और घर नष्ट कर दिए गए और लूटे गए। गिरफ्तार किए गए 24 लोग असली आरोपी नहीं हैं। पश्चिम बंगाल के नेता प्रतिपक्ष ने इससे पहले कलकत्ता उच्च न्यायालय से 11 अप्रैल को मोथाबारी इलाके में जाने की अनुमति मांगी थी। जिसके बाद अदालत ने इस शर्त पर अनुमति दी कि वे अकेले जाएं और केवल सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे के बीच ही क्षेत्र में रहें। उन्होंने कहा, मैंने वहां जाने की कोशिश की, लेकिन मुझे जाने की अनुमति नहीं दी गई। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष की स्थिति का सम्मान नहीं किया। मैं आभारी हूं कि अदालत ने मुझे वहां जाने की अनुमति दी है, लेकिन मुझे अकेले जाने के लिए कहा है। मैं पीड़ित परिवारों से मिलूंगा और उन्हें कुछ मुआवजा भी देना चाहता हूं। पुलिस ने इलाके में निषेधाज्ञा का हवाला देते हुए कुछ दिन पहले भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार के नेतृत्व में भाजपा प्रतिनिधिमंडल को मोथाबारी इलाके से कुछ किलोमीटर दूर रोक दिया था। हिंसा प्रभावित क्षेत्र में घूमते हुए अधिकारी ने कहा, हिंदुओं की 86 दुकानों और घरों में तोड़फोड़ की गई है। हम सभी (हिंसा से प्रभावित) से बात कर रहे हैं। 1 अप्रैल को अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) कानून और व्यवस्था जावेद शमीम ने कहा कि 19 मामले दर्ज किए गए हैं और 61 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

# युवक ने दोस्तों से कराई खुद की किडनैपिंग, परिवार ने ट्रांसफर किए रुपये तो पहुंच गया होटल, जानें पूरा मामला

नालासोपारा, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के नालासोपारा में पुलिस ने 22 वर्षीय युवक को अपने दो दोस्तों के साथ मिलकर अपने अपहरण की साजिश रचने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। युवक की कोशिश थी कि वह अपने परिवार से पैसे ऐंठकर प्रिंटिंग का व्यवसाय शुरू करेगा। इस मामले में अचोले पुलिस ने 22 वर्षीय बेरोजगार युवक रोहन तिवारी और उसके दो दोस्तों कौशल दुबे (21) और निखिल सिंह (22) को उसके कथित अपहरण के 2 घंटे के भीतर ही गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद तिवारी ने घटना को अंजाम देने की बात कबूल की और कहा कि उसका परिवार व्यवसाय में पैसे लगाने से इनकार कर देता। पुलिस के अनुसार, नालासोपारा में रहने वाले तिवारी के परिवार को मंगलवार रात एक वीडियो मिला, जिसमें उन्हें एक अज्ञात स्थान पर बांध दिया गया था और दो अपहरणकर्ता उनके साथ मारपीट कर रहे थे। अचोले पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने बताया कि वीडियो में रोहन का खून बह रहा था और दो लड़के उसके परिवार से तीन लाख रुपए मांग रहे थे और अगर पैसे नहीं दिए गए तो रोहन की हत्या की बात कर रहे थे। रोहन के चाचा ने तुरंत रात को पुलिस से संपर्क किया, इसके बाद एफआईआर रजिस्टर हुई और पुलिस ने अपनी जांच शुरू की। रोहन का फोन लोकेशन ट्रेस किया गया और पता चला कि वे चेंबूर के किसी इलाके में है। पुलिस ने मुंबई के शिवाजी नगर पुलिस से संपर्क किया और उनकी मदद ली लेकिन जब तक पुलिस रोहन की लोकेशन पर पहुंच पाती उसका फोन स्विच ऑफ हो गया। पुलिस के कहने पर रोहन के परिवार ने किडनैप करने वाले लोगों को 5000 ट्रांसफर किए। हालांकि उसके बाद भी रोहन का कोई सुराग नहीं मिला लेकिन अगले दिन रोहन और उसके दोस्त नाश्ता करने के लिए चेंबूर के एक होटल में गए जहां स्टाफ ने पुलिस को पहले ही सूचना दे दी और पुलिस ने सभी को हिरासत में ले लिया।

## बस और कार की आमने-सामने टक्कर, दस पुलिसकर्मियों सहित 16 लोग घायल

शाजापुर, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। शाजापुर जिले में शुक्रवार तड़के एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। शुक्रवार तड़के एक बस और कार की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में दोनों वाहन पलट गए। हादसे में कुल 16 लोग घायल हुए हैं, जिनमें 10 पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। यह हादसा सुनेरा थाना क्षेत्र में शाजापुर जिला मुख्यालय से करीब 12 किलोमीटर दूर हुआ। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को वाहनों से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया।

सुनेरा पुलिस थाना प्रभारी भरत सिंह किरार के अनुसार, यह हादसा शुक्रवार तड़के हुआ है। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहन पलट गए। स्थानीय लोगों के अनुसार बस ने कार को टक्कर मारी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है

# हरियाणा में गिरता लिंगानुपात

## सरकार ने 12 एसएमओ को दिया नोटिस, 5 नोडल अधिकारियों का तबादला; दलाल पर केस के आदेश




चंडीगढ़, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। साल 2025 की पहली तिमाही में लिंगानुपात में आई गिरावट को हरियाणा सरकार ने गंभीरता से लिया है। सरकार ने हिसार के डिप्टी सिविल सर्जन व पीएनडीटी के नोडल अधिकारी डॉ। प्रभु दयाल को निलंबित कर दिया है। वहीं, 12 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी (एसएमओ) को कारण बताओ नोटिस व पांच जिलों के पीएनडीटी (प्रसव पूर्व निदान तकनीक) के नोडल अधिकारियों का तत्काल प्रभाव से ट्रांसफर कर दिया है। सरकार ने हिसार में अवैध गर्भपात में शामिल दलाल उषा के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश भी दिए हैं। इसके अलावा, रोहतक व सोनीपत के सिविल सर्जन को गर्भपात के लिए मजबूर किए जाने वाले मामले में भी जांच के आदेश दिए हैं। हरियाणा में पिछले दो से तीन सालों में लिंगानुपात में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। साल 2024 में लिंगानुपात 910 था, मगर साल की पहली तिमाही में एक अंक से गिरकर 909 रह गया। माना जा रहा है कि लिंगानुपात में गिरावट के पीछे सबसे बड़ी वजह भ्रूण लिंग जांच है। हरियाणा सरकार ने जनवरी में अधिकारियों को अवैध लिंग जांच को पूरी तरह से पाबंदी लगाने के निर्देश दिए थे। काफी कोशिशों के बावजूद इसमें सुधार नहीं दिख रहा। अब हरियाणा सरकार ने उन अधिकारियों पर कार्रवाई की है, जिनके इलाकों में लगातार लिंगानुपात गिर रहा था। गुरुग्राम, चरखी दादरी, करनाल, पलवल, कैथल, रेवाड़ी व महेंद्रगढ़ में 72 से 12 अंक तक लिंगानुपात गिरा है। इन जिलों में लिंगानुपात 900 से नीचे चला गया है, जो काफी चिंताजनक है।

**इनको नोटिस**

नाहड़, तोशाम, दनौदा, कुंजपुरा, टाउरू, तिगांव, भट्टू कलां, अटेली, उकलाना, बड़ोपल, निसिंग व लाडवा सीएचसी के प्रभारी एसएमओ ने नोटिस का संतोषजनक जवाब नहीं दिया तो चार्जशीट किया जाएगा। इन इलाकों का लिंगानुपात 700 से भी नीचे रहा है।

## मप्र के पूर्व डीजीपी एचएम जोशी का घरेलू सहायक ने गला दबाया सामान भी चुरा ले गया

भोपाल, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। प्रदेश के पूर्व पुलिस महानिदेशक और 1948 बैच के आईपीएस अधिकारी एचएम जोशी के यहां एक एजेंसी के जरिए कार्य करने वाले घरेलू सहायक द्वारा मारपीट करने और कुछ कीमती सामान साथ ले जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। 99 वर्षीय पूर्व डीजीपी जोशी एमपी कैडर के बर्खास्त आईएएस दिवंगत अरविंद जोशी के पिता हैं और बर्खास्त आईएएस टीनू जोशी के ससुर हैं। वे ई-5/3 में रहते हैं। एचएम जोशी ने हबीबगंज थाने को लिखित शिकायत में कहा है कि असमर्थ होने के कारण उन्होंने विट्ठल मार्केट, मेट्रो प्लॉजा अरेरा कॉलोनी में संचालित एजेंसी के संचालक शक्ति खरे से एक दैनिक कर्मचारी के रूप में रफीक को घर पर रखा था। वह मेरे केयर टेकर यानी घरेलू सहायक का कार्य करता था, उसे 18 से 20 हजार रुपये प्रति माह वेतन देता था।

# बेटी से रेप के आरोप में जेल की सजा काट रहा था पिता, कोर्ट को मिले ऐसे सबूत पलट गई पूरी कहानी

भोपाल, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में एक सौतेले पिता को आखिरकार इंसाफ मिल ही गया। अपनी बेटी से रेप के आरोप में 13 महीने तक जेल में रहे सौतेले पिता कोर्ट ने बरी दिया है। कोर्ट ने कहा कि आरोपियों ने खुद को बचाने के लिए मृतका के सौतेले पिता के खिलाफ बयान दिए थे। कोर्ट ने इस मामले की जांच में लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। साथ ही मामले की दोबारा जांच करने को कहा है। मामला 7 साल पुराना है। 14 जून 2018 को भोपाल के अयोध्या नगर थाना क्षेत्र की रहने वाली एक 17 साल की नाबालिग लड़की ने सुसाइड कर लिया था। मृतिका की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसके साथ गैंगरेप की पुष्टि हुई थी। इस दौरान उसकी जेब में चार लोगों के नाम की पर्ची भी मिली थी। अयोध्या नगर थाने के तत्कालीन थाना प्रभारी महेंद्र सिंह कुल्हारा ने उन युवकों पर कार्रवाई करने के बजाय 20 मई 2019 को एफआईआर दर्ज की और 9 नवंबर 2019 को पिता को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में वो करीब 13 महीने तक जेल में रहा। जबकि, नाबालिग के पोस्टमार्टम के दौरान उसके कपड़ों में एक पर्ची मिली थी जिसमें बोदनी, मुबीन, राजू और यादव चार लोगों के नाम ओर मोबाइल नंबर लिखे थे। डीएनए रिपोर्ट में भी चार लोगों से गैंगरेप की पुष्टि हुई थी। पर्ची मिलने के बाद भी पुलिस ने इन्हें आरोपी नहीं बनाया और पड़ोसियों के बयान को आधार पर सौतेले पिता को आरोपी बना दिया। कोर्ट में पेश किए चालान में पुलिस ने कहा कि पड़ोसियों के बयान के आधार पर ही सौतेले पिता को आरोपी बनाया था। वहीं, कोर्ट ने फैसले में कहा है कि खुद को बचाने के लिए आरोपियों ने पिता के खिलाफ ही बयान दिए थे।

**डीजीपी को कोर्ट ने दिया आदेश**

पुलिस को फटकार लगाते हुए कोर्ट ने कहा- घटना से 3-4 दिन पहले मासूम इन्हीं गवाहों के घर पर थी, आत्महत्या से पहले वहीं से घर लौटी थी। यह संभव है कि गवाह खुद को बचाने के लिए पिता पर झूठा आरोप लगा रहे हों। विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) कुमुदिनी पटेल ने फैसला सुनाते हुए मृतिका के सौतेले पिता को बरी कर दिया। साथ गंभीर मामले में लापरवाही करने पर टीआई के खिलाफ कार्रवाई और मामले की दोबारा जांच के कराने के लिए डीजीपी को आदेश दिए हैं। अपनी बेटी से रेप के झूठे आरोप में करीब 13 महीने तक जेल में रहने वाले पिता का कहना है कि पुलिस ने उनकी जिंदगी बर्बाद कर दी। जबकि, वह घटना के समय वहां था ही नहीं। वो करौंद स्थित निर्माणाधीन बिल्डिंग में काम कर रहा था। बेटी की मौत की खबर मिली, तब वह घर पहुंचा था। उसके बाद दिल्ली चला गया था। पुलिस ने बुलाकर आरोपी बना दिया और जेल भेज दिया। उसका फर्नीचर का कारोबार था जो जेल जाने की वजह से पूरा खत्म हो गया।


स्वतंत्र वार्ता

शनिवार, 12 अप्रैल - 2025

# भारत की बड़ी कानूनी जीत

26/11 को मुंबई हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा का अमेरिका से प्रत्यर्पण भारत के लिए एक महत्वपूर्ण कानूनी और कूटनीतिक सफलता मानी जा रही है। भारत सरकार के इस कदम से हमले के पीड़ितों को न्याय मिलने की उम्मीद जगी है। राणा के भारत लाने के बाद पाकिस्तान पर आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करने का दबाव बढ़ना तय माना जा रहा है। राणा के खुलासे से जांच को नई दिशा क्या होगी यह तो बाद में पता चलेगा, लेकिन पाकिस्तान की हवाइयां आज ही उडी हुई दिखने लगी है। बहरहाल, अब देश यह दुश्मन न्याय के कठघरे में खड़ा होकर दया की भीख मांगते दिखेगा। इसके साथ ही उन लोगों को इंसाफ मिलेगा, जिन्होंने इस आतंकी हमले में अपनों को खोया है। बता दें कि मुंबई पर आतंकी हमला वर्ष 2008 में हुआ था। 16 साल से ज्यादा समय बीत चुका है , लेकिन उसका दर्द अब भी लोगों के जेहन में है। वजह साफ है कि सारे दोषियों को उनके किए की सजा आज तक नहीं मिल सकी है। कई दोषी सीमा पार कर दूसरे मुल्कों में छिप कर जान बचाने में लगे हैं। इस लिहाज से देखा जाए तो राणा का प्रत्यर्पण बहुत बड़ी सफलता है। इसके पीछे भारत सरकार और उसके उन अफसरों की कड़ी मेहनत है, जो 2019 से ही राणा को भारत लाने के प्रयास में जुटे थे। दुर्भाग्यपूर्ण तथ्य यह है कि तमाम सबूतों के बाद भी पाकिस्तान इस हमले के पीछे अपनी कोई भूमिका होने से इनकार करता रहा है। हालांकि वह आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के प्रमुख हाफिज सईद और जकी-उर-रहमान लखवी जैसे आतंकवादी सरगनाओं को बचाता भी रहा है। अब राणा के माध्यम से जांच एजेंसीज पूरा सच जान सकती हैं। जाहिर है इसका प्रेशर पाकिस्तान झेल नहीं पाएगा। एक न एक दिन वह खुद ही कबूल कर लेगा कि उक्त आतंकी घटना में उसका हाथ था। जब भी उस पर दबाव बनता है तो वह आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई का दिखावा करने लगता है। अब उसे दिखावा छोडकर , हकीकत से रूबरू होना पडेगा। मुंबई अटैक में 6 अमेरिकी नागरिकों की भी जान गई थी, इसलिए इस्लामाबाद पर वॉशिंगटन का भी दबाव बना रहेगा। राणा ने भारत आने से बचने के लिए अमेरिकी अदालतों में तमाम दलीलें दीं। यहां तक कहा कि एक अपराध के लिए दो बार सजा नहीं दी जा सकती, लेकिन भारत ने उसका जमकर काउंटर किया। इससे संदेश गया है कि मानवता के गुनहगार कानून को ढाल बनाकर लंबे समय तक बच नहीं सकते। अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने इस साल फरवरी में ही कह दिया था कि मुंबई आतंकी हमले के लिए राणा को भारत में न्याय का सामना करना पड़ेगा। बहरहाल, तहव्वुर राणा का प्रत्यर्पण एक बड़ी जीत है, पर पूरी नहीं। भारतीय सुरक्षा एजेंसियों का बड़ा काम अब शुरू होता है। मुंबई पर आतंकी हमले की पूरी प्लानिंग और फंडिंग के पीछे पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई व उसकी जमीन पर सक्रिय आतंकवादी संगठनों का हाथ था, इसमें कोई शक नहीं रह गया है। फिर भी कुछ कड़ियां बाकी हैं। राणा जांच एजेंसियों के सामने उन कड़ियों उगल सकता है।

# दहशत में पाकिस्तान? तहव्वुर राणा उगलेगा सब राज


अशोक भाटिया

साल 2008 के मुंबई हमलों में 166 निर्दोष लोगों की जान गई थी। इसके साजिशकर्ता तहव्वुर राणा को अमेरिका से प्रत्यर्पित कर भारत लाया जा चुका है। राणा को दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया। जहां कोर्ट ने 18 दिन की हिरासत में भेज दिया है। पटियाला हाउस कोर्ट ने देर रात तक सुनवाई चली। इसके बाद 18 दिन की एनआईए कस्टडी में भेजने का आदेश दिया गया है। जांच एजेंसी ने तहव्वुर राणा की 20 दिन की हिरासत की मांग की थी, लेकिन कोर्ट ने 18 दिन की कस्टडी मंजूर की है। उसे कड़ी सुरक्षा में एनआईए हेडक्वार्टर ले जाया गया, जहां दिन में उससे पूछताछ शुरू हो रही है ।अब जो मुंबई में 2008 में हुए आतंकी हमलों के मुख्य आरोपी तहव्वुर राणा जो भारत लाया गया है इसे भारत के लिए आतंकवाद के खिलाफ एक बड़ी कूटनीतिक जीत मानी जा रही है। राणा को अमेरिका से भारत लाने का मिशन बेहद कठिन और संवेदनशील था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, राणा को भारत लाने में करीब 4 करोड़ रुपये लगे हैं। बताया जाता है कि राणा को अमेरिका से भारत विमान में बैठाकर लाने में करीब 40 घंटों का समय लगा था। रिपोर्ट्स के अनुसार, इस पूरे सफर में करीब 4 करोड़ खर्च हुए हैं। दरअसल, तहव्वुर राणा को लाने के लिए एक लग्जरी प्लेन गुल्फस्ट्रीम जी-550 किराए पर लिया गया था, जिसमें राणा को बैठाकर अमेरिका के मियामी से भारत लाया गया। इस खास विमान की प्रति घंटे उड़ान की लागत करीब 9 लाख रुपये है। यही कारण है कि भारत सरकार को राणा को वापस लाने में सामान्य खर्च से सौ गुना अधिक खर्च लगा है।गुल्फस्ट्रीम जी-550 विमान को भारत द्वारा विएना के एयरक्राफ्ट चार्टर सर्विस से किराए पर लिया गया था। यह विमान मियामी से 9 अप्रैल को रोमानिया जाने के लिए रवाना हुआ था। जिसके बाद यह विमान 10 अप्रैल को निर्धारित समय और स्थान पर पहुंचा। जहां से राणा को चार्ट में बैठाकर भारत लाया गया। इस ऑपरेशन को पूरा होने में करीब 40 घंटों का समय लगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एनआईए ने कोर्ट में कहा कि मुंबई हमले की साजिश का पर्दाफाश करने के लिए राणा को हिरासत में लेकर पूछताछ करना बहुत जरूरी था । आतंकी हमलों को अंजाम देने में राणा की भूमिका की भी जांच जरुरी । मुंबई हमले के दूसरे आरोपी डेविड कोलमैन हेडली ने भारत आने से पहले तहव्वुर राणा के साथ पूरे ऑपरेशन पर चर्चा की थी। हमले के दौरान चुनौतियों का अनुमान लगाते हुए हेडली ने राणा को एक ईमेल भेजा था। जिसमें उसने अपने सामान और संपत्तियों का ब्योरा दिया था। हेडली ने राणा को साजिश में इलियास कश्मीरी और अब्दुर रहमान के शामिल होने की भी जानकारी दी थी। एनआईए की तरफ से वकील दयान कृष्णन ने पक्ष रखा। वहीं राणा की तरफ से वकील पीयूष सचदेवा ने मामले की पैरवी की थी। गौरतलब है कि तहव्वुर हुसैन राणा का जन्म पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के साहीवाल जिले में हुआ था। वहां से राणा ने मेडिकल की पढ़ाई की। इसके बाद पाकिस्तानी सेना की मेडिकल कोर में भर्ती हो गया। एक डॉक्टर के रूप में उसकी पहचान एक जिम्मेदार और शिक्षित व्यक्ति की थी, लेकिन साल 1990 के दशक के आखिर में उसने सेना को अलविदा कहा और कनाडा चला गया। कनाडा में नागरिकता पाने के बाद उसने इमिग्रेशन सर्विस का बिजनेस शुरू किया। जिसका नाम 'फर्स्ट वर्ल्ड इमिग्रेशन सर्विसेज' रखा। फिर अमेरिका पहुंच गया। यहां से शिकागो में अपना दफ्तर खोल लिया। बाहर से एक सफल प्रवासी उद्यमी दिखने वाला राणा, अंदर से भारत के विरुद्ध साजिश रच रहा था। देखा जाय तो आतंकी तहव्वुर राणा का प्रत्यर्पण भारत के लिए बड़ी सफलता है। अब उसका भी हिसाब कसाब की तरह ही होगा। उसके ऊपर जो धाराएं लगी हैं, वे उसे मौत के मुंह तक पहुंचाने के लिए काफी हैं। तहव्वुर राणा आज से 18 दिनों तक मुंबई अटैक का पूरा सच उगलेगा। आतंकी तहव्वुर राणा की वजह से ही मुंबई अटैक हुआ और कसाब समेत आतंकियों ने मायानगरी में कत्लेआम मचाया। इसमें लश्कर, आईएसआई और पाकिस्तान का कितना हाथ है। तहव्वुर राणा की गिरफ्तारी के बाद उसके अन्दर का पाप झलकने लगा है । हालफिलहाल पाकिस्तान ने गुरुवार को कहा है कि उसका 26 नवम्बर, 2008 को मुंबई में हुए आतंकवादी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा से कोई लेना-देना नहीं है। वह एक कनाडाई नागरिक है और उसने लगभग दो दशकों से अपने पाकिस्तानी दस्तावेजों का नवीनीकरण नहीं कराया है। तहव्वुर राणा का पाकिस्तान में 1961 में जन्म हुआ था और उसने पाकिस्तान आर्मी मेडिकल कोर में सेवाएं दी थीं और इसके बाद वह 1990 के दशक में कनाडा चला गया, जहां उसे नागरिकता दी गई।उसके प्रत्यर्पण को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने उसे कनाडाई नागरिक बताया और उसका पाकिस्तान कनेक्शन होने से पल्ला झाड़ने की कोशिश की है। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने यह भी कहा कि तहव्वुर राणा ने पिछले दो दशकों में अपने पाक दस्तावेजों का नवीनीकरण नहीं कराया है। उसकी कनाडाई नागरिकता बहुत साफ है। अब सवाल ये है कि पाकिस्तान को सबसे बड़ा क्या डर है? वो क्यों घबराया हुआ है? तो इसकी पहली वजह तहव्वुर राणा का पाकिस्तानी सेना से सीधा रिश्ता है। उसके पास भले ही कनाडा की नागरिकती हो, लेकिन उसका जन्म पाकिस्तान में हुआ है।तहव्वुर राणा पाकिस्तानी सेना और आईएसआई का करीबी रहा है और चूँकि वह पाकिस्तानी सेना में डॉक्टर रहा है। इसलिए पाकिस्तान को अब डर लग रहा है कि तहव्वुर राणा 26/11 के मामले में पाकिस्तान की पूरी पोल खोल देगा। दुनिया को बता देगा कि पाकिस्तानी सेना, आईएसआई और पाक सरकार सब मिलकर आतंक फैलाते हैं। तीन साल पहले ही पाकिस्तान ग्रे लिस्ट से बाहर आया है। इसका कारण बताया गया कि उसने आतंकियों की फंडिंग रोकी है। हालांकि, हकीकत ये है कि जब पाकिस्तान को ये राहत दी गई तभी पाकिस्तान के बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद के सबसे बड़े ठिकाने का विस्तार हो रहा था। पाकिस्तान एक तरफ आतंक को लेकर दुनिया की आंख में धूल झोंक रहा है, तो वहीं हाफिज-मसूद की सुरक्षा को लेकर डरा हुआ है। पाकिस्तान का असली डर हाफिज सईद और मसूद अजहर जैसे आतंकवादियों को लेकर है कि कहीं भारत उनको भी सौंपे जाने की मांग तेज न कर दे।इसके अलावा जिस तरह से पिछले कुछ वर्षों में पाकिस्तान के अंदर भारत में हमला करने वाले ढेर हो रहे हैं, उससे पहले ही घबराया हुआ है। ये खौफ हाफिज सईद के करीबी अबू कताल की हत्या के बाद बढ़ गया है। हाफिज के इस करीबी ने कश्मीर में तीर्थयात्रियों को निशाना बनाया था, लेकिन उसे आईएसआई भी नहीं बचा पाई। पाकिस्तान की मुसीबत ये है कि उसे तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण के बाद हाफिज-मसूद को लेकर दबाव बढ़ने का डर है। इसलिए उसकी तरफ से अब घबराहट में 26/11 हमले को लेकर ऐसी बातें कही जा रही हैं, जिस पर कोई यकीन नहीं करेगा। 26/11 को झूठा हमला बताकर पाकिस्तान की कोशिश भारत को कटघरे में खड़ा करने की है, लेकिन अब उसकी दाल गलनी मुश्किल है, क्योंकि दुनिया उसकी हकीकत जान चुकी है। इस पर तहव्वुर राणा की गवाही पाकिस्तान के मुंह पर तमाचे की तरह होगी, क्योंकि वो आतंक की साजिश रचने वाले पाक का बड़ा सूत्रधार है।वैसे पाकिस्तान के झूठ का खुलासा को अमेरिका पहले ही कर चुका है। एफबीआई ने तहव्वुर राणा को जब पकड़ा तो उसके लश्कर से संबंधों का खुलासा हुआ था। दुनिया जानती है कि लश्कर पाकिस्तान का आतंकी संगठन है। राणा को साल 2009 में गिरफ्तार किया गया था। उसको अमेरिका में लश्कर-ए-तैयबा का समर्थन करने के लिए दोषी ठहराया गया था।

# राज्यपाल अब विधेयकों को नहीं रोक सकेंगे


रामस्वरूप रावतसरे

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस जे.बी. पारदीवाला और आर. महादेवन की बेंच ने तमिलनाडु सरकार बनाम तमिलनाडु के राज्यपाल (आर एन रवि) मामले में यह फैसला दिया है। कोर्ट ने कहा कि राज्यपाल के पास राज्य विधानसभा की तरफ से भेजे गए विधेयकों पर वीटो का अधिकार नहीं है। वे किसी बिल को अनिश्चितकाल के लिए रोक नहीं सकते। जस्टिस जे.बी. पारदीवाला और जस्टिस आर. महादेवन की पीठ ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 200 के तहत राज्यपाल के पास कोई विवेकाधिकार नहीं है और उन्हें मंत्रिपरिषद की सहायता और सलाह पर अनिवार्य रूप से कार्य करना होता है। सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने कहा था कि राज्यपाल सहमति को रोककर 'पूर्ण वीटो' या 'आंशिक वीटो' (पॉकेट वीटो) की अवधारणा को नहीं अपना सकते। शीर्ष अदालत के अनुसार राज्य विधानसभा द्वारा विधेयक को पुनः पारित किए जाने के बाद उसे पेश किए जाने पर राज्यपाल को एक महीने की अवधि में विधेयकों को मंजूरी देनी होगी। राज्यपाल के पास कोई विवेकाधिकार नहीं है। संविधान के अनुच्छेद 200 के तहत राज्यपाल द्वारा अपने कार्य निर्वहन के लिए कोई स्पष्ट समय सीमा निर्धारित नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु विधानसभा द्वारा पास किए गए 10 लंबित विधेयकों को राज्यपाल द्वारा मंजूर मान लिया है। कोर्ट ने भविष्य के सभी विधेयकों पर कार्रवाई के लिए समय सीमा भी तय कर दी है। संविधान के अनुच्छेद 200 में यह प्रावधान नहीं था। जानकारी के अनुसार तमिलनाडु सरकार और राज्यपाल के बीच काफी समय से विवाद चल रहा था। राज्यपाल विधानसभा द्वारा पास किए गए विधेयकों को मंजूरी देने में देरी कर रहे थे। कुछ बिल तो 2020 से ही लंबित थे। ज़्यादातर बिलों में राज्यपाल को विश्वविद्यालयों के चांसलर के तौर पर मिलने वाले अधिकारों को कम करने की बात थी। इससे राज्यपाल और सरकार के बीच टकराव बढ़ गया था। आरोप लगाया जाता है कि राज्यपाल जानबूझकर विधायी प्रक्रिया को रोकने की कोशिश करते हैं। तमिलनाडु ही नहीं, छत्तीसगढ़, हरियाणा, बंगाल और केरल जैसे राज्यों में भी राज्यपालों के साथ ऐसे ही विवाद हुए। पुडुचेरी में भी एलजी (लेफ्टिनेंट गवर्नर) और सरकार के बीच मतभेद थे। तेलंगाना, पंजाब और केरल के राज्यपाल भी लंबित विधेयकों को पास नहीं करने के कारण कोर्ट में गए। संविधान के अनुच्छेद 153 में हर राज्य के लिए एक राज्यपाल का प्रावधान है। अनुच्छेद 154 के तहत कार्यकारी शक्तियां राज्यपाल के पास होती हैं लेकिन संविधान में उनकी भूमिका और शक्ति सीमित है। अनुच्छेद 163(1) के अनुसार, राज्यपाल को अपने मंत्रिपरिषद की सलाह पर काम करना होता है। संविधान में राज्यपाल को कुछ मामलों में अपने विवेक से काम करने की शक्ति दी गई है लेकिन, यह शक्ति भी सीमित है। सुप्रीम कोर्ट ने 1974 में शमशेर सिंह बनाम पंजाब राज्य मामले में फैसला दिया था कि राज्यपाल सिर्फ एक संवैधानिक प्रमुख हैं। राज्य की कार्यकारी शक्तियां वास्तव में मंत्रिपरिषद द्वारा इस्तेमाल की जाती हैं। अनुच्छेद 200 के मुताबिक विधानसभा द्वारा पास किए गए सभी विधेयकों को राज्यपाल की मंजूरी चाहिए होती है। राज्यपाल के पास चार विकल्प होते हैं- विधेयक को मंजूरी देना, मंजूरी रोकना, विधेयक को राष्ट्रपति के विचार के लिए आरक्षित रखना या विधेयक को पुनर्विचार के लिए विधानसभा को वापस भेजना। यह अनुच्छेद भारत सरकार अधिनियम, 1935 की धारा 75 पर आधारित है। इसमें इन विकल्पों का इस्तेमाल करने के लिए कोई समय सीमा नहीं दी गई है। सरकारिया आयोग (1987), राष्ट्रीय संविधान समीक्षा आयोग (2002) जिसके अध्यक्ष जस्टिस वेंकटचलैया थे, और जस्टिस एम.एम. पुंछी आयोग (2010) ने सिफारिश की थी कि राज्यपालों को विधेयकों पर फैसला लेने के लिए एक समय सीमा तय की जानी चाहिए। कर्नाटक विधि आयोग की 22वीं रिपोर्ट ''विधेयकों पर सहमति-देरी की समस्याएं (भारत के संविधान के अनुच्छेद 200 और 201)'' में जस्टिस वी.एस. मलीमठ ने कहा था कि यह अजीब होगा कि राज्य के प्रमुख को एक विधेयक पर सहमति देने में उतना ही समय लगे जितना कि विधानसभा को उसे पास करने में लगता है।

यह अच्छी तरह से स्थापित है कि हर राज्य कार्रवाई उचित होनी चाहिए। शक्ति का उचित प्रयोग एक उचित समय के भीतर किया जाना चाहिए। ऐसा न करना अनुचित होगा। सुप्रीम कोर्ट के अनुसार राज्यपाल किसी भी बिल को हमेशा के लिए नहीं रोक सकते। उन्हें बिल पर फैसला लेना ही होगा। कोर्ट ने तमिलनाडु को कहा कि उन्हें बिलों को जल्दी पास करना चाहिए। कई राज्यों में राज्यपाल और सरकार के बीच झगड़ा चल रहा है। राज्यपाल बिलों को पास करने में देरी करते हैं जिससे सरकार का काम रुक जाता है। सुप्रीम कोर्ट ने अब इस पर लगाम लगा दी है। संविधान में लिखा है कि राज्यपाल को सरकार की सलाह पर काम करना चाहिए लेकिन, कई बार राज्यपाल अपनी मनमानी करते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि यह गलत है। राज्यपाल को संविधान के हिसाब से चलना चाहिए। आयोगों ने भी कहा है कि राज्यपाल को बिलों पर फैसला लेने के लिए एक समय सीमा होनी चाहिए। इससे सरकार का काम आसानी से चलेगा। पिछले 40 वर्षों (1985 से 2025 तक) में भारत में कई राज्यपाल ऐसे रहे हैं जिनके कार्यों ने राज्यों के साथ विवादों को जन्म दिया। ये विवाद अक्सर विधायी देरी, राज्य सरकारों के साथ टकराव, या संवैधानिक सीमाओं के कथित उल्लंघन से जुड़े रहे। नीचे कुछ प्रमुख राज्यपालों की सूची दी गई है जिन्हें उनके कार्यकाल के दौरान विवादों के लिए जाना गया। केरल के राज्यपाल और सरकार के बीच मनमुटाव का मामला काफी विवादों में रहा था। केरल के तत्कालीन राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा था कि केरल सरकार कई ऐसे काम करती है जो कानून के मुताबिक नहीं होते।

दरअसल एपीजे अब्दुल कलाम प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (केटीयू) के कुलपति का चयन करने के लिए कुलाधिपति के नामित व्यक्ति के बिना चयन समिति बनाने को लेकर आरिफ मोहम्मद नाराज थे। उन्होंने कहा था कि सरकार पर निर्भर करता है कि वे क्या करना चाहते हैं। वे कई ऐसे काम कर रहे हैं जो कि कानून के मुताबिक नहीं हैं। राज्य के विश्वविद्यालयों में कुलपतियों सहित नियुक्तियों के मुद्दे पर आरिफ मोहम्मद खान और केरल सरकार लंबे अरसे तक आमने-सामने थे। इसी प्रकार उत्तर प्रदेश के राज्यपाल रोमेश भंडारी के एक विवादित निर्णय से जुड़ा है, जो 1998 में हुआ था। राज्यपाल रोमेश भंडारी ने मध्यरात्रि में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री कल्याण सिंह को पद से हटा दिया और जगदंबिका पाल को नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ दिला दी। सुप्रीम कोर्ट ने बाद में राज्यपाल के निर्णय को अवैध घोषित किया और कल्याण सिंह को बहाल कर दिया।

# शक्ति, भक्ति और सेवा का प्रतीक: हनुमान जन्मोत्सव


प्रो. आरके जैन

जब चैत्र की पूर्णिमा अपनी चाँदनी भरी किरणों से आकाश को स्वर्णिम आभा में नहलाती है, तो धरती पर एक अलौकिक नाद गूँज उठता है – यह वह पवित्र क्षण है जब पवनपुत्र हनुमान का अवतरण हुआ। एक ऐसी शक्ति का उदय, जो सूर्य को भी अपनी मुट्ठी में समेट सकती थी; एक ऐसी भक्ति का प्राकट्य, जो श्रीराम के प्रति अटूट समर्पण का जीवंत प्रतीक बनी; और एक ऐसा साहस, जिसने रावण की लंका को धूल में मिला दिया। हनुमान जन्मोत्सव कोई साधारण पर्व नहीं, बल्कि एक ऐसी प्रेरणा का उत्सव है, जो हर हृदय में आत्मविश्वास की ज्योति प्रज्वलित करती है और हर आत्मा को यह एहसास दिलाती है कि सच्चा बल वही है, जो दूसरों की सेवा में झुक जाए। यह वह पावन अवसर है, जब हम हनुमान जी के उस अनुपम जीवन को प्रणाम करते हैं, जो हमें सिखाता है कि शक्ति का सही मूल्य तभी है, जब वह भक्ति और निःस्वार्थ सेवा की सुगंध से सुवासित हो। हनुमान जी का जन्म एक दैवीय चमत्कार की कथा है। शिव के ग्यारहवें रुद्र के रूप में अवतरित, माता अंजनी और केसरी के पुत्र बनकर वे इस धरा पर आए। पवनदेव ने उन्हें अपनी असीम शक्ति का वरदान दिया, और वे 'पवनपुत्र' कहलाए। त्रेतायुग में उनके आगमन ने एक नई आशा का संचार किया – एक ऐसी शक्ति का जन्म, जो असंभव को संभव करने का दम रखती थी। बाल्यकाल में ही सूरज को फल समझकर निगल लेने की उनकी शरारत ने उनकी अनंत सामर्थ्य का परिचय दे दिया। यह शक्ति इतनी प्रबल थी कि उसे संयम में बाँधने के लिए श्राप देना पड़ा, जो बाद में राम के कृपास्पर्श से मुक्त हुआ। हनुमान का जन्म महज एक घटना नहीं, बल्कि उस शक्ति का प्रादुर्भाव था, जिसने रामायण को अमरता की ऊँचाइयों तक पहुँचाया। इस पर्व का असली रंग है उनकी राम-भक्ति का वह अनुपम आलोक। वह भक्ति, जिसने समुद्र की विशालता को एक छलाँग में लाँघ दिया; वह पराक्रम, जिसने संजीवनी पर्वत को हवा में उड़ा दिया; और वह निष्ठा, जिसने रावण के अभिमान को चूर-चूर कर दिया। हनुमान जी ने अपने जीवन को श्रीराम की सेवा में इस कदर समर्पित किया कि उनका नाम राम के बिना अधूरा-सा प्रतीत होता है। लंका को भस्म करने से लेकर लक्ष्मण के प्राणों की रक्षा तक, हर कदम पर उन्होंने यह साबित किया कि शक्ति और भक्ति का मिलन ही सच्चा बल है। उनकी विनम्रता ऐसी थी कि अनंत सामर्थ्य के बावजूद वे कभी आत्ममुग्ध नहीं हुए। यह निस्वार्थ भाव आज के दौर में एक दुर्लभ दीपक की तरह जलता है, जो हमें बताता है कि सच्ची महानता का रास्ता सेवा से होकर जाता है। हनुमान जन्मोत्सव का पावन दिन एक अलौकिक उल्लास और भक्ति की सरिता में डूब जाता है। मंदिरों में घंटियों की गूँजती टंकार, हनुमान चालीसा की मधुर स्वरलहरियाँ और सुंदरकांड की पंक्तियों का पवित्र आलाप हवा में भक्ति का ऐसा जादू बिखेरता है कि हर हृदय उसमें डूब जाता है। भक्त श्रद्धा से व्रत रखते हैं, जुलूसों में उत्साह के साथ कदमताल करते हैं और भंडारों के माध्यम से सेवा का अमर संदेश प्रसारित करते हैं। यह दिन केवल उत्सव का प्रतीक नहीं, बल्कि हनुमान जी के संकटमोचन स्वरूप की स्मृति को जीवंत करने का अवसर है। मान्यता है कि इस दिन उनकी सच्ची आराधना हर विपदा को चूर-चूर कर देती है। यह पर्व एक आध्यात्मिक जागृति का संदेशवाहक है, जो हमें उनकी शरण में असीम शक्ति और अखंड शांति का अनुभव कराता है। आज के इस युग में, जब चारों ओर अनिश्चितता का कोहरा और भटकाव का घना अंधेरा मंडरा रहा है, हनुमान जन्मोत्सव एक प्रेरणा के सूर्य की तरह उदित होता है, जो जीवन को प्रकाशित कर देता है। उनका जीवन हमें यह गहन संदेश देता है कि आत्मबल और अटूट विश्वास के समक्ष कोई भी बाधा टिक नहीं सकती। उनकी असीम शक्ति हमें प्रेरित करती है कि उसे सत्य और न्याय की रक्षा के लिए संधान करें, और उनकी अनन्य भक्ति यह सिखाती है कि जीवन का सच्चा मूल्य दूसरों के लिए समर्पित होने में निहित है। आज का युवा हनुमान जी के जीवन से संयम, साहस और समर्पण का अमूल्य पाठ ग्रहण कर सकता है। यह उत्सव हमें उस भीतरी शक्ति को जागृत करने का सशक्त आह्वान करता है, जो प्रत्येक मानव के हृदय में सुप्त पड़ी है और उसे धर्म व निःस्वार्थ सेवा के पथ पर ले जाने का मार्ग प्रशस्त करती है। हनुमान जन्मोत्सव एक ऐसा महामिलन है – शक्ति का उत्साह, भक्ति का संगीत और साहस का अनमोल उपहार। यह हमें हनुमान जी के जीवन की वह अनमोल सीख देता है, जहाँ शक्ति विनम्रता से मिलती है और भक्ति सेवा में ढलती है। अगर हम उनके आदर्शों को अपनाएँ, तो न सिर्फ अपने जीवन को नई ऊँचाइयों तक ले जा सकते हैं, बल्कि समाज को भी एक नई रोशनी दे सकते हैं। हनुमान जन्मोत्सव का यह संदेश हमेशा गूँजता रहेगा – शक्ति भक्ति में है, और भक्ति सेवा में।

# चिकन नेक कॉरिडोर चिकन बिरयानी बनाम टंगड़ी कबाब


बलदेव राज भारतीय

भारत चहुंओर शत्रु-देशों से घिरा हुआ है। यह बात और है कि भारत किसी भी देश को अपना शत्रु नहीं मानता और न ही किसी देश से शत्रुवत व्यवहार करता है। परन्तु फिर भी भारत के पड़ोसी देश समय समय पर उसकी सीमाओं का अतिक्रमण करने की कोशिश करते रहते हैं। उनकी संदिग्ध गतिविधियां अक्सर भारत की चिंता बढ़ाती रहती हैं। अभी हाल ही में जो भू राजनीतिक घटनाक्रम सामने आए हैं, वे न केवल चिंताजनक है, बल्कि भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा और क्षेत्रीय अखंडता के लिए एक गंभीर चुनौती प्रस्तुत करते हैं। बांग्लादेश के लालमोनिरहाट जिले में चीन द्वारा एक एयरफील्ड तैयार करने के समाचार ने भारत को चुनाव चिंता में डाल दिया है। यह क्षेत्र भारत के उस संवेदनशील क्षेत्र से सटा हुआ है, जिसे चिकन नेक के नाम से जाना जाता है। वास्तव में यह कॉरिडोर सिलीगुड़ी कॉरिडोर है, जो मानचित्र पर देखने में एक मुर्गी की गर्दन जैसा लगता है, जिस कारण इसका नाम चिकन नेक पड़ गया। इसकी लंबाई लगभग 60 किलोमीटर और चौड़ाई 20 से 22 किलोमीटर है। यह भारत को पूर्वोत्तर के उन सात राज्यों के साथ जोड़ने का कार्य करता है, जिन्हें सेवन सिस्टर्स के नाम से भी जाना जाता है। यह संकीर्ण भौगोलिक पट्टी रणनीतिक दृष्टि से अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। बांग्लादेश के अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद युनूस का चीन दौरा और उस दौरे के बाद बांग्लादेश के लालमोनिरहाट में चीन द्वारा एयरफील्ड तैनाती की खबर आना, सचमुच गंभीर प्रश्न खड़े करता है। यह भारत के विरुद्ध एक सुनियोजित रणनीति का हिस्सा हो सकता है। बांग्लादेश, चीन और पाकिस्तान मिलकर भारत को उसी प्रकार हराने का सपना पाल रहे हैं, जैसे अतीत में विजयनगर साम्राज्य को हराने का साहस अकेले अपने दम पर बीजापुर, बीदर, अहमदनगर, गोलकुंडा आदि राज्यों को नहीं था। इसलिए उन्होंने विजयनगर को हराने के लिए एक संघ बनाया और सन 1565 में चारों ओर से घेरकर तालिकोटा के युद्ध में विजयनगर को हरा दिया था। वह युद्ध रक्षसी टंगड़ी के नाम से प्रसिद्ध था। जिसमें युद्ध जीतने वालों ने विजयनगर को ऐसे खा लिया था, जैसे टंगड़ी कबाब खाता है। वर्तमान स्थिति उस समय से भिन्न नहीं कही जा सकती। यहां बात टंगड़ी कबाब की नहीं, चिकन नेक की है। यह चिकन नेक भारत के पूर्वोत्तर राज्यों असम, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, मणिपुर, मिजोरम, नागालैंड और त्रिपुरा को देश के शेष हिस्से से जोड़ने वाली एकमात्र स्थलीय कड़ी है। इसके उत्तर में नेपाल और भूटान, दक्षिण में बांग्लादेश और पूर्व में चीन की सीमाएं हैं। इसकी भौगोलिक स्थिति इसे भारत के लिए बेहद संवेदनशील बनाती है। यदि इस कॉरिडोर पर किसी भी तरह का नियंत्रण या हमला होता है, तो भारत का पूर्वोत्तर क्षेत्र शेष देश से कट सकता है, जो न केवल सैन्य दृष्टिकोण से बल्कि आर्थिक और सामाजिक दृष्टिकोण से भी विनाशकारी होगा। चिकन नेक की संवेदनशीलता को देखते हुए भारत ने इस क्षेत्र की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। भारतीय वायुसेना ने हाशिमारा एयरबेस पर राफेल लड़ाकू विमानों की तैनाती की है, साथ ही ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलें और एस-400 वायु रक्षा प्रणाली जैसे उन्नत हथियारों को भी इस क्षेत्र में तैनात किया है। फिर भी, बांग्लादेश के लालमोनिरहाट में चीन की संभावित मौजूदगी भारत के लिए एक नई चुनौती प्रस्तुत करती है। सलालमोनिरहाट बांग्लादेश का एक उत्तर-पश्चिमी जिला है, जो भारत के पश्चिम बंगाल के कूचबिहार और जलपाईगुड़ी जिलों से सटा हुआ है। यह क्षेत्र चिकन नेक से कुछ ही किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। कूचबिहार और जलपाईगुड़ी भारत के उन महत्वपूर्ण जिलों में शामिल हैं, जो सिलीगुड़ी कॉरिडोर के प्रवेश द्वार के रूप में कार्य करते हैं। लालमोनिरहाट में किसी भी सैन्य या रणनीतिक ढांचे का निर्माण, विशेष रूप से चीन जैसे देश द्वारा, भारत के लिए सीधा खतरा उत्पन्न कर सकता है।

# सरकारी दफ्तर का अलादीन चिराग


डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

कहते हैं, सरकारी दफ्तर में फाइलें नहीं चलतीं, वे ठहाके लगाती हैं। बाबू के हाथ में आते ही फाइलें कबड्डी खेलने लगती हैं, टेबल से टेबल कूदती हैं और बीच-बीच में कुछ महीनों के लिए 'गायब' होकर गुप्त साधना करने चली जाती हैं। सरकारी दफ्तर वह जगह है जहाँ काम की गुहार लगाने वाला जनता का 'जिन्न' होता है, और बाबू 'अलादीन', जो चिराग रगड़वाने के बाद ही फाइल में हरकत भरता है। यह बात रामलाल को तब समझ आई, जब उसने अपने मकान के नक्शे की स्वीकृति के लिए नगर निगम में दस्तक दी। वहाँ का बाबू ऐसे टेबल पर बैठा था, जैसे कि किंग कोबरा नागमणि पर। चाय की चुस्की लेते हुए उसने रामलाल की फाइल ऐसे उलटी-पलटी जैसे डॉक्टर मरीज की रिपोर्ट देखते हुए सोचता है कि बचाए या दाह संस्कार की सलाह दे। अरे भैया, यह फाइल तो अधूरी है! इसमें तो आठ दस्तावेज कम हैं! बाबू ने ऐसे कहा, जैसे माँगपत्र नहीं, अपहरण की फिरौती रख रहा हो। रामलाल ने घबराकर पूछा, कौन-कौन से? बाबू ने गिनाना शुरू किया, संपत्ति कर रसीद, बिजली बिल, पानी बिल, हलफनामा, पड़ोसियों की सहमति, वास्तुशास्त्री का प्रमाणपत्र, दो फोटो और एक पंडित जी की कुंडली! रामलाल अवाक! कुंडली क्यों? अरे भाई, कहीं राहु-केतु भारी हो तो भवन निर्माण में बाधा आ सकती है! बाबू ने ऐसा ज्ञान बघारा जैसे सरकारी दफ्तर का नया ग्रह विभाग वही हो। रामलाल ने किसी तरह फाइल पूरी की और फिर बाबू के पास पहुँचा। अब तो काम हो जाएगा ना? बाबू ने ऐसे मुस्कराया जैसे ट्रैफिक सिपाही हेलमेटविहीन बाइक सवार को देखता है। देखिए, आपके कागज तो पूरे हैं, पर इसमें अभी 'ऊर्जा' नहीं है! रामलाल को लगा, फाइल नहीं, मोबाइल की बैटरी चार्ज करनी है। ऊर्जा? अरे भाई, मतलब सेवा शुल्क! समझे कि नहीं? अब रामलाल समझ गया कि सरकारी दफ्तर में फाइलें तभी दौड़ती हैं जब इनके पेट में नोट रूपी ग्लूकोज जाए।आखिरकार, जब सब कुछ 'चार्ज' हो गया, तो बाबू ने अपने जादुई पेन से फाइल पर दस्तखत किए। रामलाल की आँखों में आँसू आ गए, जैसे काशी के पंडा को मुग़ल बादशाह से दान पत्र मिल गया हो। अब नक्शा पास हो जाएगा? बाबू ने कंधे उचकाए, बस एक सिग्नेचर और चाहिए—साहब का। साहब से मिलने के लिए भी एक विशेष 'पासवर्ड' चाहिए था—एक और 'ऊर्जा' का इंजेक्शन। रामलाल किसी तरह साहब तक पहुँचा। साहब तो ऐसे बैठे थे जैसे महल के राजा, और उनके सामने फाइलें ऐसे पड़ी थीं जैसे गुलाम लाइन लगाकर फरमान सुनने आए हों।

# हनुमान जयंती ? सही तिथि, शुभ मुहूर्त

हनुमान जयंती पर हनुमान जी की विशेष पूजा करने का प्रावधान है, ऐसा करके हम अपने जीवन में आने वाली तमाम बाधाओं को दूर कर सकते हैं। इस दिन विशेष तरह के प्रयोगों से हम ग्रहों को भी शांत कर सकते हैं। शिक्षा, विवाह के मामले में सफलता और कर्ज से मुक्ति के लिए ये दिन अति विशेष होता है।

इस बार हनुमान जयंती 12 अप्रैल, शनिवार को मनाई जाएगी। हनुमान जयंती को हनुमान जन्मोत्सव भी कहा जाता है। हनुमान जी को संकट मोचन कहा जाता है ऐसा कहते हैं कि हनुमान जी के नाम मात्रा से हर तरह का संकट और भय दूर हो जाता है। पूरे भारत में हिंदू धर्म के लोग इस दिन को बड़ी श्रद्धा के साथ मनाते हैं। तो आइए जानते है तिथि, शुभ मुहूर्त, पूजा विधि और महत्व।

### ऐसे करें हनुमान जी की पूजा

हनुमान जयंती का दिन बहुत ही पवित्र माना जाता है। इस दिन ब्रह्म मुहूर्त में उठें और फिर स्नान करके साफ सुथरे वस्त्र पहनें। उसके बाद हनुमान जी की पूजा की तैयारी करें। आप चाहें तो बजरंगबली की घर के मंदिर में पूजा कर सकते है या मंदिर भी जा सकते हैं। इस दिन जो कोई व्यक्ति सच्चे मन से संकल्प लेकर हनुमान चालीसा या सुंदर कांड का पाठ करता है, उसकी हर मनोकामना स्वयं हनुमान जी पूरा करते हैं। साथ ही आप हनुमान जी को उनका प्रिय भोग चढ़ाते हैं तो उनपर हनुमान जी अपनी कृपा बरसाते हैं। उनको बूंदी के लड्डू, मीठा पान, गुड़, केले का भोग जरूर लगाएं। कई भक्त इस अवसर पर उपवास भी रखते हैं।

### हनुमान जयंती का आध्यात्मिक महत्व

भगवान हनुमान जी भगवान श्री के सबसे बड़े भक्त हैं। उनकी मदद से भगवान श्री राम रावण का वध कर माता सीता को अयोध्या वापस लाएं थे। भगवान के प्रति उनकी अटूट भक्ति और अपार शक्ति के लिए जाने वाले हनुमान साहस, निस्वार्थ सेवा और भक्ति के प्रतीक हैं। उनकी पूजा करने से जीवन की सारी बाधाओं दूर होती है, और नकारात्मक ऊर्जा से सुरक्षा मिलती है।

**इस साल हनुमान जयंती का पर्व 12 अप्रैल, शनिवार को मनाया जाएगा. इस बार चैत्र मास की पूर्णिमा तिथि 12 अप्रैल को दोपहर 3 बजकर 21 मिनट पर शुरू होगी और इस समापन 13 अप्रैल को सुबह 05 बजकर 51 मिनट पर होगा. हिंदू मान्यताओं के अनुसार, हनुमान जी का जन्म सूर्योदय के समय हुआ था, इसलिए इस दिन कई मंदिरों में भोर से सूर्योदय तक पूजा, अनुष्ठान किया, भजन, कीर्तन किया जाता है.**



### हनुमान जयंती के उपाय

#### सेहत संबंधी समस्या हो तो

इस दिन लाल रंग के वस्त्र धारण करें, हनुमान जी को सिंदूर, लाल फूल और मिठाई अर्पित करें। इसके बाद हनुमान जी के सामने हनुमान बाहुक का पाठ करें, सेहत की बेहतरी के लिए प्रार्थना करें।

#### आर्थिक लाभ और कर्ज मुक्ति के लिए

हनुमान जी के सामने चमेली के तेल का दीपक जलाएं, हनुमान जी को गुड़ का भोग लगाएं। इसके बाद हनुमान चालीसा का 11 बार पाठ करें, संभव हो तो इस दिन मीठी चीजों का दान भी करें।

## हनुमान जी की भक्ति निःस्वार्थ भाव से करनी चाहिए

### भक्ति निःस्वार्थ भाव से करनी चाहिए

हनुमान जी की प्रमुख पहचान श्रीराम के प्रति उनकी निःस्वार्थ भक्ति है। राम जी ने कई बार हनुमान जी कुछ मांगने के लिए कहा, लेकिन उन्होंने कभी भी अपने स्वार्थ के लिए कुछ नहीं मांगा। उनका जीवन श्रीराम की सेवा और भक्ति में पूर्ण रूप से समर्पित रहा।

### आत्मविश्वास से मिलती है सफलता

लंका जाकर माता सीता का पता लगाने का काम बहुत मुश्किल था, लेकिन हनुमान ने आत्मविश्वास और भगवान राम की कृपा से ये मुश्किल काम भी पूरा किया। सुंदरकांड में हनुमान जी ने अद्भुत साहस, धैर्य और बुद्धिमत्ता का परिचय दिया था। लंका पहुँचकर वे सीता माता से मिले, उन्हें श्रीराम की अंगूठी दी और भरोसा दिलाया कि वे शीघ्र मुक्त होंगी।

राम-रावण के बीच हुए युद्ध के समय जब लक्ष्मण मूर्छित हो गए, तब हनुमान जी को संजीवनी बूटी लाने भेजा गया। उन्होंने पूरा पर्वत ही उठा लिया और समय रहते लौट आए, जिससे लक्ष्मण का जीवन बच सका। यदि किसी कार्य के प्रति निष्ठा और भक्ति हो और खुद पर भरोसा हो तो असंभव काम को भी संभव किया जा सकता है। जब लक्ष्य स्पष्ट हो तो हर बाधा आसानी से पार हो सकती है।

### सेवा भावना के साथ करना चाहिए हर काम

हनुमान जी ने कभी भी अपनी शक्तियों पर घमंड नहीं किया। बलवान और सामर्थ्यवान होने के बाद भी वे सदा सेवाभावी रहे। रावण वध के बाद जब रामराज्य की स्थापना हुई, तब सभी लोग विश्राम कर रहे थे, लेकिन हनुमान जी उस समय भी श्रीराम की सेवा में लगे रहे। सेवा भावना के साथ किए गए काम मन को शांत करते हैं और हमें अहंकार से बचाते हैं।

## हनुमान जन्मोत्सव पर बने हैं कई शुभ योग

### 3 राशियों पर बरसेगी बजरंगबली की कृपा

#### मेष राशि

हनुमान जन्मोत्सव के बाद आपके जीवन में स्थिरता आएगी। अपने लक्ष्यों की ओर आप केंद्रित होंगे और उन्हें प्राप्त करने का सही रोडमैप भी आपके पास होगा। इस राशि के कुछ जातक भूमि या भवन इस दौरान खरीद सकते हैं। कुछ लोगों को इस दौरान मनचाही जॉब प्राप्त हो सकती है। अच्छे लोगों से आपका संपर्क होगा जिससे भविष्य में आपके काम बन सकते हैं।

#### मिथुन राशि

जिन सपनों को पूरा करने के लिए आप मेहनत कर रहे थे वो इस दौरान सच हो सकते हैं। आपका कोई करीबी आपका मार्गदर्शन करेगा जिससे भविष्य को लेकर आप सही योजनाएं बना पाएंगे। प्रतियोगी परीक्षाओं में इस राशि के विद्यार्थियों को सफलता प्राप्त हो सकती है। भाग्य भी आपके साथ खड़ा रहेगा जिससे बिगड़ते काम भी बन सकते हैं। अगर कोई मामला कोर्ट कचहरी में फंसा था तो उसमें आपको विजय प्राप्त हो सकती है।

#### कन्या राशि

सामाजिक स्तर पर कन्या राशि के जातकों को सुखद परिणाम प्राप्त होंगे। आपकी योजनाएं इस दौरान सफल होंगी। कारोबारियों को मुनाफा प्राप्त हो सकता है। वैवाहिक जीवन में भी आपकी स्थिति बेहतर बनी रहेगी। पार्टनर को उनके कार्यक्षेत्र में उपलब्धियां इस दौरान प्राप्त होंगी। धन से जुड़ी समस्याओं का हल आपको मिलेगा, धन का संचय कर पाने में भी कामयाब होंगे। सरकारी क्षेत्र में कार्य करते हैं तो पदोन्नति मिलने की संभावना है।

#### कुंभ राशि

कुंभ राशि के जातकों के ज्ञान में वृद्धि होगी। बजरंगबली आपको शिक्षा के क्षेत्र में अनुकूल परिणाम दिलाएंगे। सेहत का मिजाज भी अच्छा रहेगा, कुछ जातकों को किसी पुरानी बीमारी से इस दौरान निजात मिलेगी। जो लोग विवाह योग्य हैं उन्हें अच्छा जीवन साथी मिल सकता है। पैतृक कारोबार करने वालों के लिए समय अच्छा रहेगा, इस दौरन आप कारोबार का विस्तार कर सकते हैं।

## हनुमान जी के गुणों को जीवन में उतारें






निरंकार सिंह


हनुमान भगवान राम की भक्ति की पराकाष्ठा के साक्षात रूप हैं। उन्होंने अपने मान सम्मान का पूरी तरह से हनन कर लिया है अर्थात अहंकार शून्य है। लेकिन जब राम के मान की बात आती है तब उनका रौद्र रूप दिखायी देता है। राम रावण युद्ध में उन्होंने रौद्र रूप धारण करके राक्षसों का भयंकर विनाश किया था। वह भगवान राम का कार्य करने के लिए सदैव तत्पर दिखायी देते हैं। परोपकार, दया और विनम्रता उनके व्यक्तित्व का प्रमुख गुण है। इसलिए हनुमान के भक्त यदि अपने चरित्र में इन गुणों का कुछ भी अंश लायें तो आज के समाज का बड़ा कल्याण हो सकता है। हनुमान जी बुद्धिमान, संयमी और ज्ञानियों के अग्रणी माने जाते हैं। उनके शरीर के साथ- साथ उनका मन भी अत्यन्त शक्तिशाली है। उन्हें अमरत्व का वरदान प्राप्त है। यही कारण है कि आज देश के मन्दिरों में राम मन्दिर से अधिक हनुमान मन्दिर हैं। राम ने उन्हें अमरत्व का वरदान दिया था इसलिए आज भी वे हमारे बीच विराजमान हैं। वे अमंगल का नाश करने वाले हैं। उन्हें मंगल मूरति, मारूतिनंदन सकल अमंगल मूल निकंदन कहा जाता है। हनुमान जी बल, बुद्धि और विद्या के अद्भुत संगम थे। उन्होंने लंका दहन के समय अपनी असीम शक्ति का प्रदर्शन किया, रावण के साथ युद्ध में अपनी बुद्धिमानी से विजय प्राप्त की और सूर्य देव से विद्या प्राप्त कर ज्ञान का भंडार भर लिया। इन गुणों के कारण ही वे भगवान राम के परम भक्त बन गये और संकटमोचन के रूप में जाने गये। आत्मज्ञान के लिए बल, बुद्धि और विद्या इन तीनों गुणों का होना आवश्यक माना गया है। बल हमें कठिनाईयों का सामना करने की शक्ति देता है। बुद्धि हमें सही मार्ग चुनने में मदद करती है और विद्या हमें आत्मज्ञान प्राप्त करने के लिए आवश्यक ज्ञान प्रदान करती है। हनुमान जी, बल, बुद्धि और विद्या के सागर हैं। भक्त शिरोमणि हनुमान, सदैव राम भक्ति में लीन रहते हैं। वानरराज सुग्रीव से मित्रता गाठनी हो या सीता माता की खोज में अथाह सागर को पार करना हो, स्वर्ण नगरी को जलाकर लंकापति का अहंकार चूर-चूर करना हो या संजीवनी बूटी लेकर लक्ष्मण जी को नया जीवन देना हो हर कदम पर हनुमान जी ही दिखायी देते हैं। सीता माता की खोज में जब महावीर हनुमान समुद्र पार कर रहे थे, तब देवताओं के इशारे पर सुरसा ने उन्हें निगलने के लिए अपना विशाल मुख खोल दिया। हनुमान ने भी अपना रूप बढ़ा लिया, तो सुरसा ने भी सौ योजन का मुख कर लिया। तब हनुमान जी लघु रूप धारण कर सुरसा के मुख में प्रवेश कर गए और फिर बाहर निकल आए। सुरसा हनुमान की बुद्धि देखकर चकित रह गई और उन्हें आशीर्वाद देकर विदा किया। इसी तरह, सिंहिका के रूप में प्रकट हुई रावण की बहन को भी हनुमान ने अपनी बुद्धि से परास्त किया। रामकथा में हनुमान जी का चरित्र इतना प्रखर है कि उसने राम के आदर्शों को गढ़ने में अहम भूमिका निभाई। रामकथा में हनुमान जी के चरित्र से हम जीवन के सूत्र हासिल कर सकते हैं। वीरता, साहस, सेवाभाव, स्वामिभक्ति, विनम्रता, कृतज्ञता, नेतृत्व और निर्णय क्षमता जैसे हनुमान के गुणों को अपने भीतर उतारकर हम सफलता के मार्ग पर अग्रसर हो सकते हैं।रावण के स्वर्णलंका पर दौलत का अहंकार छाया था, लेकिन हनुमान जी ने उसका अस्तित्व ही मिटा दिया। यह सिर्फ एक भवन का दहन नहीं था, बल्कि अहंकार के प्रतीक का नाश था। ठीक इसी तरह, महाभारत के युद्ध के बाद, भीम और अर्जुन को शक्ति मिलने पर घमंड हो गया था। श्रीकृष्ण के आदेश पर हनुमान जी ने उनकी इस अहंकार की आग को बुझा दिया।कलियुग में हनुमान ही एकमात्र जाग्रत देव हैं। उनका चारों युग में प्रताप है। उनकी भक्ति से व्यक्ति के भीतर साहस और आत्मविश्वास का संचार होता है। हनुमानजी की भक्ति हर संकट से बचाती है। भक्तों ने अपनी भक्ति के चलते हनुमानजी के अलग-अलग रूप को पूजनीय बनाया है। कहते हैं कि हनुमानजी की भिन्न-भिन्न मूर्तियों की उपासना से भिन्न-भिन्न फल की प्राप्ति होती है।हनुमान जी का नाम जब भी लिया जाता है, तो मन में एक परम भक्त की छवि बनती है। साथ ही एक ऐसा मित्र जिन्होंने मित्रता निभाने के लिए हर एक संकट को पार करके रामजी और सीता जी के पुनर्मिलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इन सभी विशेषताओं से अलग हनुमान जी में ऐसी विशेषताएं भी हैं, जो एक बेहतर इंसान ही नहीं बल्कि समाज में बदलाव लाने के लिए भी बहुत आवश्यक है। हनुमान जी के इन गुणों को अपनाकर आज दुनिया को बेहतर बनाया जा सकता है। हम अगर हनुमान जी के गुणों को अपनाएं, तो हमारे जीवन में कई सकारात्मक परिवर्तन आ सकते हैं। हनुमान जी के कुछ ऐसे गुण जिन्हें अपनाने से दुनिया में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है।



हनुमान जी श्रीराम को अपना आराध्य ही नहीं बल्कि अपना मित्र भी मानते थे इसलिए उन्होंने पूरी ईमानदारी के साथ श्रीराम का साथ दिया। आज की दुनिया में लोग अपनी स्वार्थपूर्ति के लिए किसी का भी भरोसा तोड़ने से पीछे नहीं हटते। जब हम किसी का विश्वास तोड़ते हैं, तो इसका असर उस इंसान पर जरूर होता है जिसका विश्वास टूटा है। ऐसे में उस इंसान के अंदर अविश्वास की भावना आ जाती है और वह फिर किसी पर भी विश्वास नहीं करता। इससे दुनिया में नकारात्मकता बढ़ती जाती है।

आज की दुनिया में अपनी भलाई के बारे में तो सभी सोचते हैं लेकिन कई बार अपनी भलाई की प्राथमिकता में हम दूसरों का बुरा कर देते हैं। दूसरी तरफ हनुमान जी ने हमेशा ही स्वार्थ से ऊपर उठकर दूसरों के बारे में पहले सोचा। अपने मित्र श्रीराम, सुग्रीव और अन्य लोगों की मदद के लिए हनुमान जी हमेशा तत्पर रहते थे। आज अगर हम अपनी भलाई के अलावा दूसरों के लिए भी अच्छा सोचें, तो इस गुण से दुनिया में फैल चुकी नकारात्मकता को खत्म किया जा सकता है।

आज के समय में ध्यान भटकाने के लिए बहुत-सी चीजें हैं। ज्यादातर लोग चुनौतियों से डरकर या फिर किसी प्रलोभन का शिकार होकर अपने लक्ष्य से भटक जाते हैं लेकिन हनुमान जी के जीवन से अपने लक्ष्य से न भटकने की सीख मिलती है। जब हनुमान जी समुद्र पार करके लंका जा रहे थे, तो उनके मार्ग में कई चुनौतियां आईं लेकिन वे कभी भी अपने लक्ष्य से नहीं भटके। अपने लक्ष्य से न भटकने के गुण के साथ हम समाज के लिए कुछ बड़ा कार्य कर सकते हैं।

# इमरान हाशमी ने नेपोटिज्म पर की खुलकर बात आलिया भट्ट की जबरदस्त एक्टिंग की तारीफ की




बॉलीवुड अभिनेता इमरान हाशमी ने अपनी कजिन आलिया भट्ट की जमकर तारीफ की है। हाल ही में रणवीर अल्लाहबादिया के पॉडकास्ट 'द रणवीर शो' में इमरान से आलिया की कामयाबी और नेपोटिज्म को लेकर सवाल किए गए। इमरान ने इस पर खुलकर जवाब देते हुए कहा कि आलिया ने अपनी मेहनत और प्रतिभा से यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने यह भी कहा कि पुरानी पीढ़ी नई पीढ़ी के लिए रास्ता आसान करती है, लेकिन आलिया का स्टारडम उनकी अपनी मेहनत का नतीजा है।

**इमरान ने नेपोटिज्म पर की खुलकर बात**

रणवीर ने जब इमरान से पूछा कि क्या महेश भट्ट के लंबे करियर का आलिया को फायदा मिला? इस पर जवाब देते हुए इमरान ने बेहद साफगोई से जवाब देते हुए कहा, ₹हर पीढ़ी अपने बच्चों के लिए एक सीढ़ी की तरह काम करती है। मेरे पिता या दादा-दादी से मुझे जो सीख मिली, उसने मुझे इंडस्ट्री को समझने में मदद की। ठीक वैसे ही, महेश भट्ट ने आलिया को सलाह और अनुभव जरूर दिए होंगे। हालांकि, इसका मतलब यह नहीं कि आलिया की कामयाबी सिर्फ इस वजह से है।₹ इमरान ने साफ किया कि फिल्म इंडस्ट्री में बिना बैकग्राउंड वाले लोग भी सुपरस्टार बने हैं, लेकिन जिन्हें मार्गदर्शन मिलता है, उनके लिए रास्ता थोड़ा आसान हो जाता है।

**आलिया की मेहनत की जमकर की तारीफ**

इमरान ने आलिया की तारीफ करते हुए कहा, ₹आलिया अपने दम पर स्टार बनी हैं। उन्होंने जो कुछ हासिल किया है, वह उनकी मेहनत और प्रतिभा का नतीजा है। एक्टिंग का सफर बहुत अकेला होता है। आपको खुद कैमरे के सामने जाकर परफॉर्म करना पड़ता है। इसमें कोई और आपकी मदद नहीं कर सकता।₹ इमरान ने यह भी कहा कि आलिया बेहद मेहनती हैं और अपनी हर भूमिका में जान डाल देती हैं।

**पहले शॉट से पहले डर गई थीं आलिया**

इमरान ने इस बातचीत के दौरान एक पुराना किस्सा भी साझा किया जो आलिया के संघर्ष को बयां करता है। उन्होंने कहा, जब आलिया को अपना पहला शॉट देना था तो वह बहुत घबराई हुई थीं। वह ऑफिस आईं और मुझसे सलाह मांगने लगीं। अगले दिन उनका पहला शॉट था, इसलिए वह काफी नर्वस थीं। लेकिन सच कहूं तो उन्हें मेरी सलाह की जरूरत नहीं थी। वह खुद में एक शानदार एक्टर हैं।

**इमरान की कजिन हैं आलिया**

क्या आप जानते हैं कि इमरान और आलिया कजिन्स हैं? इमरान की दादी मेहरबानो मोहम्मद अली (जिन्हें पूर्णिमा दास वर्मा के नाम से जाना जाता था) और महेश भट्ट की मां शिरीन मोहम्मद अली बहनें थीं। यानी आलिया, जो महेश भट्ट की बेटी हैं, इमरान की कजिन हैं।

## निर्देशन की जिम्मेदारी को लेकर डरे हुए हैं ऋतिक रोशन



ऋतिक रोशन 'कृष 4' फिल्म से बतौर निर्देशक के रूप में नजर आने वाले हैं। इसकी जिम्मेदारी उन्हें उनके पिता ने सौंपी है। अमेरिका में एक इवेंट के दौरान ऋतिक ने बताया कि उन्हें निर्देशन की यह नई भूमिका निभाने में घबराहट हो रही है। जानिए पूरी खबर।

**ऋतिक के अंदर एक फिल्म निर्माता है**

बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रोशन इस समय यूएस टूर पर हैं, उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर आती रहती हैं। इसी दौरान अभिनेता एक अमेरिकन इवेंट में पहुंचे, जहां एक वीडियो में वह यह कहते हुए सुनाई दे रहे हैं कि उनके इंदर एक फिल्म निर्माता है। इस पर उनसे पूछा गया कि वह इस नए भूमिका को लेकर कितने उत्साहित हैं, तो उन्होंने जवाब दिया कि वह डरे और घबराए हुए हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि उन्हें लग रहा है कि वह किंडरगार्टन में वापस आ गए हैं, मतलब कि उन्हें लग रहा है कि वह फिर से किसी बिल्कुल नए चीज पर काम करने वाले हैं।

**अभिनेता ने निर्देशन को लेकर कही ये बात**

ऋतिक रोशन ने आगे बातचीत में कहा कि 'कृष 4' फिल्म का निर्देशन उनके लिए एक नई चुनौती होगी, जिसमें दुविधा, तलाश और खोज शामिल होंगे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि ऐसे कई पल आएंगे, जब उन्हें लगेगा कि उनके जीवन का ये सबसे खराब निर्णय है। अभिनेता ने कहा कि जब वह अकेले होंगे, तो वो अपने उन पलों को याद करेंगे जिसमें वो डर जाते थे। साथ ही कहा कि वह अपने दर्शकों के प्यार को याद करेंगे।

**ऋतिक रोशन का वर्कफ्रंट**

फिल्म 'कृष 4' का जहां ऋतिक रोशन निर्देशन कर रहे हैं, जिसमें वह बतौर एक्टर भी नजर आएंगे। इसके अलावा वह 'वॉर 2' फिल्म भी शामिल हैं। इस फिल्म में उनके साथ साउथ एक्टर जूनियर एनटीआर नजर आएंगे। इस फिल्म की शूटिंग के लिए कुछ दिन पहले जूनियर एनटीआर मुंबई में ही थे। जूनियर एनटीआर को ऋतिक अपना पसंदीदा को-एक्टर भी बताते हैं। यह फिल्म सिनेमाघरों में 14 अगस्त को रिलीज होगी।

# जब राजकुमार राव ने निभाया 324 साल बूढ़े व्यक्ति का किरदार

## सभी ने कहा- 'ये तो कोई भी कर सकता है'


हाल ही में राजकुमार राव की कॉमेडी फिल्म 'भूल चूक माफ' का ट्रेलर लॉन्च किया गया। बहुत जल्द अभिनेता फिल्म में नजर आएंगे। इसी मौके पर राजकुमार राव ने दिनेश विजन और मैडॉक फिल्म्स के साथ अपना पहला अनुभव साझा किया। बातचीत में बताया कि उनके उस रोल के बारे में लोगों ने कहा कि ये तो कोई भी कर सकता है। इसके अलावा उन्होंने दिनेश के साथ अपने अटूट रिश्ते के बारे में भी बात किया। जानिए पूरी खबर।

किस फिल्म का किया जिक्र?

फिल्म के ट्रेलर लॉन्च इवेंट के दौरान राजकुमार राव ने फिल्म निर्माता दिनेश विजन और मैडॉक फिल्म्स के साथ अपने पहले अनुभवों को साझा किया। अभिनेता ने कहा, 'कुछ जोड़िया स्वर्ग में बनती हैं। उनमें से दीनू और मैं एक हैं। हमारा रिश्ता तब शुरू हुआ, जब मैंने साल 2017 में 'राब्ता' फिल्म में एक छोटा सा पार्ट किया था, जिसे दीनू ने निर्देशित किया था।' इसके आगे उन्होंने कहा कि उस किरदार के बारे में लोगों ने कहा कि यह तो कोई भी कर सकता था, क्योंकि उस भूमिका में उन्हें कोई पहचान नहीं सकता था।

इस रोल ने सबको डरा दिया था

'राब्ता' फिल्म में राजकुमार राव ने 324 साल के एक बूढ़े इंसान का किरदार निभाया था। उन्हें प्रोस्थेटिक मेकअप के जरिए तैयार किया गया था, जिसमें अभिनेता को कोई पहचान नहीं सकता था। इसी फिल्म के बारे में राजकुमार राव कहते हैं कि दिनेश एकमात्र निर्माता हैं, जिनकी वो सारी छोटी और बड़ी फिल्में जानते हैं और उसे ईमानदारी से पंसद भी करते हैं।

इस दिन रिलीज होगी 'भूल चूक माफ'

राजकुमार राव और वामिका गब्बी अभिनीत फिल्म 'भूल चूक माफ' 9 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म का निर्देशन करण शर्मा ने किया है। जबकि फिल्म का निर्माण दिनेश विजन के मैडॉक फिल्म्स ने किया है। मैडॉक और दिनेश विजन के साथ राजकुमार राव की ये आठवीं फिल्म है। इसको लेकर राजकुमार राव काफी उत्साहित हैं।

# क्या बिपाशा बसु फिल्म 'रेस' 4 का हिस्सा बनेंगी?



बिपाशा बसु फिल्म 'रेस(2008)' में सैफ अली खान के अपोजिट नजर आईं। हाल ही में 'रेस 4' को लेकर काफी चर्चा रही। इसी बीच बिपाशा ने भी एक सोशल मीडिया पोस्ट की। इस पोस्ट के जरिए आखिर बिपाशा क्या बताना चाहती हैं? क्या वह भी फिल्म 'रेस 4' का हिस्सा हैं?

**'रेस सांसों की' गाने को शेयर किया**

बिपाशा बसु ने हाल ही में इंस्टाग्राम पेज के स्टोरी सेक्शन में फिल्म 'रेस' का गाना 'रेस सांसों की' को साझा किया। इस गाने में वह डांस कर रही हैं, साथ ही कैटरीना कैफ भी इसमें नजर आ रही हैं। इस गाने को बिपाशा एक बार फिर से क्यों याद कर रही हैं? इसको लेकर बिपाशा ने कोई भी कैप्शन या मैसेज नहीं लिखा है। ऐसा लगता है कि वह फिल्म 'रेस 4' के मेकर्स को हिंट देना चाहती हैं। क्या एक्ट्रेस दोबारा से इस फिल्म का हिस्सा बनना चाहती हैं?

**सोनिया का किरदार निभाया था**

फिल्म 'रेस(2008)' में बिपाशा बसु ने सोनिया का किरदार निभाया था। फिल्म में सैफ अली खान, अक्षय खन्ना, कैटरीना कैफ, अनिल कपूर नजर आए थे। हाल ही में खबर थी 'रेस 4' में एक नई एंट्री होने वाली है। मेकर्स ने भी कंफर्म किया कि फिल्म में सैफ अली खान के अलावा सिद्धार्थ मल्होत्रा भी नजर आएंगे। बाकी किसी दूसरे एक्टर के नाम पर फिल्म मेकर्स ने मुहर नहीं लगाई है।

**बिपाशा लंबे वक्त से ब्रेक पर हैं**

बिपाशा बसु की बात की जाए तो वह करण ग्रोवर के साथ शादी करने के बाद से ही फिल्मों में कम नजर आने लगी हैं। बेटी देवी के जन्म के बाद तो वह फिल्मों में दिखीं ही नहीं। हो सकता है कि फिल्म 'रेस' का गाना शेयर कर, बिपाशा फिर से फिल्मों में वापसी की चाहत रख रही हों।

**ग्लैमरस किरदारों के लिए जानी गईं बिपाशा**

बिपाशा बसु ने अपने करियर में 'अजनबी', 'राज', 'जिस्म' अलोन, नो एंट्री, फुटपाथ, अपहरण, बचना ए हसीनों जैसे कई अलग-अलग जॉनर की फिल्मा में अभिनय किया है। अधिकतर फिल्मों में उनका ग्लैमरस अंदाज ही नजर आया, जिसे दर्शकों ने पसंद भी किया।

## पाकिस्तान की रेव पार्टी में करीना कपूर का एआई वीडियो वायरल, अवतार देखकर प्रशंसक बोले- हटा दो



कराची में एक रेव पार्टी के दौरान बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर का एआई से बनाया एक वीडियो अब सोशल मीडिया पर सामने आया है, जो अब लोगों के बीच जमकर वायरल हो रहा है, जिसे लेकर उनके प्रशंसक अपनी नाराजगी जता रहे हैं और इस वीडियो को डिलीट करने की मांग कर रहे हैं।

एक खबर के मुताबिक, करीना कपूर का यह एआई वीडियो डीजे हमजा हैरिस ने अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। इसमें करीना का एआई अवतार भीड़ के बीच नाचता दिख रहा है। वीडियो में करीना को औपचारिक कपड़ों में दिखाया गया है और बैकग्राउंड में उनकी फिल्म ₹कभी खुशी कभी गम₹ का मशहूर पू डायलॉग सुनाई देता है।

वीडियो की शुरुआत में लिखा आता है पू आप कराची, पाकिस्तान में रेव पार्टी में हैं और करीना कपूर का एआई वीडियो शुरू होता है और वह नाचने लगती हैं। लेकिन वीडियो वायरल होने के बाद भारत में करीना के फैंस ने इसे नापसंद कर रहे हैं और डीजे से इसे हटाने की मांग कर रहे हैं।

करीना के इस एआई वीडियो से भारत में उनके फैंस काफी नाराज हैं और इस वीडियो को डिलीट करने की मांग कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा, ये एनीमेशन बहुत खराब है? एक और फैन ने लिखा, करीना देख लें, उससे पहले इसे हटा दो। एक और फैन ने लिखा, डांस मूव्स बहुत खराब हैं, बेबो नाराज हो जाएगी!

करीना निर्देशक मेघना गुलजार की फिल्म दायरा में नजर आएंगी, जिसमें पृथ्वीराज सुकुमारन भी नजर आ सकते हैं। फिल्म में पृथ्वीराज एक पुलिसवाले का किरदार निभा सकते हैं।

## 'कृष 4' से बॉलीवुड में दमदार वापसी करने जा रहीं प्रियंका चोपड़ा, रिपोर्ट में किया गया दावा

कृष फ्रेंचाइजी को लेकर हाल ही में एक बड़ी जानकारी सामने आई है। खबर है कि इस बार प्रियंका चोपड़ा जोनस भी इस फिल्म के जरिए फ्रेंचाइजी में वापसी करने वाली हैं।

**ऋतिक के विजन से प्रभावित हुईं प्रियंका**

एक रिपोर्ट के मुताबिक प्रियंका चोपड़ा ने 'कृष 4' में लीड एक्ट्रेस का रोल साइन कर लिया है। बताया जा रहा है कि प्रियंका, ऋतिक की इस फिल्म के विजन से इतनी प्रभावित हुईं कि उन्होंने तुरंत हामी भर दी। वह ऋतिक के डायरेक्शन में काम करने को लेकर भी काफी उत्साहित हैं। फैंस भी इस खबर से खुश हैं, क्योंकि 'कृष' और 'कृष 3' में प्रियंका और ऋतिक की जोड़ी को खूब पसंद किया गया था। उनकी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री ने दर्शकों का दिल जीत लिया था।

**जादू की भी होगी एंट्री**

फिल्म में एक और खास किरदार की वापसी की खबर है। कहा जा रहा है कि इस फ्रेंचाइजी का प्यारा एलियन जादू भी 'कृष 4' में नजर आएगा। जादू का किरदार हमेशा से फैंस का फेवरेट रहा है और अब उसकी वापसी की खबर ने उत्साह को दोगुना कर दिया है। यह देखना दिलचस्प होगा कि इस बार जादू की क्या भूमिका होगी।

**राकेश रोशन कर चुके हैं आधिकारिक एलान**

28 मार्च को फिल्म निर्माता और निर्देशक राकेश रोशन ने एक खास पोस्ट के जरिए



जानकारी दी थी कि अब 'कृष 4' का निर्देशन उनके बेटे ऋतिक रोशन करेंगे। राकेश रोशन ने लिखा था, डुग्गू, 25 साल पहले मैंने तुम्हें एक एक्टर के तौर पर लॉन्च किया था। आज 25 साल बाद मैं और आदित्य चोपड़ा तुम्हें डायरेक्टर के तौर पर लॉन्च कर रहे हैं। यह हमारी सबसे खास फिल्म 'कृष 4' होगी।₹ इस रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि 'कृष 4' की शूटिंग 2026 की शुरुआत में शुरू होगी।

**साउथ की फिल्म में भी दिखेंगी प्रियंका**

'कृष 4' के अलावा प्रियंका एक और बड़ी भारतीय फिल्म में नजर आएंगी। वह एसएस राजामौली की पैन-इंडिया फिल्म में काम कर रही हैं, जिसका शुरुआती नाम एसएसएमबी 29 है। इस फिल्म में साउथ के सुपरस्टार महेश बाबू लीड रोल में हैं। हाल ही में फिल्म की टीम ओडिशा में शूटिंग के दौरान देखी गई थी।

# रत्ना पाठक के बच्चे पूरे दिन रहते हैं अपने कमरे में बंद, जताई चिंता



हाल ही में रत्ना पाठक ने आजकल के बच्चों को अकेले रहने की आदत पर चिंता जताई है। इसके साथ उन्होंने अपने बच्चों को लेकर भी खुलकर बात की और बताया कि कैसे आज की सुविधाओं ने बच्चों को बंद कमरे में रहने के लिए आदी बना दिया है।

**बच्चों को लेकर रत्ना पाठक ने जताई चिंता**

इंडियन एक्सप्रेस की एक खबर के मुताबिक, रत्ना पाठक ने कहा कि आजकल के बच्चे अपने कमरे में ही रहना पसंद करते हैं और दिन भर बाहर नहीं निकलते। हैदराबाद में एक कार्यक्रम में उन्होंने एक जापानी व्यक्ति की कहानी सुनाई, जो दो साल तक अपने कमरे से बाहर नहीं निकला। वह अपने लैपटॉप पर ही काम, मनोरंजन और सब कुछ करता था। उसे खाना भी कमरे में ही दिया जाता था।

**यह चिंता का विषय है- रत्ना पाठक**

रत्ना ने कहा कि यह बहुत चिंताजनक है। उनके अपने बच्चे सुबह नाश्ता करके कमरे में चले जाते हैं और दिन भर बाहर नहीं आते। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या यही भविष्य हम चाहते हैं, जहां लोग असल दुनिया की बजाय आभासी दुनिया में रहें? उन्हें उम्मीद है कि भारत में लोग मानवीय रिश्तों को महत्व देंगे और उन्हें मनाएंगे।

**अरशद वारसी ने भी जताई थी चिंता**

इससे पहले अभिनेता अरशद वारसी ने भी यही चिंता जताई थी। उन्होंने कहा था कि आज की पीढ़ी का जीवन उनके फोन के इर्द-गिर्द घूमता है। बच्चे अपने कमरे में घुसकर कई दिनों तक बाहर नहीं निकलते।

# 'छावा' की पायरेसी मामले में मुंबई पुलिस को मिली बड़ी सफलता, पायरेसी से हुआ निर्माताओं को नुकसान

हिंदी फिल्म 'छावा' की पायरेसी के मामले में मुंबई की साउथ साइबर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। इस मामले में पुलिस ने एक शख्स को पुणे से गिरफ्तार किया गया है। मुंबई के साउथ साइबर पुलिस स्टेशन को फिल्म 'छावा' की पायरेसी के खिलाफ चल रही जांच में बड़ी कामयाबी मिली है। इस मामले में एक 26 साल के शख्स को पुणे से गिरफ्तार किया गया है। हाल ही में रिलीज हुई इस फिल्म को कई ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर गैरकानूनी तरीके से फैलाया गया था, जिससे निर्माताओं को भारी नुकसान हुआ था।

**पायरेसी से हुआ निर्माताओं को नुकसान**

विक्की कौशल स्टारर 'छावा' 14 फरवरी 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन जल्द ही यह पायरेसी की चपेट में आ गई। इसके बाद अगस्त्य एंटरटेनमेंट कंपनी के सीईओ रजत राहुल हक्सर ने साइबर पुलिस में इसको लेकर शिकायत दर्ज की। उन्होंने कहा कि 14 फरवरी से 20 मार्च 2025 के बीच व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, टेलीग्राम, यूट्यूब और गूगल जैसे प्लेटफॉर्म्स पर फिल्म के 1818 अवैध लिंक फैलाए गए। इन लिंक्स ने कॉपीराइट कानून का उल्लंघन करते हुए फिल्म की कमाई को बड़ा नुकसान पहुंचाया।

**कौन है आरोपी?**

पुलिस ने तकनीकी जांच शुरू की और पता चला कि इन लिंक्स में से एक का कनेक्शन पुणे के दौंड तालुका के रावनवाड़ी, रंधवान वस्ती के रहने वाले माणिक रंधवन से है। 26 साल का सागर होस्टिंगर से डोमेन खरीदकर 'छावा' जैसी नई रिलीज फिल्मों को अपलोड करता था। उसने एक खास ऐप भी बनाया था, जिसके जरिए यूजर्स पैसे देकर फिल्में डाउनलोड करते



थे। सागर की यह गैरकानूनी कमाई का जरिया था, लेकिन पुलिस की सतर्कता ने उसे पकड़ लिया।

**पुलिस हिरासत में आरोपी**

10 अप्रैल 2025 को साउथ साइबर पुलिस की टीम ने दौंड पुलिस की मदद से सागर को गिरफ्तार किया। पीएसआई रूपाली चौधरी की अगुआई में पुलिस ने उसे मुंबई लाया। सागर को हॉलिडे कोर्ट में पेश किया गया, जहां उसे 13 अप्रैल 2025 तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि इस पायरेसी रैकेट में और कौन-कौन शामिल है।

**इन धाराओं में केस दर्ज**

इस मामले में साइबर पुलिस ने कई धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। इनमें भारतीय न्याय संहिता की धारा 316(2) और 318(3), कॉपीराइट एक्ट की धारा 51, 63 और 65(ए), सिनेमैटोग्राफ एक्ट की धारा 6एए और 6एबी और सूचना प्रौद्योगिकी एक्ट की धारा 66 और 63(जे) शामिल हैं। ये सभी धाराएं पायरेसी जैसे गंभीर अपराधों के खिलाफ सख्त सजा का प्रावधान करती हैं।






# गोवा के लिए खेलेंगे यशस्वी जायसवाल



भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने निजी कारणों से अपनी घरेलू टीम मुंबई को छोड़ने का फैसला किया है। जायसवाल ने मुंबई क्रिकेट संघ से कहा कि वह मुंबई छोड़कर गोवा के लिए खेलना चाहते हैं। एमसीए ने उनका अनुरोध मान लिया। अब जायसवाल 2025 26 सत्र में गोवा के लिए खेलेंगे।

एमसीए के एक अधिकारी ने बताया कि यह हैरानी की बात है। उन्होंने कुछ सोचकर ही यह कदम उठाया होगा । जायसवाल ने मुंबई के लिए आखिरी मैच 23 से 25 जनवरी के बीच रणजी ट्राफी में जम्मू कश्मीर के खिलाफ खेला था। उन्होंने चार और 26 रन बनाए, जबकि मुंबई को टूर्नामेंट के इतिहास में पहली बार जम्मू कश्मीर ने पांच विकेट से हराया। गोवा क्रिकेट संघ के सचिव शंबा देसाई ने बुधवार को कहा कि वह गोवा के लिए खेलना चाहते हैं और हम उनका स्वागत करते हैं। वह अगले सत्र से गोवा के लिए खेलेगा। भारतीय टीम के लिए नहीं खेलने के समय जायसवाल गोवा की कप्तानी भी कर सकते हैं। इस बारे में पूछने पर देसाई ने कहा कि हां, ऐसा हो सकता है। वह भारतीय क्रिकेट टीम के लिए खेलते हैं और टीम के कप्तान हो सकते हैं। उनकी उपलब्धता को देखते हुए हम बात करेंगे। अर्जुन तेंदुलकर और सिद्धेश लाड के बाद मुंबई को छोड़कर गोवा जाने वाले जायसवाल तीसरे क्रिकेटर हैं। तेंदुलकर और लाड 2022-23 सत्र में गोवा चले गए थे । लाड पिछले सत्र में मुंबई के लिए लौटे हैं। जायसवाल ने जुलाई 2023 में भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया और तक 19 अब मैचों में 52 से अधिक की औसत से रन बना चुके हैं। वर्षीय 23 खिलाड़ी ने जनवरी 2019 में छत्तीसगढ़ के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई के लिए प्रथम श्रेणी में पदार्पण किया था और उसके बाद से उन्होंने सभी प्रारूप में कुल 63 मैच खेले हैं। जिसमें 10 रणजी ट्राफी के मैच, 25 लिस्ट ए मैच और 28 टी20 में टीम का प्रतिनिधित्व किया है। रणजी ट्राफी में उन्होंने 53.93 की औसत से 863 रन बनाए हैं। इस दौरान उनके बल्ले से चार शतक और दो अर्द्धशतक आए हैं, जबकि घरेलू एक दिवसीय क्रिकेट में उन्होंने 58.9 की औसत से 1,296 रन बनाए हैं ।

उन्होंने पांच शतक लगाए हैं, जिसमें एक दोहरा शतक भी शामिल है। टी20 में जायसवाल ने 26 पारियों में 648 रन बनाए हैं। उनका स्ट्राइक रेट 136.42 का रहा।

# ऐसे काम करती हैं मुंबई इंडियंस की प्रतिभा खोज प्रणाली

आईपीएल पिछले कुछ वर्षों में स्थापित हुआ है और साथ ही प्रतिभा की पहचान का तरीका भी इसमें विकसित हुआ है। एक समय था जब सिर्फ अंतर्ज्ञान ही काफी होता था, लेकिन अपने 18वें ग्रीष्मकाल में, इस लोकप्रिय लीग में अब दीवानगी का एक



विग्नेश पुथुर

और तरीका है, जिसका नेतृत्व मुंबई इंडियंस ने किया है। पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस कई प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को सामने ला रही है। कुछ भारतीय स्तर पर पहुंचे और शानदार प्रदर्शन किया, जबकि कुछ खिलाड़ियों ने आइपीएल में अपने शानदार प्रदर्शन से धमाल मचाया। इनमें केरल के विग्नेश पुथुर और पंजाब के अश्विनी कुमार का नाम सबसे ताजा है।

यह उस प्रतिभा खोज की बदौलत हुआ है, जिसमें शहरों व कस्बों में खेल रहे किशोरों और युवाओं की खोजा जाता है। अब अधिकांश फ्रेंचाइजी इस प्रणाली का अनुसरण कर रहे हैं, लेकिन मुंबई इंडियंस निश्चित रूप से अग्रणी बनी हुई है ।

मुंबई इंडियंस की स्काउटिंग और चयन पद्धति काफी चर्चा में है। यह एक बड़ी टीम है जो मुख्य कोच महेला जयवर्धने, क्रिकेट निदेशक राहुल संघवी और मुख्य डेटा प्रदर्शन प्रबंधक धनंजय सीकेएम (2011 विश्व कप विजेता भारतीय टीम के विश्लेषक) के अधीन काम करती है। ये वे लोग हैं जो प्रक्रिया सीके नायडू टूर्नामेंट पर भी निगाह रखते हैं नेहल वढेरा अबका प्रबंधन और संशोधन करते हैं।

मुंबई इंडियंस की स्काउटिंग प्रक्रिया किस प्रकार काम करती है-

- इसके दो भाग हैं। पहला खिलाड़ियों की तत्काल आवश्यकता के लिए है, जिन्हें ट्रायल के लिए बुलाया जा सकता है और संतुष्ट होने पर नीलामी पूल में शामिल किया जा सकता है। दूसरा प्रतिभा की निगरानी है, विशेष रूप से आयु समूह स्तर पर बिना किसी परेशानी के संचालित टी20 लीग टी20 प्रतिभाओं का केंद्र साबित हो रही है । विग्नेश केपीएल (केरल प्रीमियर लीग) और अश्विनी शेरे-ए-पंजाब टी20 लीग से आए हैं। लेकिन एमआइ के स्काउट्स अंडर-16 विजय मर्चेंट ट्राफी, अंडर-19 कूच बिहार ट्राफी और वीनू मांकड़ ट्राफी के साथ ही अंडर-23 पंजाब किंग्स के साथ) जैसे किसी खिलाड़ी पर पहली बार तब निगाह रखी गई थी जब वे सीके नायडू ट्रॉफी खेल रहे थे ।। स्काउटिंग सिर्फ रणजी ट्राफी, विजय हजारे या सैयद मुश्ताक अली ट्राफी जैसी प्रमुख प्रतियोगिताओं तक ही सीमित नहीं है।

**प्रतिभा का कैसे पता किया जाता है?**

यह एक साल भर चलने वाली प्रणाली है, जिसमें बहुत से स्थानीय खेल, जो कभी सार्वजनिक रूप से सामने नहीं आते, खिलाड़ियों के बारे में कोर टीम को सूचित करते हैं, विशेष रूप से आयु समूह स्तर पर।

प्रक्रिया से अवगत एक व्यक्ति ने बताया, अंडर - 16 स्तर पर कोई विशेष प्रतिभा हो सकती है। प्रशिक्षकों को उस खिलाड़ी पर निगाह रखने के लिए कहा जाता है, लेकिन उसे बताए बिना ताकि वे घबरा न जाएं। इसके अलावा, अगर यह बात बाहर आ जाती है, तो खिलाड़ी को बेहतर होते देखने का उद्देश्य ही खत्म हो जाता है। यह इस विचार के साथ किया जाता है कि खिलाड़ी तीन साल बाद कहां होगा ।

खिलाड़ियों को चुनने के लिए सभी टी20 लीग (टीएनपीएल, महाराजा केएससीए टी20, केपीएल, यूपी टी20, उत्तराखंड पीएल, केपीएल, डीपीएल) और एसएमएटी के माध्यम से, प्रदर्शन की निगरानी की जाती है और डेटा एकत्र किया जाता है।


पीसीए के परिचालन प्रबंधक सतविंदर सिंह ने बताया, अश्वनी तीन वर्षों से जख्मी थे और इस वर्ष जब उन्होंने मोहाली के लिए शेर-ए-पंजाब ट्राफी खेली, तो एमआइ स्काउट्स ने उन पर ध्यान केंद्रित किया। पीसीए से उन चार या पांच विशिष्ट खिलाड़ियों के संपर्क उपलब्ध कराने को कहा गया था, जिन्हें 1 ट्रायल के लिए बुलाया गया था। अश्वनी उनमें से एक थे।



# मुंबई इंडियंस के कॉर्बिन बॉश पर पाकिस्तान ने लगाया एक साल का प्रतिबंध, आईपीएल के लिए पीएसएल से अनुबंध तोड़ा

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने दक्षिण अफ्रीका के कॉर्बिन बॉश पर आईपीएल में खेलने के लिए पाकिस्तान सुपर लीग (पीसीएल) से अनुबंध समाप्त करने के कारण एक साल का प्रतिबंध लगा दिया है। बॉश को जनवरी के ड्राफ्ट में पाकिस्तान सुपर लीग की फ्रेंचाइजी पेशावर जाल्मी ने अपनी टीम में चुना था। इसके बाद आईपीएल की फ्रेंचाइजी मुंबई इंडियंस ने दक्षिण अफ्रीका के एक अन्य खिलाड़ी लिज़ाद विलियम्स के चोटिल होने के कारण उनकी जगह पर बॉश को अपनी टीम में शामिल कर दिया था।

बॉश ने पीएसएल की बजाय आईपीएल में खेलने को प्राथमिकता दी जिसके बाद पीसीबी ने उन पर अनुबंध का उल्लंघन करने का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ



कानूनी नोटिस जारी किया था। इस साल आईपीएल और पीएसएल का आयोजन लगभग एक साथ हो रहा है। पीसीबी में गुरुवार को जारी बयान में कहा, 'इस ऑलराउंडर पर एक साल का प्रतिबंध लगाया गया है और वह अगले साल पाकिस्तान सुपर लीग में खेलने के लिए चयन का पात्र नहीं होगा।'

बॉश ने कहा, 'मुझे अपने फैसले पर गहरा अफसोस है और मैं पाकिस्तान के लोगों, पेशावर जाल्मी के प्रशंसकों और क्रिकेट समुदाय से माफी मांगता हूं। मैं आशा करता हूं कि भविष्य में नए समर्पण और प्रशंसकों के विश्वास के साथ पीएसएल में वापसी करूंगा।'

# रोहित शर्मा के लिए रामबाण साबित होगी माइकल क्लार्क की ये सलाह, दिलाएगी फॉर्म में वापसी



ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क का मानना है कि रोहित शर्मा जल्द ही फॉर्म में वापसी कर लेंगे। इसके लिए उन्हें एक अच्छी पारी की जरूरत है। बता दें कि, रोहित अब तक आईपीएल 2025 में बल्ले से अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके हैं। चार पारियों में वह सिर्फ 38 रन बना सके।

**क्लार्क ने की रोहित के फॉर्म पर बात**

जियोस्टार के विशेषज्ञ क्लार्क ने रोहित के फॉर्म में वापसी को लेकर उम्मीद जताई है। उन्होंने कहा- रोहित असल सुपरस्टार हैं। वह दिन दूर नहीं जब वह शतक लगाएगा। एक अच्छी पारी की जरूरत है। वह 40 या 60 रन की हो सकती है। एक बार लय हासिल कर ली तो आप उसे सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में देखेंगे। मैं उसके फॉर्म को लेकर चिंतित नहीं हूं। हमें महान खिलाड़ियों से हमेशा अपेक्षाएं रहती हैं क्योंकि वे इतने कामयाब होते हैं। लेकिन एक दो मैचों में खराब खेलना चलता है। क्लास स्थायी होती है।

**चार पारियों में सिर्फ 38 रन बना पाए हिटमैन**

रोहित पिछले सीजन मुंबई इंडियंस के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज थे। उन्होंने आईपीएल 2024 में 14 पारियों में 32.07 के औसत और 150 के स्ट्राइक रेट से 417 रन बनाए थे, लेकिन इस सीजन उनका बल्ला खामोश रहा। चार पारियों में हिटमैन ने सिर्फ 38 रन बनाए हैं। उन्होंने 0, 8, 13 और 17 रन की पारी खेली।

# कोलकत्ता के बाद अब बेंगलुरु ने घरेलू पिच पर उठाए सवाल, कार्तिक बोले- हमें हमारी मांग के अनुकूल पिच नहीं मिली

आईपीएल 2025 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को अब तक पांच में से दो मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। ये दोनों मैच चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए थे, जो कि आरसीबी का घरेलू मैदान है। आरसीबी का अपने घरेलू मैदान पर रिकॉर्ड कभी अच्छा नहीं रहा है और आंकड़े इसकी गवाही है। बेंगलुरु की टीम ने चिन्नास्वामी स्टेडियम पर 93 मैच खेले हैं और उसमें से सिर्फ 43 जीते हैं, जबकि 45 में टीम को हार मिली है। एक मैच टाई रहा और चार का कोई नतीजा नहीं निकला। अब आरसीबी के मेंटर दिनेश कार्तिक ने घरेलू मैदान की ही पिच पर सवाल खड़े कर दिए हैं। उनका कहना है कि बल्लेबाजी के लिए अनुकूल पिच की मांग करने के बावजूद इस सत्र में उनकी टीम को चिन्नास्वामी स्टेडियम में चुनौतीपूर्ण पिच मिली हैं। इससे पहले कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने भी ईडन गार्डेन्स की पिच पर सवाल खड़े किए थे।

**चिन्नास्वामी पर दो मैचों में रन नहीं बना सकी आरसीबी की टीम**

कार्तिक ने कहा कि टीम मैनेजमेंट इस मामले में जल्द ही क्यूरेटर से बात करेगा। मौजूदा सत्र में आरसीबी के बल्लेबाज पिच धीमी होने के कारण अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए। हालांकि, उन्होंने जिसके खिलाफ खेला, उसके बल्लेबाज जरूर अच्छा प्रदर्शन करने में कामयाब रहे थे। गुजरात टाइटंस के खिलाफ आरसीबी की टीम ने आठ विकेट पर 169 रन और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ सात विकेट पर 163 रन बनाए।

**'घरेलू परिस्थितियों का लाभ नहीं मिल रहा'**

कार्तिक का मानना है कि उनकी टीम को घरेलू परिस्थितियों का लाभ मिलना चाहिए था। यहां की पिच पर आमतौर पर बड़े स्कोर बनते रहे हैं। कार्तिक ने कहा, 'पहले दो मैच में हमने अच्छी पिच तैयार करने के लिए कहा था, लेकिन हमें इस तरह की पिच मिली जिस पर बल्लेबाजी करना चुनौतीपूर्ण था। हमने परिस्थितियों के मुताबिक अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया, लेकिन हमें क्यूरेटर से बात करनी होगी। हमें पूरा भरोसा है कि वह अपना काम अच्छी तरह से करेंगे।'

**'दोनों मैचों में एक ही जैसी पिच मिली'**

उन्होंने कहा, 'दोनों मैचों में ऐसी पिच नहीं थी जिसे बल्लेबाजों को खास मदद मिल रही हो। यह चुनौतीपूर्ण था। अभी तक यहां खेले गए दोनों मैच में हमें एक जैसी पिच ही मिली है।' कार्तिक ने कहा कि टी20 क्रिकेट में लंबे शॉट और चौके-छक्के काफी मायने रखते हैं। उन्होंने कहा, 'टी20 क्रिकेट की प्रकृति ऐसी है कि इसमें जितने ज्यादा रन बनेंगे उतना प्रसारक को फायदा होगा और फैंस भी खुश होंगे। वे सभी चौके छक्के देखना चाहते हैं। हम जो कर सकते हैं उसके लिए अपनी तरफ से सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेंगे।'

**'कोई विशेष खाका तैयार नहीं किया'**

भारत के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज ने कहा कि चिन्नास्वामी की मौजूदा पिच पर बल्लेबाजों के लिए स्ट्राइक रोटेट करना भी मुश्किल हो जाता है। उन्होंने कहा, 'हर एक पिच पर हम यह समझने की कोशिश करते हैं कि इस पर खेलने का सही तरीका क्या है। मुझे नहीं लगता है कि हमने इसके लिए कोई विशेष खाका तैयार किया है। पिच को समझना और उससे तालमेल बिठाना महत्वपूर्ण होता है, लेकिन चिन्नास्वामी जैसी पिच पर स्ट्राइक रोटेट करना मुश्किल हो जाता है और बड़े शॉट खेलना भी आसान नहीं होता। आखिर में यह टी20 ही है और आपको कुछ शॉट खेलने ही होंगे। इस प्रक्रिया में आपका विकेट भी जा सकता है।'

**रहाणे ने की थी पिच की आलोचना**

इससे पहले आईपीएल 2025 के शुरुआती मैच में ईडन गार्डेंस में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से केकेआर की बड़ी हार के बाद रहाणे ने मैच के लिए इस्तेमाल की गई पिच पर अपनी निराशा व्यक्त की थी। उन्होंने कहा था कि ईडन गार्डेंस में उन्हें स्पिन-फ्रेंडली ट्रैक देखने की उम्मीद की थी। उन्होंने कहा, 'हम पिच से स्पिन गेंदबाजों को मदद मिलते हुए देखना पसंद करेंगे, लेकिन पिछले कुछ दिन से यह विकेट कवर्स के अंदर था। हमारे पास दो-दो स्पिनर्स हैं और उनकी क्वालिटी को देखते हुए, वे किसी भी तरह के विकेट पर गेंदबाजी कर सकते हैं और मुझे यकीन है कि वे आत्मविश्वास से भरे भी हैं।'

**पिच क्यूरेटर ने केकेआर टीम की आलोचना की**

इसके बाद पिच क्यूरेटर सुजान मुखर्जी ने रेवस्पोर्ट्ज से बात की थी। सुजान ने कहा था कि वह पिच में कोई बदलाव नहीं करने जा रहे थे और यहां तक कि उन्होंने आरसीबी के स्पिनरों का उदाहरण भी दिया था। उन्होंने कहा, 'आईपीएल के नियमों के मुताबिक पिच को लेकर फ्रेंचाइजियों की कोई राय नहीं होती है।

# आईपीएल 2025 के एकमात्र कप्तान जिसने 200 के स्ट्राइक रेट से की है अब तक बल्लेबाजी

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में पंजाब किंग्स के कप्तान और विस्फोटक बल्लेबाज श्रेयस अय्यर इस सीजन में अब तक एकमात्र ऐसे कप्तान हैं जिन्होंने अभी तक 200 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं और उनका औसत भी 80 से ऊपर है। श्रेयस अय्यर ने चार मैच खेले हैं और 168 रन बनाए हैं। 97 रन उनका सर्वाधिक स्कोर रहा है। अब तक अय्यर के बल्ले से 10 चौके 14 छक्के निकले हैं। पंजाब किंग्स के लिए अय्यर ने दो पारियों में दो हाफ सेंचुरी भी लगाई है। हालांकि, बीते दो मैच में उनका बल्ला नहीं चला है, बावजूद उनकी स्ट्राइक रेट अन्य कप्तानों की तुलना में सबसे ज्यादा है।

वहीं, मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने 168.75 की स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की है। पांड्या ने चार मैच की तीन पारियों में 81 रन बनाए। पांड्या के बल्ले से 6 चौके और 5 छक्के निकले हैं।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के कप्तान रजत पाटीदार ने इस सीजन में अब तक 161.74 की स्ट्राइक रेट के साथ रन बनाए हैं। पाटीदार ने 5 मैच की 5 पारियों में 186 रन बनाए। 17 चौके और 9 छक्के जड़ चुके हैं। रजत के बल्ले से दो हाफ



श्रेयस अय्यर

सेंचुरी भी आई है और उन्हें दो बार प्लेयर ऑफ द मैच अवार्ड भी दिया गया है।

कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे भी शामिल हैं। उन्होंने 160.00 की स्ट्राइक रेट से पांच मैच की पांच पारियों में 184 रन बनाए हैं। रहाणे के बल्ले से 17 चौके और 12 छक्के निकले हैं।

राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने 150.85 की स्ट्राइक रेट के साथ 5 मैच की 5 पारियों में 178 रन बनाए हैं। सैमसन के बल्ले से 20 चौके और 7 छक्के निकले। हालांकि, संजू शुरुआती मैचों में कप्तानी के लिए उपलब्ध नहीं थे। उनकी जगह रियान पराग ने कप्तानी की थी। लेकिन, संजू एक बार फिर से टीम की कमान अपने हाथों में ले चुके हैं। फैंस को उम्मीद है कि आने वाले मैचों में उनकी बल्लेबाजी का दमखम देखने के लिए मिलेगा।

चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने 150.61 की स्ट्राइक रेट से 5 मैच की 5 पारियों में 122 रन बनाए। 14 चौके और 4 छक्के जड़े। गायकवाड़ ने दो पारियों में सीएसके के लिए हाफ सेंचुरी भी लगाई।

गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने 146.53 की स्ट्राइक रेट से 5 मैच की पांच पारियों में 148 रन बनाए। गिल के बल्ले से 16 चौके और 5 छक्के निकले।

दिल्ली कैपिटल्स के बॉलिंग ऑलराउंडर कप्तान अक्षर पटेल ने 4 मैच की 3 पारियों में 161.11 की स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की। अक्षर ने 56 रन बनाए हैं। अक्षर के बल्ले से 7 चौके और 2 गगनचुंबी छक्के निकले हैं।

ऐसे ही सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस भी मुख्य तौर पर गेंदबाजी करते हैं। बल्लेबाजी में कमिंस ने 155.55 की स्ट्राइक रेट से 5 मैच की 5 पारियों में 56 रन बनाए। उनके बल्ले से 5 चौके और 4 छक्के भी आए।




# आर्थिक मोर्चे पर भारत को झटका! यूएस टैरिफ के डर से मूडीज ने भारत की जीडीपी ग्रोथ का अनुमान घटाया




नई दिल्ली, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। टैरिफ पर ग्लोबल टेंशन के बीच भारत के लिए आर्थिक मोर्चे पर ये खबर झटका देने वाली है।अंतरराष्ट्रीय रिसर्च फर्म मूडीज ने भारत की जीडीपी ग्रोथ रेट के अपने पूर्ववर्ती अनुमान 6.4 प्रतिशत को अब घटाकर 6.1 प्रतिशत कर दिया है। हालांकि, अमेरिका की तरफ से टैरिफ पर लगाए गए 90 दिनों के ब्रेक से पहले मूडीज ने अनुमान लगाया है।रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत का एक बहुत बड़ा पार्टनर अमेरिका है।ऐसे में भारत की तरफ से निर्यात किए जाने वाले सामानों पर 26 प्रतिशत टैरिफ से पूरी तरह व्यापार संतुलन बिगड़ेगा।मूडीज ने आगाह करते हुए कहा कि सबसे ज्यादा असर गेम्स एंड ज्वैलरी, मेडिकल उपकरण और कपड़ा उद्योग पर पड़ेगा।मूडीज एनालिटिक्स की रिपोर्ट 'एपीसी आउटलुकः अमेरिका बनाम देम' में कहा गया है, "हमने भारत के 2025 में जीडीपी वृद्धि दर के अनुमान को मार्च के 6.4% से संशोधित कर 6.1% कर दिया." मूडीज एनालिटिक्स ने कहा कि फिर भी, 'हम उम्मीद करते हैं कि समग्र वृद्धि इस झटके से अपेक्षाकृत अछूता रहेगी, क्योंकि बाहरी मांग जीडीपी का अपेक्षाकृत काफी छोटा हिस्सा है.' मूडीज ने आगे कहा, "चूंकि सकल मुद्रास्फीति में अच्छी गति से कमी आ रही, ऐसे में उम्मीद करते हैं कि आरबीआई रेपो दर में कमी करेगा, जो संभवतः 0.25% की कटौती के रूप में होगी।इससे साल के आखिर तक नीतिगत दर 5.75% रह जाएगी." उसने कहा- "इसी साल घोषित टैक्स प्रोत्साहनों से डोमेस्टिक इकॉनोमी को बूस्ट मिलेगा और अन्य कमजोर इकॉनोमी की तुलना में ओवरऑल ग्रोथ पर शुल्क के झटके को कम करने में मदद मिलेगी."आरबीआई ने अपनी मौद्रिक नीति में बदलाव करते हुए एपीसी की बैठक के बाद 25 बेसिस प्वाइंट की कटौती की थी।इसके बाद वर्तमान में आरबीआई का रेपो रेट 6 प्रतिशत है।इसके साथ ही, आरबीआई ने वित्तीय वर्ष 2026 के लिए महंगाई के अनुमान को घटाकर 4 फीसदी कर दिया है।गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 75 देशों पर 9 अप्रैल से लागू होने वाले टैरिफ पर 90 दिनों के लिए ब्रेक लगा दिया है।हालांकि, चीन को कोई रियायत न देते हुए उसके ऊपर टैरिफ की ये दर 125 प्रतिशत कर दिया है।पांच अप्रैल से लागू 10 प्रतिशत का टैरिफ लागू रहेगा।

## सोने ने फिर बनाया नया रिकॉर्ड, दाम 2990 बढ़े : ये अब तक सबसे महंगा, इस साल 22% बढ़कर 93,074 प्रति 10 ग्राम पहुंचा



नई दिल्ली, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। सोना आज 11 अप्रैल (शुक्रवार) को ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 2,913 बढ़कर 93,074 पर पहुंच गया है। इससे पहले 10 ग्राम सोने की कीमत 90,161 थी। एक किलो चांदी की कीमत आज 1,958 बढ़कर 92,627 प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी का भाव 90,669 प्रति किलो था। वहीं 28 मार्च को चांदी ने 1,00,934 और 3 अप्रैल को सोने ने 91,205 का हाई बनाया था।

**महानगरों में सोने की कीमत**

**दिल्ली :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 87,600 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 95,555 रुपए है।

**मुंबई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 87,450 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 95,400 रुपए है।

**कोलकाता :** 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 87,450 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 95,400 रुपए है।

चेन्नई : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 87,450 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 95,400 रुपए है।

**हैदराबाद :** सोने की दर 24 कैरेट के लिए रुपए 95400 / 10 ग्राम और 22 कैरेट के लिए रुपए 87450/10 ग्राम।

## अमेरिकी टैरिफ से राहत के बीच बाजार में रिकवरी सेंसेक्स 1310 अंक चढ़ा, निफ्टी 22800 पार



नई दिल्ली, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिका की ओर से दुनियाभर के देशों के खिलाफ लगाए गए जवाबी टैरिफ को इस साल 9 जुलाई तक टालने के बाद घरेलू शेयर बाजार में हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन रिकवरी दिखी। शुक्रवार को बेंचमार्क सेंसेक्स 1,310 अंक चढ़कर बंद हुआ। दूसरी ओर, जबकि निफ्टी 22,900 के स्तर से ऊपर पहुंच गया। वैश्विक बाजारों में जारी मंदी के रुख को दरकिनार करते हुए 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1,310.11 अंक या 1.77 प्रतिशत उछलकर 75,157.26 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,620.18 अंक या 2.19 प्रतिशत बढ़कर 75,467.33 अंक के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर, एनएसई निफ्टी 429.40 अंक या 1.92 प्रतिशत बढ़कर 22,828.55 अंक पर पहुंच गया। दिनभर के कारोबार में बेंचमार्क 524.75 अंक या 2.34 प्रतिशत बढ़कर 22,923.90 अंक पर पहुंच गया। व्हाइट हाउस के कार्यकारी आदेश के अनुसार, अमेरिका ने इस वर्ष 9 जुलाई तक 90 दिनों के लिए भारत पर अतिरिक्त जवाबी शुल्क टालने का एलान किया है। 2 अप्रैल को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अमेरिका को माल निर्यात करने वाले लगभग 60 देशों पर जवाबी टैरिफ लगा दिया था। इसी कड़ी में भारत पर भी 26 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगाने की बात कही गई थी। अमेरिका के इस एलान से दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में झींगा से लेकर इस्पात तक के उत्पादों की बिक्री पर असर पड़ने की आशंका है। शुक्रवार के कारोबार के दौरान सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा स्टील, पावर ग्रिड, एनटीपीसी, कोटक महिंद्रा बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और अडानी पोर्ट्स सर्वाधिक लाभ में रहे। केवल एशियन पेंट्स और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के शेयर ही गिरकर बंद हुए।

# एंड्रॉयड, पिक्सेल और क्रोम टीम से गूगल ने सैकड़ों कर्मचारियों को दिखाया बाहर का रास्ता




नई दिल्ली, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। तकनीक क्षेत्र की दिग्गज कंपनी अल्फाबेट के गूगल अपने यहां पर काम करने वाले सैकड़ों कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखा दिया है।ये सभी स्टाफ एंड्रॉयड सॉफ्टवेयर, पिक्सेल स्मार्टफोन और क्रॉम ब्राउजर के लिए काम कर रहे थे।'द इनफॉर्मेशन' के हवाले से ये जानकारी सामने आयी है।इस साल की शुरुआत में में स्वैच्छिक रुप से कंपनी छोड़ने के के कंपनी के प्रस्ताव के बाद ये कदम उठाया गया है।जनवरी के महीने में कंपनी की तरफ से यूनिट से कुछ लोगों को स्वैच्छिक रुप से एग्जिट करने को कहा गया था।सीएनबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक, एंड्रॉयड, क्रोम, क्रोम ओएस, गूगल फोटोज, गूगल वन, पिक्सल, फिटबिट और नेस्ट में करीब 25 हजार कर्मचारी काम कर रहे हैं।अमेरिकी मीडिया ने खबर दी थी कि 2025 की शुरुआत में गूगल ने वहां के कर्मचारियों को टारगेट करते हुए स्वैच्छिक एग्जिट प्रोग्राम चलाया था।2024 में सीनियर वाइस प्रसिडेंट रिक ओस्टरलोह के नेतृत्व में गूगल के एंड्रॉयड और हार्डवेयर का मर्जर किया गया था, ताकि प्रोडक्ट्स में एआई फीचर का इंटीग्रेशन और पूरे कंपनी के ऑपरेशन को व्यवस्थित ढ़ंग से किया जा सके।इससे पहले सीएनबीसी ने ये खबर दी थी कि आंतरिक बदलाव के चलते पीपुल ऑपरेशंस और क्लाउड डिविजन से गूगल अपने कर्चमारियों को हटाने पर विचार कर रहा है।31 दिसंबर 2024 के डेटा के मुताबिक, गूगल की पैरेंट कंपनी अल्फाबेट इंक।में करीब 1,83,323 कर्मचारी काम कर रहे थे, जो उसके पिछले साल की तुलना में 821 (0.45%) का इजाफा था।साल 2025 के चौथे तिमाही में अल्फाबेट को उसकी अपेक्षा के अनुरूप कमाई नहीं हो पाई थी।कंपनी ने 96.56 बिलियन डॉलर कमाई की उम्मीद की थी और उसकी कमाई 96.46 बिलियन डॉलर रही।यूट्यूब का एड रिवैन्यू उसकी अपेक्षा से 10.47 बिलियन डॉलर ज्यादा रहा जबकि गूगल क्लॉड के रिवन्यू में 11.95 बिलियन डॉलर की कमी रही।हालांकि, ओवर ऑल कंपनी ने सालाना 12 प्रतिशत अपनी रिवैन्यू में इजाफा किया।लेकिन महत्वपूर्ण सेक्टर जैसे- एडवरटाइजिंग, सर्च, यूट्यूब और सर्विसेज में पिछले साल के क्वार्टर की तुलना में कमी रही, जिसने निविशकों में चिंता पैदा कर दी।

# भारत से बोरिया-बिस्तर समेट रही यह कंपनी

## खरीदने की होड़ में हैं टाटा-अडानी समेत 15 दिग्गज



नई दिल्ली ,11 अप्रैल (एजेंसियां)। नॉर्वे की सरकारी कंपनी स्टेटक्राफ्ट भारत से अपना बिजनेस मैनेजमेंट की तैयारी में है। उसकी भारतीय इकाई के लिए कई बड़ी कंपनियों ने मिलकर खुलासा किया है। इनमें टाटा पावर, अदानी ग्रीन, केकेआर के निवेश वाली सेरेंटिका रिन्यूएबल्स और ग्रीनको जैसी 15 कंपनियां शामिल हैं। इन सभी एग्रीगेट्स ने स्टेटक्राफ्ट से जुड़ी गोपनीय जानकारी हासिल करने के लिए स्टेटक्राफ्ट से जुड़ी नॉन-डिस्क्लोजर एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किए हैं। मतलब बोली लगाने से पहले वे कंपनी के बारे में पूरी जानकारी हासिल करना चाहते हैं। इस होड में टाटा, अडानी और ग्रीनको के अलावा रिन्यू पावर, अवाडा एनर्जी, वारी एनर्जीज, एडलवाइस अल्टरनेट एसेट्स, एनर्जिएलिस, जेंटारी, दो सरकारी और तीन सरकारी कंपनियां भी शामिल हैं। एनर्जीलिस को स्टेटक्राफ्ट के पूर्व इंडिया हेड राहुल वार्ष्णेय चला रहे हैं। इकोनोमिक टाइम्स की एक खबर के मुताबिक स्टेटक्राफ्ट भारत में अलग-अलग तरह की बिजली की व्यवस्था है। उसके पास पवन ऊर्जा, सौर ऊर्जा, साइबेरियाई ऊर्जा और साइबेरियाई ऊर्जा प्लांट हैं। हाइब्रिड पावर प्लांट में एक सबसे बड़ी इनवेस्टमेंट से बिजली बनाई गई है। स्टेटक्राफ्ट अपनी भारतीय इकाई के लिए 1.5 से 2 अरब डॉलर मांग रही है। इस यूनिट के पास 2 गीगावाट की रिन्यूएबल एनर्जी बनाने की क्षमता है। वो भी प्रोजेक्ट में शामिल हैं जो अभी चल रहे हैं और वो भी जो अभी बन रहे हैं। टाटा पावर ने इस बारे में कोई भी टिप्पणी करने से मना कर दिया। सेरेंटिका रिन्यूएबल्स के एक प्रवक्ता ने कहा कि वह हमेशा बिजनेस के नए स्टॉक की तलाश में रहती है। उन्होंने कहा कि वैयक्तिक गायन एक सामान्य प्रक्रिया है, जिससे वे वेश्याओं का पता लगाते हैं। अडानी ग्रीन, ग्रीनको, रिन्यू पावर, अवाडा एनर्जी, वैरी एनर्जीज, एनर्जेलिस और जेंटारी ने इस बारे में कोई जवाब नहीं दिया। स्टेटक्राफ्ट अपनी भारतीय इकाई को चार मानकों में शामिल कर रही है, ताकि शेयरधारक के पास अधिकतर विकल्प हों। पहला भाग राजस्थान में पवन और सौर ऊर्जा से संबंधित परिसंपत्तियों का है, जिसकी क्षमता 1.5 गीगावाट है। दूसरा हिस्सा हिमाचल प्रदेश में दो सोलर पावर प्लांट का है, जो मलाणा और एलेन डुहांगन में हैं। ये दोनों प्लांट एलएनजे एंटरटेनमेंट ग्रुप के साथ 49:51 की राजभवन में चल रहे हैं। तीसरा और चौथा भाग हिमाचल प्रदेश के तिडोंग और उत्तराखंड के अवशेष में मौजूद त्रिपुरा पावर एसेट्स हैं। आस्था को इस महीने के आखिरी तक अपनी बोली लगानी है। वे पोर्टफोलियो तो पोर्टपोर्ट खरीद सकते हैं या फिर अलग-अलग ग्रेड के लिए भी बोली लगा सकते हैं। स्टेटक्राफ्ट यूरोप की सबसे बड़ी रिन्यूएबल पावर कंपनी है। उन्होंने 23 अक्टूबर 2024 को भारत से अपना बिजनेस मैनेजमेंट लॉन्च किया था। कंपनी नॉर्वे, यूरोप और दक्षिण अमेरिका में जांच को प्राथमिकता दे रही है। स्टेटक्राफ्ट ने 2001 में भारत में कारोबार शुरू किया था। स्टेटक्राफ्ट पहली विदेशी कंपनी थी जिसने भारत में दिवालिया हो गई कंपनी के एसेट्स दिवालिया हो गए थे। नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल ने मार्च 2023 में लैंको मंदाकिनी हाइड्रो पावर के लिए स्टेटक्राफ्ट की बोली को मंजूरी दी थी।

# कौन थे बजाज ऑटो वाले मधुर बजाज

## जिन्होंने 63 साल की उम्र में लीं आखिरी सांस



नई दिल्ली, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। बजाज ऑटो लिमिटेड के पूर्व वाइस चेयरमैन मधुर बजाज का शुक्रवार (11 अप्रैल) को निधन हो गया. मधुर बजाज इस वक्त बजाज फिनसर्व लिमिटेड, बजाज इलैक्ट्रिकल्स लिमिटेड और बजाज ग्रुप के अन्य कंपनियों के डायरेक्टर थे. उन्होंने 2025 के जनवरी में स्वास्थ्य कारणों से बजाज ऑटो के वाइस चेयरमैन के पद से इस्तीफ दे दिया था. इंडिया इंटरनेशनल मूवमेंट टू यनाइट नेशंस की तरफ से बजाज के निधन पर शोक जाहिर जताया गया. उनकी तरफ से कहा गया, हमारे प्यारे सलाहकार मधुर बजाज के जाने से हम गहरे शोक में हैं, जिनकी मानवता, बुद्धि और शांतिपूर्वक नेतृत्व शानदार रहा, जिसकी वजह से हम सभी उन्हें जानते हैं. 2017 में एडवाइजरी बोर्ड बनने के बाद आई.आई.एम.यू.एन. के एक सलाहकार के तौर पर लक्ष्य और एकता के साथ यंग लीडर्स विजन के तौर पर काम करते रहे. आज हम जहां पर खड़े हैं उसमें उनकी सलाह ने आधार का काम किया. उनका जन्म 19 अगस्त 1952 को हुआ था और वे दून स्कूल, देहरादून के एलुमनायी थे. उन्होंने साल 1973 में मुंबई के सिडेनहैम कॉलेज से अपनी बी.कॉम की डिग्री पूरी की. इसके बाद उन्होंने स्विट्जरलैंड के लुसाने में इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट डेवलपमेंट (आईएमडी) से एमबीए की डिग्री ली.

# कर्ज के बाद महंगाई से भी मिलेगी राहत

## पांच साल के निचले स्तर पर आ जाएगी; कम हो जाएंगे सब्जियों के दाम



नई दिल्ली, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। रेपो दर में दूसरी बार 0.25 फीसदी कटौती के बाद अब खुदरा महंगाई से भी आम लोगों को राहत मिल सकती है। खाद्य उत्पादों के दाम घटने से मार्च में खुदरा महंगाई 3.47 फीसदी रह सकती है। यह पांच वर्षों में सबसे कम होगी, जो फरवरी में 3.61 फीसदी रही थी। इससे जून में भी ब्याज दर घटने की संभावना और ज्यादा बढ़ जाएगी। खुदरा महंगाई के आंकड़े शुक्रवार को जारी हो सकते हैं। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकॉनमी (सीएमआईई) के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 में खुदरा महंगाई की औसत दर 4.64 फीसदी रहने का अनुमान है। 2023-24 में यह 5.36 फीसदी थी। यानी एक फीसदी से ज्यादा की गिरावट हो सकती है। गिरावट इसलिए आएगी क्योंकि सब्जियों और दालों की कीमतों में लगातार नरमी आ रही है। सीएमआईई ने कहा, खाद्य महंगाई के मार्च में तीन फीसदी रहने का अनुमान है, जो फरवरी में 3.3 फीसदी थी। यह सब्जियों और दालों के साथ अनाज, अंडे, मछली व मांस के दाम में कमी के कारण हुआ। हालांकि, चीनी, खाद्य तेल, दूध और फलों में महंगाई के दबाव ने बाधा उत्पन्न की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि मार्च में सब्जियों की कीमतों में 5.1 फीसदी तक गिरावट का अनुमान है। नवंबर, 2024 से फसल की आवक के साथ कीमतों में सुधार हो रहा है। उपभोक्ता मामलों के विभाग के मुताबिक, सब्जियों की खुदरा कीमतों और मंडी की आवक से पता चलता है कि मार्च में भी दाम में गिरावट जारी रही। टमाटर, प्याज और आलू की कीमत औसतन क्रमशः 21 रुपये, 34.4 रुपये और 23.8 रुपये प्रति किलोग्राम थी। पिछले छह-आठ महीनों से प्रमुख सब्जियों की कीमतों में तेजी से गिरावट आई है। जुलाई-नवंबर, 2024 में टमाटर और प्याज के भाव क्रमशः 65.6 रुपये एवं 56.3 रुपये प्रति किलोग्राम पहुंच गए थे। वहीं, आलू 37.3 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव बिक रहा था। बीते तीन महीनों में मंडियों में लहसुन, अदरक, गोभी और बैगन की आवक एक साल पहले की तुलना में अधिक रही है। इससे इनकी कीमतों में भी तेजी से गिरावट आई है। मार्च में दालों की कीमतों में 2.3 फीसदी की गिरावट का अनुमान है। खरीफ की अच्छी फसल के कारण अरहर की कीमतों में 5.2 फीसदी की गिरावट आई। रबी की फसल से पहले चने की कीमतों में दो फीसदी की गिरावट आई। मूंग, मसूर व उड़द जैसी अन्य दालों के भाव भी घटे हैं। कुल मिलाकर, नवंबर से ही महंगाई के बास्केट में शामिल चीजों की कीमतों में कमी आ रही है। सीएमआईई का अनुमान है कि मार्च में अनाज की मुद्रास्फीति घटकर 5.3 फीसदी रह गई है। फरवरी की तुलना में मार्च में गेहूं-आटे की कीमतों में 0.1-0.7% गिरावट आई है।

# फरवरी में औद्योगिक उत्पादन वृद्धि दर छह महीने के निचले स्तर 2.9 प्रतिशत पर, आंकड़े जारी किए गए



नई दिल्ली, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत की औद्योगिक उत्पादन वृद्धि फरवरी 2025 में घटकर छह महीने के निचले स्तर 2.9 प्रतिशत पर आ गई। इसका मुख्य कारण विनिर्माण, खनन और बिजली क्षेत्रों का खराब प्रदर्शन है। सरकार की ओर से शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में इसकी पुष्टि की गई है। सरकार ने जनवरी 2025 के लिए औद्योगिक विकास दर के आंकड़े को भी संशोधित कर 5.2 प्रतिशत कर दिया है, जो मार्च में जारी 5 प्रतिशत के अनंतिम अनुमान से अधिक है। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के आधार पर मापा गया कारखाना उत्पादन फरवरी 2024 में 5.6 प्रतिशत बढ़ा। इससे पहले सबसे कम वृद्धि दर पिछले वर्ष अगस्त में दर्ज की गई थी, जब वृद्धि दर शून्य प्रतिशत पर स्थिर रही थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की ओर से जारी आंकड़ों से पता चलता है कि विनिर्माण क्षेत्र की उत्पादन वृद्धि फरवरी 2025 में धीमी होकर 2.9 प्रतिशत रह गई। एक साल पहले इसी महीने में यह 4.9 प्रतिशत थी। खनन उत्पादन की वृद्धि दर एक वर्ष पूर्व के 8.1 प्रतिशत से घटकर 1.6 प्रतिशत रह गई। बिजली उत्पादन की वृद्धि दर भी फरवरी 2025 में घटकर 3.6 प्रतिशत रह गई, जो एक वर्ष पूर्व इसी माह में 7.6 प्रतिशत थी। अप्रैल-फरवरी की अवधि में आईआईपी में 4.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो कि एक वर्ष पूर्व इसी अवधि में दर्ज 6 प्रतिशत से कम है।

## दैनिक पंचांग

### ग्रह गोचर




श्री सिद्धार्थी नामक संवत्सर-विक्रम संवत्- **2082**
शक संवत् -**1947**,सूर्य उत्तरायणे,ऋतु- बसंत
महावीर निर्वाण संवत् -**2551**
कलियुग अवधि-**432000** सूर्योदय - 06-05 सूर्यास्त - 18-28
भोग्य कलि वर्ष-**426874**
कलियुग संवत् -**5126** वर्ष,
कल्पारंभ संवत् -**1972949126**
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-**1955885126**

| ग्रह स्थिति | | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|---|
| सूर्य- | मीन | मे | मीन.... | 04-36 बजे |
| चंद्र- | कन्या | मे | मेष--- | 06-11 बजे |
| मंगल | कर्क | मे | वृष--- | 07-56 बजे |
| बुध- | मीन | मे | मिथुन.. | 09-57 बजे |
| गुरु- | वृष | मे | कर्क.... | 12-09 बजे |
| शुक्र- | मीन | मे | सिंह--- | 14-21 बजे |
| शनि- | मीन | मे | कन्या--- | 16-28 बजे |
| राहु- | मीन | मे | तुला---- | 18-33 बजे |
| केतु- | कन्या | मे | वृश्चिक... | 20-44 बजे |
| | | | धनु...... | 22-56 बजे |
| | | | मकर... | 01-03 बजे |
| | | | कुंभ.... | 02-53 बजे |

दिशाशूल - पूर्व - अदरक खाकर घर से निकले
तिथि- पूर्णिमा **05-51** रात तक अहोरात्र
मास - चैत्र शुक्ल , शनिवार **12 April**
नक्षत्र - हस्त **18-07** तक उपरान्त चित्रा
योग - व्याघात **20-29** तक उप हर्षण
करण- विष्टी भद्रा **16-36** तक उप बव
विशेष:- पूर्णिमा व्रत,संत पीपा ज.
व्रत -त्योहार - श्री हनुमान जन्मोत्सव

विशेषः- राशिफल गृहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल 09:10 से 10:44 तक**

**पं महेशचन्द्र शर्मा मो. 9247132654, 9167555710**

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| काल | 06:05 - 07:37 | अशुभ | लाभ | 18:28 - 19:57 | शुभ |
| शुभ | 07:37 - 09:10 | शुभ | उत्पात | 19:57 - 21:23 | अशुभ |
| रोग | 09:10 - 10:44 | अशुभ | शुभ. | 21:23 - 22:50 | शुभ |
| उत्पात | 10:44 - 12:17 | अशुभ | अमृत | 22:50 - 00:17 | शुभ |
| चंचल | 12:17 - 13:50 | शुभ | चंचल | 00:17 - 01:43 | शुभ |
| लाभ. | 13:50 - 15:24 | शुभ | रोग. | 01:43 - 03:10 | अशुभ |
| अमृत | 15:24 - 16:57 | शुभ | काल | 03:10 - 04:36 | अशुभ |
| काल | 16:57 - 18:28 | अशुभ | लाभ. | 04:36 - 06:05 | शुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,
यह आप के लिए एक महान दिन है! आप दूसरों को अपने विचारों और अवधारणाओं को पेश करने के लिए इस अवसर का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। हो सकता है की आपकी मासूमियत और ईमानदारी, व्यंग्य और आक्रामकता के रूप में लोगो को लगे क्यों की लोग आप से ज्यादा परिचित नहीं हैं।

**वृष** ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,
आप सफलतापूर्वक अपने रचनात्मक कार्यो को खत्म करने में सक्षम होंगे । इस जश्न को मनाने के लिए आप एक पार्टी की मेजबानी की योजना भी बना सकते हैं और जिन्होंने भी इस यात्रा में आप का समर्थन किया एवं अपने विरोधियों को भी समारोह में आमंत्रित करें ।

**मिथुन** का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,
आज आपको लक्ष्यों को पूरा करने के लिए मुश्किलो का सामना करना पड़ सकता हैं । उन क्षेत्रों को देखे जहा पहले आपने कार्य नहीं किया है । अन्वेषण आप के लिए आज महत्वपूर्ण रहेगा ।आपको कुछ सार्थक मिल सकता है। अगर आप अपनी नौकरी स्थानांतरण की योजना बना रहे है, तो आज का दिन काफी शुभ हो सकता है ।

**कर्क** ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,
आज आपको एक अप्रत्याशित स्रोत से , धन लाभ होने की संभावना है । सट्टा उद्यम, शेयर बाजार में और छोटी अवधि के निवेश में सफलता मिलने की पूरी संभावना है। आपका वित्तीय भाग्य उच्च चल रहा है । बस आप अपने आवेग पर लगाम लगाने की कोशिश करे और आप अपनी वित्तीय सुरक्षा का आनंद भी ले पाएंगे ।

**सिंह** मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,
धन से संबंधित कुछ समस्याए आ सकती है । आपको ये समझना होगा की कौन सा खर्च जरुरी और गैर जरुरी है अन्यथा आपको वित्तीय संकट से गुजरना पड़ सकता है । अगर आप अपनी आय बढ़ाना चाहते है तो आपको कुछ नवीनतम प्रोद्योगिकी का समावेश करना होगा और वो आप पर निर्भर करेगा की आप उसका कितना फायदा उठा सकते है।

**कन्या** टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
हालाँकि की आज आप अपने सभी कार्यों को जल्द पूरा करने में बहुत ज्यादा सक्षम हैं लेकिन आप अपने में बेचैनी , असावधानी और सुस्ती महसूस करेंगे और नतीजतन अधिक समय होने के बावजूद आपका बकाया कार्य और जिम्मेदारियां बढ़ती हुई चली जाएंगी । एक दिन की छुट्टी लेना इस का उपाय है ताकि अगले दिन आप तरोताजा महसूस करे ।

**तुला** रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,
आज आपके समान हित के लोगों या एक समान व्यवसाय करने वालो के साथ वार्तालाप होगी । आपको इस अवसर का लाभ उठाना चाहिए एवं दूसरों को बढ़ावा एवं प्रोत्साहित करना चाहिए ताकि बदले में वे भी आपको समर्थन दे । आपको उन लोगों से ज्यादा उम्मीद नहीं करनी चाहिए क्यों की चीजे धीरे धीरे खुलती है और लोगो को नयी वस्तु या व्यक्ति पर भरोसा करने में समय लगता है ।

**वृश्चिक** तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,
ये समय अपने सहकर्मियों का उत्साह बढ़ाने का समय है ! आप कुछ कठिन कार्य के लिए प्रयासरत है जिसमे आपके जूनियर या आपसे निचले क्रम के सहकर्मी आपका समर्थन करेंगे और आपके सच्चे समर्थक होंगे । इसलिए उन्हें खुश रखे ! जो लोग अपने कार्यालय में अग्रणी स्थिति या उच्च पद पर है।

**धनु** ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे
आज का दिन आपके लिए एक विवादास्पद दिन हो सकता है! आप का किसी के लिए बुदबुदाना या क्रोधित होना व किसी दूसरे के माध्यम से उन्हें पता चलने पर आपका पेशेवर जीवन बर्बाद हो सकता है । इसके अलावा, आप किसी से किसी और का रहस्य खोल सकते है जो की सही नहीं होगा इसलिए आसपास के ऐसे लोगो से उचित दुरी बना कर रखे ।

**मकर** भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी
आज आपको अपने कार्यक्षेत्र से संभंधित कार्य में अपने मित्रो और सहकर्मियों से सहायता मिल सकती है । आप उनको अपना आभार देना न भूले और बदले में आप भी समय पड़ने पर उनकी सहायता करे । धन एवं नकदी प्रवाह में सुधार आयेगा । इस दिन आपको अपने अनावश्यक खर्चो पर भी लगाम लगानी होगी क्योंकि आप अछा कमाएंगे पर साथ साथ आपके खर्चे घटाने आपके लिए मुश्किल होंगे ।

**कुंभ** गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,
आपके अहं को आज पूरी तरह से तृप्ति मिलेगी क्योंकि आपके नेतृत्व और संगठन के लिए बहुमूल्य योगदान के लिए आपको पुरस्कृत किया जाएगा । आप परदे के पीछे रहकर अच्छी तरह से काम नहीं कर सकते है , इसलिए आपको अपनी प्रतिभा और क्षमता अपने विभिन्न मुद्दों में जिस पर आप अभी कार्य कर रहे है।

**मीन** दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची
आपके नए व्यापार विचार जो आपने सुझाये थे वे अब फल देने लगेंगे । आप अपना खुद का व्यवसाय शुरू करने की सोच सकते है। यह अपने दम पर कुछ करने के लिए सबसे अच्छा समय है। संभावना है कि आप इस समय अपने नए व्यापार के लिए पर्याप्त वित्तपोषण प्राप्त करने में सक्षम होंगे ।

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र**

# सुकमा डीएफओ कार्यालय, फॉरेस्ट-कर्मियों के घर रेड

## तेंदूपत्ता बोनस गबन मामले में एसीबी-ईओडब्ल्यू की कार्रवाई, कुंजाम बोले- मैंने शिकायत की, मेरे घर ही छापा

सुकमा, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में एसीबी और ईओडब्ल्यू की टीम ने सुकमा में डीएफओ कार्यालय में छापा मारा है। फॉरेस्ट कर्मियों और तेंदूपत्ता प्रबंधकों के घर भी रेड कार्रवाई चल रही है, दस्तावेज खंगाले जा रहे हैं। सुकमा, दोरनापाल, कोंटा समेत कुल 5 जगहों के 9 ठिकानों पर छापेमार कार्रवाई चल रही है। एक दिन पहले पूर्व विधायक मनीष कुंजाम समेत अन्य तेंदूपत्ता प्रबंधकों के कुल 12 ठिकानों पर कार्रवाई की गई थी।



वहीं मनीष कुंजाम ने सुकमा में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि, मैंने तेंदूपत्ता की बोनस राशि वितरण में गड़बड़ी की शिकायत की, लेकिन मेरे घर पर ही छापा मारा गया। छापे में कुछ भी नहीं मिला। मेरी छवि खराब करने की कोशिश की गई है। जबकि असली गुनहगार को बचाने का प्रयास किया जा रहा। छापे की असली वजह दबाव और द्वेष भावना है। जिला पंचायत और जनपद पंचायत में बीजेपी ने दबाव बनाया। लेकिन हमने उनकी बात नहीं मानी।

बताया जा रहा है कि तेंदूपत्ता बोनस राशि में हुए भ्रष्टाचार मामले में एसीबी और ईओडब्ल्यू की टीम लगातार दूसरे दिन भी कार्रवाई जारी रखी है। वहीं इसी मामले में डीएफओ अशोक पटेल सस्पेंड हुए हैं। एक दिन पहले ही सुकमा जिले में एसीबी और ईओडब्ल्यू की टीम ने 12 जगह छापा मारा था। ये कार्रवाई तेंदूपत्ता बोनस फर्जीवाड़े से जुड़ी है। छापेमारी में पूर्व विधायक मनीष कुंजाम, डीएफओ ऑफिस के कर्मचारी राजशेखर पुराणिक, और लघुवनोपज समिति के कुछ प्रबंधकों के ठिकाने शामिल हैं। इस कार्रवाई में डीएफओ कार्यालय के कर्मचारी राजशेखर पुराणिक के घर से 26 लाख 63 हजार 700 रुपये नकद जब्त किए गए। जानकारी के मुताबिक, इसी मामले में डीएफओ अशोक पटेल निलंबित किए गए थे। सुकमा के वन विभाग अधिकारी अशोक कुमार पटेल और उनके साथियों पर तेंदूपत्ता तोड़ने वाले मजदूरों के बोनस में बड़ा घोटाला करने का आरोप है। यह घोटाला वर्ष 2021 और 2022 के तेंदूपत्ता सीजन से जुड़ा है, जिसमें करीब 7 करोड़ रुपये की राशि संग्राहकों को दी जानी थी। अधिकारियों ने आपसी साठगांठ कर बड़ी रकम खुद रख ली और संग्राहकों तक पैसा नहीं पहुंचा।

इस मामले में भ्रष्टाचार निवारण ब्यूरो (ईओडब्ल्यू/एसीबी) ने अशोक कुमार पटेल और अन्य लोगों के खिलाफ आपराधिक साजिश और धोखाधड़ी की धाराओं में केस दर्ज किया। 8 अप्रैल 2025 को एफआईआर दर्ज होने के बाद 10 अप्रैल को छापेमार कार्रवाई की गई है।

# छत्तीसगढ़ सरकार ने सीबीआई को सौंपी झारखंड-शराब घोटाले की जांच

## सोरेन, कई आईएएस घेरे में, रायपुर में रची गई 450 करोड़ के घोटाले की साजिश

रायपुर, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। सीजी पीएससी, महादेव सट्टा के बाद सीबीआई की झारखंड के शराब घोटाले में भी एंट्री होने जा रही है। राज्य सरकार ने ईओडब्ल्यू में दर्ज 450 करोड़ के झारखंड आबकारी घोटाले की जांच सीबीआई से करवाने की सिफारिश कर दी है। घोटाले की फाइल सीबीआई दफ्तर दिल्ली पहुंच गई है।

माना जा रहा है कि सीबीआई जल्द ही शराब घोटाले की जांच शुरू करेगी, क्योंकि इस केस में झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन जांच के घेरे में हैं। ईओडब्ल्यू को झारखंड सरकार से कोई सहयोग नहीं मिल रहा है। ईओडब्ल्यू ने आईएएस विनय कुमार चौबे, गजेंद्र सिंह समेत अन्य से पूछताछ के लिए समंस जारी कर सरकार से अभियोजन स्वीकृति मांगी है।

ईओडब्ल्यू के एक भी पत्र का जवाब नहीं दिया गया और न ही अनुमति दी गई। झारखंड सरकार के इस रवैये को देखते हुए ही माना जा रहा है सीबीआई केस दर्ज करने में देरी नहीं करेगी। छत्तीसगढ़ के शराब घोटाले में जेल में बंद रिटायर्ड आईएएस अनिल टुटेजा, आईटीएस अरुण पति त्रिपाठी, कारोबारी अनवर ढेबर समेत कई अन्य आरोपी हैं।



आगे आपको बताते हैं छत्तीसगढ़ में एसीबी-ईओडब्ल्यू ने कब एफआईआर दर्ज की और इसमें क्या है और उसके मुताबिक कैसे छत्तीसगढ़ के तर्ज पर झारखंड में भी कथित शराब घोटाले को अंजाम दिया गया।

छत्तीसगढ़ में जिस पैटर्न पर आबकारी विभाग में बड़ा घोटाला हुआ उसी तर्ज पर झारखंड में शराब घोटाला हुआ। इस बात का खुलासा छत्तीसगढ़ एसीबी-ईओडब्ल्यू की ओर से 7 सितंबर को दर्ज की गई एफआईआर से हुआ।

छत्तीसगढ़ में दर्ज इस एफआईआर में झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन के सचिव रहे चुके आईएएस विनय कुमार चौबे और पूर्व संयुक्त आयुक्त आबकारी गजेंद्र सिंह का नाम भी शामिल है। दोनों अफसरों पर रायपुर ईओडब्ल्यू ने धोखाधड़ी और आपराधिक षड्यंत्र रचने की धाराओं में नया केस दर्ज किया था। वहीं छत्तीसगढ़ के लिकर सिंडिकेट से जुड़े सभी लोगों के नाम भी सामने आए हैं।

आर्थिक अपराध अन्वेषण और एंटी करप्शन ब्यूरो की ओर से यह एफआईआर दर्ज की गई थी। इसमें बताया गया है कि तत्कालीन आईएएस अनिल टुटेजा, अनवर ढेबर, अरूणपति त्रिपाठी और उनके सिंडिकेट झारखंड के अधिकारियों के साथ मिले। सभी ने मिलकर साजिश के तहत झारखंड की आबकारी नीति में फेरबदल किया। इसके बाद राज्य में देशी और विदेशी शराब का टेंडर भी सिंडिकेट के लोगों को दिलवाया।

झारखंड में बिना हिसाब की डूप्लीकेट होलोग्राम लगी देशी शराब की बिक्री की गई। साथ ही विदेशी शराब की सप्लाई का काम एफ.एल.10 ए लाइसेंस के रूप में नियम बनाकर अपने करीबी एजेंसियों को दिलाया। इसके बाद उन कंपनियों से करोड़ों रुपए का अवैध कमीशन लिया। इससे करोड़ों रुपयों की अवैध कमाई की गई।

इस वजह से दोनों घोटालों की तार जुड़े हैं। झारखंड शराब घोटाले की जांच सीबीआई ने शुरू की तो उसका असर छत्तीसगढ़ में भी रहेगा। इसके जांच के घेरे में आबकारी के आला अधिकारियों के साथ तत्कालीन आबकारी मंत्री कवासी लखमा तक आएंगे। यह जांच आगे भी बढ़ेगी। क्योंकि छत्तीसगढ़ का ही सिस्टम झारखंड में लागू किया गया था।

# दो बस हादसे में दो की मौत

## बाइक सवार को 20 मीटर घसीटा, कोंडागांव में सिग्नल तोड़कर बस ने 4 को कुचला

कांकेर, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में दो अलग-अलग सड़क हादसे में 2 लोगों की जान चली। जबकि एक महिला सहित 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पहला मामला कांकेर जिले में हुआ। यहां एनएच- 30 पर लखनपुरी गांव के पास तेज रफ्तार यात्री बस क्रमांक सीजी 04 एनएल 6411 और बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर के बाद बाइक सवार बस के आगे वाले पहिए में फंस गया। बस युवक को करीब 20 मीटर तक घसीटते आगे चली गई। जिससे उसकी मौत हो गई।

वहीं दूसरी घटना कोंडागांव के जयस्तंभ चौक की है। यहां शुक्रवार दोपहर को एक तेज रफ्तार बस ने सिग्नल तोड़ते हुए पैदल यात्रियों और एक बाइक सवार कमलेश नेताम को कुचल दिया। हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई। जबकि एक महिला सहित 3 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। जिला अस्पताल में घायलों को भर्ती कराया गया है। कमलेश बनियागांव का रहने वाला था।

बाइक सवार ने लापरवाहीपूर्वक ट्रक को ओवरटेक करने की कोशिश की, जिसके चलते वह अनकंट्रोल होकर सामने से आ रही यात्री बस की चपेट में आ गया। जानकारी के मुताबिक गुरुवार शाम 4 बजे छम्मन तिवारी (19) अपनी बाइक से लखनपुरी की ओर जा रहा था। यात्री बस कांकेर से चारामा की तरफ आ रही थी। इसी दौरान बाइक सवार की सीधे बस से टक्कर हो गई। हादसे के बाद बस ड्राइवर भाग गया। मृतक छम्मन तिवारी कानापोड़ का रहने वाला था। सूचना मिलते ही चारामा पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। बस चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है और चालक की तलाश में जुटी है। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह लगातार दूसरी घटना है। इस मार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों की आवाजाही लगातार दुर्घटनाओं का कारण बन रही है।

# ताला मरांडी ने बीजेपी को अलविदा कहा

## झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल, संगठन चुनाव के पहले बीजेपी को लगा झटका



साहेबगंज, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। झारखंड में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ताला मरांडी ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया। ताला मरांडी ने भोगनाडीह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मौजूदगी में ताला मरांडी झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ग्रहण किया। जेएमएम के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने उन्हें झामुमो का पट्टा पहनाकर स्वागत किया।

ताला मरांडी ने अपना त्यागपत्र बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को भेज दिया है। ताला मरांडी ने अपने इस्तीफे में कहा कि वो भाजपा के एक समर्पित सदस्य रहे हैं, पार्टी की ओर से दिए गए अवसरों के लिए उन्होंने आभार प्रकट किया।

उन्होंने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों, व्यक्तिगत कारणों और वैचारिक मतभेदों के चलते उन्होंने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता और सभी पदों से त्यागपत्र देने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय उन्होंने गहन विचार-विमर्श के बाद लिया है और इसमें किसी प्रकार की दुर्भावना नहीं है।

इससे पहले भोगनाडीह पहुंचे हेमंत सोरेन का जिला प्रशासन की ओर से हेलीपैड पर उनका भव्य स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन, हेमलाल मुर्मू समेत अन्य नेताओं ने भोगनाडीह में सिद्धो कान्हू पार्क में वीर सपूतों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। उन्होंने चांद-भैरव और फूलो-झानो की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण किया।

# 14 साल की लड़की से रेप

## शादीशुदा ड्राइवर ने शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म, बजरंग दल ने कहा- ये लव-जिहाद

बिलासपुर, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। बिलासपुर में 14 साल की नाबालिग से दुष्कर्म की शिकायत सिरगिट्टी थाने में दर्ज हुई है। ये शिकायत नाबालिग की मां ने ही कराई है। महिला का आरोप है कि, शादीशुदा हार्दिक खान ने बेटी को 2-3 दिन से बंदी बनाकर रखा था और उसके दुष्कर्म किया। जानकरी मिलने पर बजरंग दल के कार्यकर्ता भी थाने पहुंचे। उनका आरोप है कि, ये लव जिहाद का मामला है। इस पर सख्त कार्रवाई की जाए। फिलहाल पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल, 14 साल की लड़की से ड्राइवर युवक ने पहले दोस्ती की। शादीशुदा होने के बाद भी उसने लड़की को शादी करने का झांसा दिया। इसके बाद उसके साथ दुष्कर्म किया। लड़की ने अपनी मां को पूरी घटना की जानकारी दी, जिसके बाद परिजन के साथ वो थाने पहुंची। लड़की ने पढ़ाई छोड़ दी है। वहीं, आरोपी हार्दिक खान बिलासपुर रेलवे में ड्राइवर के पद पर पदस्थ है और उसके दो बच्चे भी हैं। आरोपी का नानी के घर पर आना जाना था। इसके चलते लड़की की उससे जान-पहचान थी। हार्दिक उसके घर भी आता-जाता था।

इसी दौरान उसने लड़की से दोस्ती कर ली। इसके बाद उसने लड़की से प्यार का इजहार किया और उसके साथ शादी करने का वादा किया। लड़की बीते 7 अप्रैल को अपनी नानी के घर रहने गई थी। इस दौरान उसकी मां किसी काम से ओडिशा गई थी।

# दलित युवक को बीच चौराहे नग्न कर पीटा

## पानी के लिए गिड़गिड़ाता रहा, रात-भर पीटते रहे, सक्ती में गर्लफ्रेंड से मिलने गया था

सक्ती, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले में एक दलित युवक को नग्न कर बीच चौराहे पर जमकर पीटा गया। मामला लव अफेयर का है। ग्राम बड़े रबेली में 9 अप्रैल की रात युवक गर्लफ्रेंड से मिलने पहुंचा था, जहां आसपास के लोगों ने देख लिया और मारपीट की। इसका वीडियो भी सामने आया है। मामला मालखरौदा थाना क्षेत्र का है।

ग्रामीणों और परिजनों ने युवक को रात भर पीटा है। अगली सुबह उसे बीच चौराहे में ले गए और फिर नग्न कर मारा। पीड़ित युवक पानी के लिए गिड़गिड़ाता रहा, लेकिन किसी ने उसे पीने का पानी तक नहीं दिया। युवक को सिर, आंख और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। पीड़ित देवगांव का रहने वाला है। मारपीट के दौरान गांव के अधिकांश लोग मूकदर्शक बने रहे। कुछ लोग उसे बचाने के लिए आए तो उन्हें हटा दिया गया। पीड़ित को रायगढ़ मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। जानकारी के मुताबिक, गांव की नाबालिग लड़की से ही युवक का अफेयर है और वह उस रात लड़की से मिलने गया था, तभी गांव के कुछ लोगों ने देख लिया और पीड़ित से मारपीट की। सक्ती एसडीओपी मनीष कुंवर ने बताया कि मीडिया से घटना की जानकारी मिली है।

पीड़ित का बयान लेकर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# आप अकेले हैं, परेशान न हो, का भरोसा दिलाकर लड़कियां अचानक कुछ करती थीं ऐसा

## गैंग का पूरा कारनामा

धनबाद, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। धनबाद में साइबर अपराधियों का एक गिरोह पकड़ा गया है। ये गिरोह बैंक मोड़ थाने के पास एक बिल्डिंग में सेक्सटॉर्शन का धंधा चला रहा था। पुलिस को इसकी खबर नहीं थी। ये लोग व्हाट्सएप पर अश्लील चैट करने के बहाने लोगों को फंसाते थे और उनका वीडियो बनाकर ठगी करते थे। पुलिस ने इस गिरोह की तीन महिलाओं और एक पुरुष को गिरफ्तार किया है। धनबाद की साइबर पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। ये अपराधी लोगों को अश्लील वीडियो कॉल करके ब्लैकमेल करते थे और उनसे पैसे ऐंठते थे।



धनबाद के पॉश इलाके बैंक मोड़ में आजकल साइबर अपराधी ठगी का नया तरीका अपना रहे हैं। ये लोग धनबाद में बैठकर देश के अलग-अलग हिस्सों में लोगों को शिकार बना रहे हैं। इन साइबर अपराधियों में कई महिलाएं भी शामिल हैं। ये अपराधी उन लोगों को निशाना बनाते हैं जो युवा हैं, छात्र हैं या अकेले रहते हैं।

ये साइबर अपराधी फेसबुक या दूसरे सोशल मीडिया के जरिए ऐसे लोगों से संपर्क करते हैं। फिर इस गैंग में शामिल लड़कियां सामने वाले व्यक्ति को अश्लील चैट करने के लिए मजबूर करती हैं। इसके बाद, गैंग की लड़कियां वीडियो कॉल पर बिना कपड़ों के आ जाती हैं। इस दौरान, गैंग का दूसरा सदस्य दूसरे मोबाइल से ग्राहक और लड़की का वीडियो बना लेता है। फिर ग्राहक को ब्लैकमेल करते हुए उससे पैसे ठगे जाते हैं। सबसे हैरानी की बात यह है कि यह गोरखधंधा बैंक मोड़ थाने के बगल वाली बिल्डिंग में चल रहा था और पुलिस को इसकी खबर नहीं थी। साइबर पुलिस ने गुरुवार को बैंक मोड़ थाने के पास राजेंद्र मार्केट के एक कमरे में छापा मारा। पुलिस ने तीन लड़कियों और एक पुरुष को गिरफ्तार किया। साइबर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की। पुलिस ने मनीष कुमार उर्फ मोंटी को भी गिरफ्तार किया है। मोंटी ने पुलिस को कई खुलासे किए हैं। पुलिस ने साइबर अपराधियों के पास से 14 मोबाइल, 18 सिम कार्ड और कई अन्य सामान बरामद किए हैं। इनमें एक प्रतिबिंब प्लाटेड सिम भी शामिल है।

गिरोह का सरगना मनीष अपनी दूसरी पत्नी को कई काम सौंप रखा था। साइबर डीएसपी ने बताया कि गिरफ्तार मनीष अपनी दूसरी पत्नी को इस फ्रॉड के काम में शामिल कर रखा था। जोकि सिम उपलब्ध कराना, पैसे बांटने के साथ सभी तरह के हिसाब किताब रखने और ठगी के काम में लड़कियों को जोड़ने का काम करती थी। आरोपी की पत्नी फिलहाल साइबर पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। इस काम में लगी लड़कियों को दिन भर के काम में 50 प्रतिशत की राशि उन्हें सेम डे दे दिया जाता था।

# शराब घोटाला केस, कवासी की न्यायिक रिमांड बढ़ी

## 25 अप्रैल तक जेल में रहेंगे, पूर्व मंत्री ने कहा था-गरीब आदमी को सरकार परेशान कर रही

रायपुर, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ शराब घोटाला केस में पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा को न्यायिक रिमांड में भेजा गया है। लखमा 25 अप्रैल तक जेल में रहेंगे। इसके पहले वे दो बार ईओडब्ल्यू के रिमांड में थे, जहां अधिकारियों ने उनसे पूछताछ की। रिमांड खत्म होने के बाद ईओडब्ल्यू ने स्पेशल कोर्ट में पेश किया। जहां मामले की सुनवाई हुई।

इससे पहले, लखमा को प्रोडक्शन वारंट पर लेने के लिए ईओडब्ल्यू ने आवेदन लगाया था। जिसके बाद 7 अप्रैल को सुनवाई के बाद कोर्ट ने कवासी लखमा को 11 अप्रैल तक कस्टोडियल रिमांड पर भेजा था। अधिकारियों ने लखमा से 4 दिन तक पूछताछ की थी। अब इन्हें न्यायिक रिमांड में भेजा गया है।

पिछली सुनवाई के दौरान कवासी लखमा ने कोर्ट के बाहर मीडिया से कहा था कि, मैं गरीब आदमी हूं। बस्तर की आवाज विधानसभा में उठाता हूं। जनता की आवाज और बस्तर की आवाज उठाने पर सरकार मुझे परेशान कर रही है। मैं निर्दोष हूं। बता दें कि लखमा 16 जनवरी 2025 से जेल में बंद हैं।



छत्तीसगढ़ के 2161 करोड़ के शराब घोटाले में पूर्व मंत्री कवासी लखमा के बाद ईडी ने 10 मार्च को पूर्व सीएम भूपेश बघेल, उनके करीबी नेताओं और कारोबारियों के 14 ठिकानों पर छापेमारी की थी। सुबह 7 बजे से शुरू हुई जांच शाम 6 बजे तक 11 घंटे चली।

करीब 20 ईडी अफसरों की टीम सीआरपीएफ के जवानों के साथ सीधे पदुम नगर स्थित पूर्व मुख्यमंत्री के निवास में कार्रवाई चली और टीम शाम 6 बजे टीम लौट गई थी।

ईडी का आरोप है कि, पूर्व मंत्री और मौजूदा विधायक कवासी लखमा सिंडिकेट के अहम हिस्सा थे। लखमा के निर्देश पर ही सिंडिकेट काम करता था। इनसे शराब सिंडिकेट को मदद मिलती थी। वहीं, शराब नीति बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे छत्तीसगढ़ में एफएल-10 लाइसेंस की शुरुआत हुई।

ईडी का दावा है कि लखमा को आबकारी विभाग में हो रही गड़बड़ियों की जानकारी थी, लेकिन उन्होंने उसे रोकने के लिए कुछ नहीं किया। ईडी के वकील सौरभ पांडेय ने बताया कि, 3 साल शराब घोटाला चला। लखमा को हर महीने 2 करोड़ रुपये मिलते थे। इस दौरान 36 महीने में लखमा को 72 करोड़ रुपये मिले। ये राशि उनके बेटे हरीश कवासी के घर के निर्माण और कांग्रेस भवन सुकमा के निर्माण में लगे। ईडी ने कहा था कि छत्तीसगढ़ में शराब घोटाले से सरकारी खजाने को भारी नुकसान हुआ है। शराब सिंडिकेट के लोगों की जेबों में 2,100 करोड़ रुपये से अधिक की अवैध कमाई भरी गई।

निदेशालय की ओर से लखमा के खिलाफ एक्शन को लेकर कहा गया कि, ईडी की जांच में पहले पता चला था कि अनवर ढेबर, अनिल टुटेजा और अन्य लोगों का शराब सिंडिकेट छत्तीसगढ़ राज्य में काम कर रहा था।

# बेटे ने मां-चाची को 10 रुपए के सिक्कों से तौला

## 20 साल बाद पूरी की मन्नत, जगदलपुर में 1 लाख 55 हजार रुपए भांजों में बांटे

जगदलपुर, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में एक बेटे ने अपनी मां और चाची को 10 रुपए के सिक्कों से तौल दिया। 10-10 रुपए के सिक्कों की कुल रकम 1 लाख 55 हजार 800 रुपए निकली। 20 साल बाद एक मन्नत के रूप में ये काम किया गया है। इस दौरान मां के आंसू छलक पड़े।



दरअसल, जगदलपुर में शांति नगर के रहने वाले विपिन शुक्ला (53 साल) चाट का बिजनेस करते हैं। जगदलपुर के गोल बाजार के पास इनकी चाट की दुकान है। विपिन ने कहा कि, 20 साल पहले आर्थिक स्थिति बिल्कुल ठीक नहीं थी। पैसों के लिए काफी परेशान हुआ करता था। नया बिजनेस शुरू किया और मन्नत मांगी थी। अब जब मेरी मन्नत हुई तो घर में पूजा रखी।

विपिन ने रिश्तेदारों को बुलाया और एक बड़ा सा तराजू रखा। इसमें उन्होंने अपनी मां और चाची को 10 के सिक्कों से तौला। इसके लिए कुल 1 लाख 55 हजार 800 रुपए लगे। विपिन ने बताया कि, उनके पिता और चाचा दोनों नहीं हैं। मां के साथ चाची ने भी बहुत कुछ किया है। इन्हीं के आशीर्वाद से मेरा सब कुछ ठीक रहा। इसलिए मैंने मन्नत पूरी की।

डेढ़ लाख से ज्यादा की रकम वाले 10 के सिक्कों का कुल वजन 150 किलो से ज्यादा था। हालांकि विपिन की माताजी का वजन 65 और चाची का वजन 54 किलो ही था। फिर भी विपिन ने बराबर से भी ज्यादा सिक्कों में उन्हें तौला।

# राम मंदिर चौक में बड़ा सड़क हादसा

## बस ने कई लोगों को कुचला, एक की मौत

कोंडागांव, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। कोंडागांव शहर के राम मंदिर चौक में आज बड़ा सड़क हादसा हो गया। एक तेज रफ्तार बस ने कई राहगीरों को रौंद दिया। इस दर्दनाक हादसे में कई लोग घायल हो गए हैं, जिनमें चार की हालत गंभीर बताई जा रही है। वहीं, इलाज के दौरान एक घायल ने दम तोड़ दिया। घायलों को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस ड्राइवर लापरवाही से गाड़ी चला रहा था, जिसकी वजह से यह हादसा हुआ।

# तीन साथियों ने दोस्त को मारकर दफनाया

बालोद, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में 3 दोस्तों ने मिलकर अपने साथी की हत्या कर दी। 6 अप्रैल को सिकोसा शराब दुकान में सभी ने एक साथ बैठकर शराब पी। इसके बाद किसी बात को लेकर विवाद हो गया और 3 लोगों ने मिलकर यशवंत नेताम (24 साल) को लाठी और पत्थर से इतना मारा कि उसकी मौत हो गई। घटना गुंडरदेही थाना क्षेत्र की है।

इतना ही नहीं आरोपियों ने उसका शव तांदुला नदी के पास रेत में गड्ढा खोदकर गाड़ दिया था। घटना के दूसरे दिन 7 अप्रैल को फिर शव को देखने पहुंचे तो मृतक का पैर दिखा। इसे आरोपियों ने फिर रेत डालकर छिपा दिया।

वहीं, 8 अप्रैल को जब आरोपी दोबारा मौके पर पहुंचे तो वहां से तेज दुर्गंध आने लगी थी। पकड़े जाने के डर से उन्होंने कोटगांव की एक दुकान से काले रंग का पॉलीथिन खरीदा और रात करीब 10 बजे शव को फिर से निकाला। इसके बाद उसे पॉलीथिन में लपेटकर थोड़ी दूरी पर दोबारा रेत में दफना दिया।

पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार तीनों आरोपी मनीष ठाकुर, साहिल कंवर और ईमान कंवर- मृतक यशवंत नेताम के दोस्त थे और अक्सर साथ में शराब पीते थे। यशवंत की गुमशुदगी की रिपोर्ट जब गुंडरदेही थाने में दर्ज हुई, तो मृतक की मां ने इन तीनों पर शक जाहिर किया। पुलिस ने जब तीनों से अलग-अलग पूछताछ की तो उनके बयानों में विरोधाभास सामने आया और पूरा मामला उजागर हो गया। एएसपी मोनिका ठाकुर ने बताया कि मृतक यशवंत डेंगरापार (थाना सुरेगांव) का रहने वाला था। दोस्तों के साथ विवाद हुआ जो धीरे-धीरे बढ़ता चला गया। इसके बाद सभी नदी की ओर चले गए। जहां उन्होंने फिर से शराब पी थी।

# ट्रम्प के टैरिफ पर पहली बार बोले शी जिनपिंग

## कहा– चीन कभी दान के भरोसे नहीं रहा अमेरिका ने चीन पर 145% टैरिफ लगाया

वॉशिंगटन, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अमेरिका से बढ़ते टैरिफ विवाद के बीच पहली बार बयान दिया है। उन्होंने कहा कि चीन किसी से डरता नहीं है। पिछले 70 साल में हुआ चीन का विकास कड़ी मेहनत और खुद पर निर्भर रहने का नतीजा है।

जिनपिंग ने कहा- चीन कभी दूसरों के दान के भरोसे नहीं रहा है। न ही कभी किसी की जबरदस्ती से डरा है। दुनिया कितनी भी क्यों न बदल जाए, चीन परेशान नहीं होगा।

सांचेज ट्रम्प के टैरिफ का ऐलान करने के बाद चीन जाने वाले पहले यूरोपीय नेता हैं। टैरिफ को लेकर सांचेज ने भी ट्रम्प की आलोचना की थी। उन्होंने 8 अप्रैल को कहा था कि ट्रम्प के टैरिफ की वजह से यूरोप नए बाजार तलाशने पर मजबूर होगा। इसके अलावा यूरोपीय देश और चीन दोनों अपने संबंधों को बेहतर करने पर विचार करेंगे।

अमेरिका ने चीन पर 125% नहीं बल्कि 145% टैरिफ लगा दिया है। व्हाइट हाउस ने यह बात साफ की है। ट्रम्प ने बुधवार को



चीन पर 125% टैरिफ लगाने का ऐलान किया था। इसके बाद गुरुवार को व्हाइट हाउस ने बताया कि इसमें 20% फेंटेनाइल टैरिफ भी जोड़ा गया है, जो मार्च 2025 से लागू था।

ट्रम्प ने चीन पर 4 मार्च को फेंटेनाइल ड्रग तस्करी में कथित रोल की वजह से 20% टैरिफ लगा दिया था। इसे अब तक अलग से गिना जा रहा था। व्हाइट हाउस के मुताबिक चीन पर 125% टैरिफ, 20% फेंटेनाइल टैरिफ। इसमें 1% मिसलेनियस एडजस्टमेंट भी शामिल है। मिसलेनियस एडजस्टमेंट किस वजह से लगाया गया है, अभी तक साफ नहीं हुआ है।

चीन पर 145% टैरिफ लगाने का आसान भाषा में मतलब है कि चीन में बना 100 डॉलर का सामान अब अमेरिका में जाकर 245 डॉलर का हो जाएगा। अमेरिका में चीनी सामानों के मंहगे होने से उसकी बिक्री कम हो जाएगी। बता दें चीन ने भी अमेरिका पर जवाबी 84% टैरिफ लगाया है। फेंटेनाइल ड्रग हेरोइन से 50 गुना और मॉर्फिन से 100 गुना ताकतवर होता है। राष्ट्रपति ट्रम्प का कहना है कि चीन में यह ड्रग तैयार होता है, फिर वहां से मेक्सिको और कनाडा के रास्ते अमेरिका भेजा जाता है। चीन सरकार इस पर रोक लगाने में नाकाम रही है।

सीडीसी के आंकड़ों के मुताबिक 2024 में 70 हजार से ज्यादा अमेरिकी फेंटेनाइल ओवरडोज से मरे। ट्रम्प का दावा है कि यह ड्रग अमेरिका को 'भीतर से खोखला' कर रही है। वह इसे चीन की साजिश तक बता चुके हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक चीन पहले फेंटेनाइल का सबसे बड़ा स्रोत था। लेकिन 2019 में चीनी सरकार ने इसपर बैन लगा दिया। इसके बाद से ड्रग तस्कर चीन से फेंटेनाइल की जगह केमिकल्स भेजते हैं। इसके बाद मेक्सिको के ड्रग कार्टल इसे लैब में तैयार करते हैं। डीईए की रिपोर्ट कहती है कि 97% फेंटेनाइल अमेरिका में मेक्सिको बॉर्डर से आता है।

# अमेरिका की हडसन नदी में हेलिकॉप्टर क्रैश


## गिरने से पहले 2 टुकड़ों में बंटा चॉपर, सीमेंस कंपनी के सीईओ, पत्नी और 3 बच्चों की मौत

न्यूयॉर्क, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिका के न्यूयॉर्क में गुरुवार को एक हेलिकॉप्टर हडसन नदी में क्रैश हो गया। हादसे में हेलिकॉप्टर में बैठे सभी 6 लोगों की मौत हो गई। इनमें इंजीनियरिंग कंपनी सीमेंस के सीईओ ऑगस्टिन एस्कोबार, उनकी पत्नी मर्स कैंपरुबी और उनके तीन बच्चे शामिल हैं। बच्चों की उम्र 4, 5 और 11 साल थी। ये परिवार स्पेन का रहने वाला था। उनके साथ हेलिकॉप्टर का 36 साल का पायलट भी मारा गया। पायलट के नाम का अभी तक खुलासा नहीं हुआ है।

न्यूयॉर्क सिटी के फायर डिपार्टमेंट के मुताबिक, हादसे से ठीक पहले बेल 206 एयरक्राफ्ट दो टुकड़ों में टूट गया था। उसकी टेल और रोटर ब्लेड बॉडी से अलग हो गए थे। इमरजेंसी क्रू ने नदी से सभी विक्टिम्स को बाहर निकाला। उनमें से चार को मौके पर ही मृत घोषित कर दिया गया, जबकि दो ने अस्पताल पहुंचने के बाद दम तोड़ा।

स्थानीय समय के मुताबिक, दोपहर 3 बजे हेलिकॉप्टर ने





उड़ान भरी और हडसन नदी के ऊपर से गुजरा। जॉर्ज वॉशिंगटन ब्रिज पहुंचने के बाद हेलिकॉप्टर नीचे की तरफ गिरने लगा और 3.15 बजे लोवर मैनहैटन इलाके में हडसन नदी में क्रैश हो गया।

इस हादसे के कई वीडियो सोशल मीडिया पर मौजूद हैं। इनमें देखा जा सकता है कि क्रैश से पहले विमान की टेल और रोटर अलग हो गए। इसके बाद हेलिकॉप्टर हवा में लहराते हुए नदी में गिर जाता है।

**कनाडा की कंपनी बनाती है बेल 206 हेलिकॉप्टर**

बेल 206 ट्विन ब्लेड वाले हेलिकॉप्टरों की सीरीज है, जो सिंगल इंजन और ट्विन इंजन दोनों वेरिएंट में उपलब्ध है। इसे बेल हेलिकॉप्टर कंपनी कनाडा के क्यूबेक के मिराबेल में बनाती है। बेल 206एल मॉडल में छह लोगों के बैठने की क्षमता होती है। यह हेलिकॉप्टर आग बुझाने और प्रबंधन से जुड़े कई कार्यों के लिए भी इस्तेमाल होता है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पोस्ट में हेलिकॉप्टर दुर्घटना पर दुख जताया। उन्होंने लिखा- हडसन नदी में भयानक हेलिकॉप्टर हादसा हुआ है। ऐसा लगता है कि छह लोग- पायलट, दो वयस्क और तीन बच्चे- अब हमारे बीच नहीं हैं। हादसे का वीडियो बहुत भयावह है। विक्टिम्स की फैमिली और दोस्तों को भगवान सहनशक्ति दें। सेक्रेटरी ऑफ ट्रांसपोर्टेशन शॉन डफी और उनकी टीम इस मामले को देख रही है।

ये हादसा न्यूयॉर्क की हेलिकॉप्टर टूर इंडस्ट्री में बीते 20 साल में हुआ तीसरा बड़ा हादसा है। 2009 में इटली के टूरिस्ट को साइटसीइंग कराने ले जा रहा हेलिकॉप्टर हडसन नदी के ऊपर एक प्राइवेट प्लेन से टकरा गया था। हादसे में 9 लोगों की मौत हुई थी। 2018 में एक ओपन-डोर टूरिस्ट हेलिकॉप्टर ईस्ट रिवर में क्रैश हो गया था।

हादसे में 5 लोगों की जान गई थी, सिर्फ पायलट बच पाया था। 1977 से अब तक न्यूयॉर्क सिटी में हेलिकॉप्टर क्रैश में 32 लोगों ने जान गंवाई है।

# शेख हसीना के करीबी 5 सैन्य अधिकारी नजरबंद

## इनमें दो ब्रिगेडियर शामिल, बांग्लादेश छात्र आंदोलन के दौरान मदद का आरोप

ढाका, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। ढाका बांग्लादेश में छात्र आंदोलन में कथित भूमिका को लेकर सेना के 5 अफसरों को नजरबंद किया गया। इनमें ब्रिगेडियर जकारिया हुसैन, ब्रिगेडियर जनरल इमरान, आरएबी से कर्नल अब्दुल्ला अल-मोमेन, बीजीबी के लेफ्टिनेंट कर्नल मोहम्मद रिदवानुल इस्लाम और ईस्ट बंगाल रेजिमेंट से मेजर मोहम्मद नोमान अल फारुक शामिल हैं।

इन सभी अधिकारियों को सभी को ढाका कैंटोनमेंट में नजरबंद रखा गया है। इन पर छात्र आंदोलन के दौरान प्रदर्शनकारियों पर गोलीबारी का आदेश देने के आरोप लगाए गए हैं। इन्हें ऐसे वक्त पर नजरबंद किया गया है जब आर्मी चीफ जनरल वकार उज जमान 6 अप्रैल से पांच दिन के रूस दौरे पर गए हुए हैं।

अफसरों पर अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण में आरोप लगाए हैं। जनरल हामिद पूर्व पीएम शेख हसीना के एडीसी भी



थे। वहीं, भ्रष्टाचार केस में वारंट जारी बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना की मुश्किलें कम नहीं हो रही हैं।

बांग्लादेश की एक कोर्ट ने गुरुवार को भ्रष्टाचार के मामले में पूर्व पीएम शेख हसीना, उनकी बेटी साइमा वाजेद पुतुल व 17 अन्य लोगों के खिलाफ नया गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। इन पर धोखाधड़ी के जरिए आवासीय भूखंड हासिल करने का आरोप लगाया गया है।

शेख हसीना पिछले साल 5 अगस्त को देश छोड़कर भारत आ गई थीं। दरअसल, उनके खिलाफ देशभर में छात्र प्रदर्शन कर रहे थे। बांग्लादेश में 5 जून को हाईकोर्ट ने जॉब में 30% कोटा सिस्टम लागू किया था, इस आरक्षण के खिलाफ ढाका में यूनिवर्सिटीज के स्टूडेंट्स प्रोटेस्ट कर रहे थे। यह आरक्षण स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों को दिया जा रहा था।

हालांकि हसीना सरकार ने यह आरक्षण बाद में खत्म कर दिया था। लेकिन इसके बाद छात्र उनके इस्तीफे की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन करने लगे। बड़ी संख्या में छात्र और आम लोग हसीना और उनकी सरकार के खिलाफ सड़क पर उतर आए। इस प्रोटेस्ट के दो महीने बाद 5 अगस्त को उन्होंने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद अंतरिम सरकार की स्थापना की गई।

8 अप्रैल को बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने कहा था अल्लाह ने मुझे किसी मकसद से जिंदा रखा है। मैं वापस लौटूंगी। वो दिन जरूर आएगा जब अवामी लीग के नेताओं को निशाना बनाने वालों को इंसाफ के कठघरे में लाया जाएगा।'

# पाकिस्तान के परमाणु बम पर कब्जा करना चाहते हैं टीटीपी आतंकी?

## कराची एयरबेस पर भीषण हमले की साजिश नाकाम

इस्लामाबाद, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। पाकिस्तान के परमाणु बमों की सुरक्षा एक बार फिर से सवालों के घेरे में है। एक खौफनाक घटनाक्रम में पाकिस्तान की खुफिया एजेंसियों ने कराची के रणनीतिक रूप से बेहद अहम मसरुर एयर बेस पर भीषण आतंकी हमले की साजिश को नाकाम कर दिया है। पाकिस्तानी मीडिया ने सूत्रों के हवाले से खुलासा किया है कि इस आतंकी हमले की साजिश अफगानिस्तान स्थित आतंकी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के एक कमांडर ने रची थी। इस बेहद खतरनाक प्लान 9 बेहद खतरनाक आतंकियों को अंजाम देना था जिसमें 5 अफगानी थे। रक्षा विश्लेषकों का कहना है कि पाकिस्तान की आर्थिक राजधानी कराची में मौजूद इस एयरबेस पर पाकिस्तानी वायु सेना ने परमाणु बमों का गोदाम बना रखा है। पाकिस्तानी वायुसेना यहां पर एफ-16 और जे-10 सी जैसे अत्याधुनिक फाइटर जेट को



तैनात करती रहती है।

पाकिस्तान के परमाणु बम लंबे समय से टीटीपी आतंकियों के निशाने पर रहे हैं। पाकिस्तानी अखबार द न्यूज ने अपनी रिपोर्ट में खुलासा किया है कि ये आतंकी अफगानिस्तान से हाल ही में घुसपैठ करके पाकिस्तान पहुंचे थे। इनका इरादा कराची एयरबेस पर हमला करके उस पर कब्जा करना, वहां मौजूद फाइटर जेट और आधारभूत ढांचे को तबाह करना था। वे इस एयरबेस पर बहुत लंबे समय तक टिकने का प्लान बना रहे थे। इन आतंकियों का इरादा अधिक से अधिक नुकसान पहुंचाने का था और मरते दम तक लड़ाई जारी रखने का था।

पाकिस्तानी रिपोर्ट में कहा गया है कि टीटीपी के इस हमले की साजिश करीब 13 महीने से अफगानिस्तान में रची जा रही थी। इन आतंकियों ने एयरबेस के पास ही अपना घर ले रखा था। आतंकियों ने पूरे एयरबेस की व्यापक रेकी की थी। जब ये आतंकी हमले को अंजाम देने ही वाले थे तभी उन्हें पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों ने अरेस्ट कर लिया। इन आतंकियों की मदद करने वाले कई अन्य लोगों को भी देश के अन्य हिस्सों से अरेस्ट किया गया है। टीटीपी के आतंकी साल 2024 में चीनी इंजीनियरों पर कराची में हमला कर चुके हैं। इस हमले को अंजाम देने वाले टीटीपी कमांडर ने ही एयरबेस पर हमले की साजिश रची थी।

पाकिस्तानी सेना का मानना है कि टीटीपी का यह कमांडर आईईडी बनाने में एक्सपर्ट है। तालिबान ने इस टीटीपी कमांडर को ट्रेनिंग दी है। उन्होंने कहा कि इस हमले की साजिश के पीछे विदेशी खुफिया एजेंसी का हाथ है जो पाकिस्तान को अस्थिर करना चाहते हैं। द प्रिंट की एक रिपोर्ट में भारतीय सेना के पूर्व कर्नल विनायक भट्ट ने खुलासा किया था कि पाकिस्तानी वायुसेना के इस मसरुर एयरबेस पर विशेष बंकर बनाए गए हैं जिन्हें तबाह करना आसान नहीं है। इस बंकर के अंदर ही परमाणु बम के साथ आरएएडी मिसाइल को रखा जाता है। इस बंकर को चौकोर बनाया गया है।

### ताइवान ने अंडरवाटर केबल को नुकसान पहुंचाने के आरोप में चीनी जहाज के कैप्टन पर केस दर्ज किया




ताइपे, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। ताइवान ने पहली बार एक चीनी जहाज के कैप्टन पर केस दर्ज किया है। आरोप है कि कैप्टन ने जानबूझकर फरवरी में समुद्र के नीचे की केबल को नुकसान पहुंचाया। ताइवान के वकीलों का कहना है कि चीन के जहाज होंग ताई 58 ने दक्षिणपश्चिमी ताइवान के पास समुद्र के नीचे केबल के पास एंकर गिराया, जिससे केबल डैमेज हो गई।

इस शिप को ताइवान ने डिटेन कर लिया है। वकीलों ने कहा कि उन्होंने शिप के चीनी कैप्टन पर केबल को नुकसान पहुंचाने के आरोप में केस दर्ज किया है।

# रूस के सू-35 फाइटर जेट की दुनिया में मची धूम

## ईरान के बाद एक और शक्तिशाली देश ने खरीदा

मॉस्को, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। रूसी लड़ाकू विमान सुखोई सू-35, जो एक अत्याधुनिक मल्टीरोल फाइटर जेट है, वो वैश्विक रक्षा बाजार में तेजी से अपनी पकड़ मजबूत कर रहा है। हाल ही में इस लड़ाकू विमान की डिलीवरी अल्जीरिया को की गई है, जो रूस के साथ अपने सैन्य संबंधों को और गहरा कर रहा है। इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर स्ट्रेटेजिक स्टडीज (आईआईएसएस) ने पुष्टि की है कि अल्जीरिया में रूसी सुखोई एसयू -35 को अपने एयरफोर्स में शामिल कर लिया है। 10 मार्च को अल्जीरिया के एल बुआघी एयर बेस एक एसयू-35 की तैनाती की पुष्टि की गई। सू-35 एक 4.5-पीढ़ी का फाइटर जेट है, जो अत्याधुनिक एवियोनिक्स, थ्रस्ट-वेक्टरिंग इंजन और लंबी दूरी की रडार प्रणाली से लैस है। यह विमान हवा से हवा और हवा से जमीन दोनों प्रकार के मिशनों को



अंजाम देने में सक्षम है। लिहाजा कई देशों के एयरफोर्स बेड़े के लिए ये फाइटर जेट काफी शानदार साबित होता है।

रिपोर्ट के मुताबिक अल्जीरिया ने हाल ही में सू-35 फाइटर जेट्स की पहली खेप हासिल की है। यह विमान पहले मिस्र के लिए बनाए गए थे, लेकिन पश्चिमी देशों की प्रेशर की वजह से मिस्र ने अंत में फाइटर जेट खरीदने से इनकार कर दिया था। जिसके बाद अब ये विमान अल्जीरिया की वायु सेना में शामिल किए गये हैं, जिससे देश की हवाई शक्ति में वृद्धि हुई है। कई स्रोतों से पता चला है कि अल्जीरिया ने रूस के साथ 24 सू-35 लड़ाकू विमान खरीदने के लिए डील किया हुआ है। हालांकि अल्जीरियाई सरकार ने कोई सार्वजनिक घोषणा नहीं की है, जिससे पता चलता है कि ये सौदा काफी सीक्रेट अंदाज में की गई है। ईरान ने भी रूसी फाइटर जेट खरीदने की घोषणा कर रखी है, जो अपनी वायुसेना के पुराने हो चुके विमानों से जूझ रहा है। अक्टूबर 2020 के बाद ईरान ने काफी तेजी से रूस के साथ सैन्य संबंध बनाए हैं। खासकर यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद ईरान को लेकर रूस का विश्वास काफी बढ़ गया है। कई रिपोर्ट्स में कहा गया है कि ईरान ने भारी मात्रा में गोला बारूद रूस को सौंपे हैं। शुरू में रूस ने रूस से सुखोई सू-30एसएम फ्लांकर-एच खरीदने में गहरी दिलचस्पी दिखाई थी।

ईरान का मकसद अपने एयरफोर्स के बेड़े से काफी पुराने हो चुके ग्रुम्मन एफ-14 टॉमकैट्स को बाहर करना था। लेकिन बाद में ईरान ने अपने विचार बदल लिए उसने एसयू-35 को खरीदने का फैसला किया। सू-35 की ताकत और क्षमता ने ईरान को काफी प्रभावित किया है।

# एशियाई लड़कियां, हाई प्रोफाइल ग्राहक, हर घंटे 600 डॉलर

## अमेरिका में स्कैंडल से मची सनसनी, भारतीय मूल के सीईओ गिरफ्तार

वॉशिंगटन, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। बोस्टन में एक रैकेट ने अमेरिका की हाई प्रोफाइल सोसाइटी में तहलका मचा दिया है। इस रैकेट में शामिल ग्राहकों में व्यवसायी, सरकारी अधिकारी, डॉक्टर और वकील शामिल थे, जो 600 डॉलर (करीब 51,625 रुपया) प्रति घंटे की दर से यौन सेवाएं प्राप्त करते थे। इनमें भारतीय मूल के एक सीईओ अनुराग बाजपेयी को गिरफ्तार किया गया था, जो टर ट्रीटमेंट स्टार्टअप ग्रेडिएंट के सीईओ हैं। अनुराग बाजपेयी भी एक ग्राहक थे और कंपनी ने उनका बचाव किया है। इस नेटवर्क का भंडाफोड़ नवंबर 2023 में हुआ था।

मैसाचुसेट्स के पूर्व अमेरिकी अटॉर्नी जोशुआ लेवी ने उस समय कहा था कि इस रैकेट को खास तौर पर अमीर ग्राहकों के लिए डिजाइन किया गया था, जिसमें हाई प्रोफाइल ग्राहकों के लिए हाई प्रोफाइल लड़कियों की व्यवस्था की जाती थी। इसमें गोपनीयता का



सबसे ज्यादा ख्याल रखा जाता था और इसके ग्राहक चूंकी हाई प्रोफाइल थे, लिहाजा ये सर्विस पूरी तरह से सीक्रेट हुआ करती थी। इस स्कैंडल में अभी तक कई लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

यह रैकेट बोस्टन के कैम्ब्रिज, डेडहम, वाटरटाउन और वर्जीनिया के पूर्वी हिस्सों में स्थित लग्जरी अपार्टमेंट्स से ऑपरेट होता था। यहां एशियाई महिलाओं को यौन सेवाओं के लिए रखा गया था। पूर्व अमेरिकी अटॉर्नी जोशुआ लेवी ने खुलासा करते हुए कहा था कि इसका लक्ष्य अमीर ग्राहकों को 'खुशी' देना था। इस रैकेट के ग्राहकों में डॉक्टर, वकील, एकाउंटेंट, हाई-टेक कंपनियों के कार्यकारी, फार्मास्युटिकल कंपनियों के अधिकारी, सैन्य अधिकारी, सरकारी ठेकेदार, प्रोफेसर और वैज्ञानिक शामिल थे। इनमें से कई ग्राहकों की पहचान सार्वजनिक नहीं की गई है, लेकिन जांच जारी है। द वॉल स्ट्रीट जर्नल (डब्ल्यूएसजे) की रिपोर्ट के मुताबिक ये ग्राहक काफी बड़े-बड़े पदों पर हैं और कम से कम 30 लोगों की अभी तक पहचान की गई है। ग्राहकों ने हर घंटे के हिसाब से एशियाई महिलाओं से संबंध बनाने के लिए 300 डॉलर से 600 डॉलर का भुगतान किया। कैम्ब्रिज पुलिस के मुताबिक 12 पुरुषों ने कैम्ब्रिज अपार्टमेंट परिसर में कोरियाई महिलाओं के साथ यौन संबंध बनाने के लिए भुगतान किया था।

अनुराग बाजपेयी, जो एक वाटर ट्रीटमेंट स्टार्टअप ग्रेडिएंट के सीईओ हैं, उनका नाम इस रैकेट में सामने आया है। उनकी कंपनी ने उनके समर्थन में बयान जारी किया है, लेकिन जांच एजेंसियां उनकी भूमिका की जांच कर रही हैं। ग्रेडिएंट का नेटवर्थ एक अरब डॉलर से ज्यादा है। अनुराग पर कई बार संबंध बनाने के लिए पैसे देने का आरोप है। अनुराग, अमेरिका के सबसे प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग कॉलेज एमआईटी से मैकेनिकल इंजीनियर कर चुके हैं। पिछले महीने अदालती दस्तावेजों में दर्जनों अन्य लोगों के साथ बाजपेयी का नाम भी शामिल था। उनकी कंपनी ने उनके बचाव में डब्ल्यूएसजे को दिए गए एक बयान में कहा, हम न्याय प्रणाली में विश्वास करते हैं और हमें विश्वास है कि यह समय के साथ समस्या का समाधान हो जाएगा।

# इजरायल ने सीरिया में तोड़ा तुर्की के 'खलीफा' का सपना तो बिलबिलाया पिछलग्गू पाकिस्तान

इस्लामाबाद/दमिश्क, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। सीरिया में एस-400 मिसाइलें तैनात कर सैन्य अड्डा बनाने का सपना देख रहे तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन के सपने को इजरायल ने अपने फाइटर जेट से तबाह कर दिया है। इजरायल के आक्रामक सैन्य अभियान के बाद तुर्की बैकफुट पर आ गया है और उसने अजरबैजान में यहूदी देश के साथ बातचीत शुरू की है। इस बीच तुर्की के पिछलग्गू पाकिस्तान ने इस्लामिक देशों का खलीफा बनने की फिराक में लगे एर्दोगान को खुश करने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में

### संयुक्त राष्ट्र में उगला जहर

सीरिया में इजरायल के हमले के मुद्दे को उठाया है। पाकिस्तान ने कहा कि इजरायल का सीरिया में हमला अंतरराष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन है।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के अस्थायी सदस्य पाकिस्तान ने इजरायल के खिलाफ अपने एजेंडे को बढाते हुए कहा कि इजरायल का हमला सीरिया की राजनीतिक स्थिरता और राष्ट्रीय मेल मिलाप को कमजोर करता है। इससे पहले इजरायल ने सीरिया के कई सैन्य ठिकानों को तबाह करके वहां के नए एचटीएस शासकों को बता दिया था कि वे तुर्की को इस इलाके से दूर रखें। इजरायल ने साफ तौर पर तुर्की को भी बता दिया है कि सीरिया उसके लिए रेड लाइन है। इजरायल का कहना है कि तुर्की सीरिया में अपना प्रभाव जमाने के लिए सैन्य अड्डा बनाना चाहता है। दरअसल, इजरायल सीरिया के हवाई क्षेत्र में घुसकर ईरान पर हमले करता है। अगर तुर्की यहां अपना बेस बना लेता है तो इजरायल के लिए यह करना संभव नहीं रह जाएगा। तुर्की का इरादा यहां पर बेहद शक्तिशाली रूसी एस 400 एयर डिफेंस सिस्टम तैनात करने का है।

# सीनेट ने जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ के नाम को दी मंजूरी

वॉशिंगटन, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिकी सीनेट ने जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ के पद पर लेफ्टिनेंट जनरल डैन केन के नाम को मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा नामित लेफ्टिनेंट जनरल डैन केन अमेरिका के अगले जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ होंगे। यह पद बीते दो महीने से खाली था क्योंकि पूर्व जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ को राष्ट्रपति ट्रंप ने बर्खास्त कर दिया था। नए जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ अमेरिकी वायुसेना के प्रतिष्ठित एफ-16 फाइटर प्लेन के पायलट रहे हैं।

लेफ्टिनेंट जनरल डैन केन कई विशेष कमांड का नेतृत्व भी कर चुके हैं। इनमें से कुछ पेंटागन के कुछ खुफिया ऑपरेशन भी हैं। हालांकि वे साल 1986 में बने कानून के तहत जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ बनने की योग्यता को पूरा नहीं करते हैं, लेकिन अमेरिका में प्रावधान है कि देशहित को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रपति कुछ नियमों में छूट दे सकते हैं।

लेफ्टिनेंट जनरल डैन केन की नियुक्ति की पुष्टि ऐसे समय हुई है, जब दो महीने पहले ही राष्ट्रपति ट्रंप ने पूर्व जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ जनरल सीक्यू ब्राउन जूनियर को पद से हटा दिया था।

# यून सुक येओल ने छोड़ा राष्ट्रपति निवास

## निजी घर के लिए रवाना होते हुए समर्थकों को लगाया गले

सियोल, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। दक्षिण कोरिया के अपदस्थ राष्ट्रपति यून सुक येओल ने शुक्रवार को राष्ट्रपति निवास छोड़ दिया। वह अपनी पत्नी किम कीन ही, 11 कुत्तों और बिल्लियों के साथ समृद्ध दक्षिणी सियोल स्थित अपने निजी निवास लौट गए। वह राष्ट्रपति निवास से काली वैन में सवार होकर निकले। जैसे ही वैन गेट पर पहुंची, उनके समर्थकों ने उन्हें घेर लिया। इस दौरान यून ने मुस्कुराते हुए समर्थकों की ओर हाथ हिलाया, हाथ मिलाया और गले मिले। फिर गाड़ी में सवार होकर वहां से निकल गए। यून सुक येओल के आगमन से पहले, उनके दर्जनों समर्थक और आलोचक भारी पुलिस बल की मौजूदगी में उनके निजी आवास के पास एकत्र हुए।

यून के समर्थकों के हाथों में 'महामहिम यून, हम आपकी भावना के साथ आगे बढ़ेंगे' के नारे लिखे बैनर थे, जबकि उनके आलोचकों के हाथ में 'यून सुक योल को मृत्युदंड दो!' के नारे लिखे बैनर थे।

बता दें कि एक सप्ताह पहले सांविधानिक न्यायालय ने दिसंबर में मार्शल लॉ लागू करने के कारण यून सुक को राष्ट्रपति पद से हटा दिया था। जनवरी में हन्नाम-डोंग जिले में स्थित राष्ट्रपति परिसर को कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने घेर लिया था और यून को हिरासत में लिया था। विद्रोह के आरोपों में आपराधिक मुकदमे का सामना कर रहे यून सुक की सियोल की अदालत ने गिरफ्तारी रद्द कर दी थी, जिसके बाद मार्च में उन्हें हिरासत से रिहा कर दिया गया था। यून सुक येओल ने 2022 के चुनाव में मामलू अंतर से जीत हासिल की थी। राष्ट्रपति बनने के बाद उन्होंने तीन दिसंबर को देर रात मार्शल लॉ की घोषणा की।



# वसुंधरा को मालूम, पीकेसी-ईआरसीपी के एमओयू में दम नहीं : गहलोत

## राजनीतिक ईमानदारी है तो बताएं-नई पीकेसी बेहतर या पुरानी ईआरसीपी?



जयपुर, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने ईआरसीपी और पीकेसी प्रोजेक्ट को लेकर पूर्व सीएम वसुंधरा राजे पर निशाना साधा। गहलोत ने कहा- राजे दो बार मुख्यमंत्री रहीं, इन प्रोजेक्ट्स का पूरा अध्ययन किया है।

**ईआरसीपी या पीकेसी ये सब बकवास है**

गहलोत ने आगे कहा-वसुंधरा राजे खुद कह रही हैं कि अगले 9 साल तक कुछ होने वाला नहीं है। ऐसे में जनता को बेवकूफ क्यों बना रहे हैं? उन्हें मालूम है पीकेसी और ईआरसीपी के नए एमओयू में दम नहीं है। अगर राजे में राजनीतिक ईमानदारी है तो प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाकर स्पष्ट करें कि नई पीकेसी में दम है या उनके समय बनी ईआरसीपी में?

पूर्व सीएम ने कहा-राजे से मेरी शिकायत ये है कि वे दो बार मुख्यमंत्री रही हैं, लेकिन सिर्फ झालावाड़ की बात कर रही हैं। ये गलत है। अशोक गहलोत जयपुर में महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती के अवसर पर 22 गोदाम स्थित प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने पहुंचे थे। राजे केवल झालावाड़ नहीं, पूरी योजना की बात करें: पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती कार्यक्रम में कहा- अगर वसुंधरा राजे में राजनीतिक ईमानदारी है तो प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाकर पीकेसी और ईआरसीपी के नए एग्रीमेंट के बारे में बताएं। नई पीकेसी में दम है या उनके समय की ईआरसीपी में, स्पष्ट करें। हमने सरकार में उनके प्रस्ताव को आगे बढ़ाया, कोई छेड़छाड़ नहीं की। वह केवल झालावाड़ नहीं, पूरे राजस्थान के हितों की बात करें। छुआछूत मानवता पर कलंकःअलवर राम मंदिर में ज्ञानदेव अहूजा के गंगाजल छिड़काव प्रकरण पर गहलोत ने कहा- हम सबने इसकी निंदा की है।

### दो बार सीएम रहने के बाद भी सिर्फ झालावाड़ की बात क्यों?

जयपुर, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती के अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने एक बार फिर भाजपा और पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे पर निशाना साधा। उन्होंने वसुंधरा राजे के हालिया ट्वीट को लेकर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि एक दो बार मुख्यमंत्री होकर यदि कोई नेता सिर्फ अपने क्षेत्र की बात करे, तो यह राज्य की जनता के साथ अन्याय है। मीडिया से बात करते हुए अशोक गहलोत ने कहा- वसुंधरा राजे दो बार मुख्यमंत्री रही हैं। उन्हें पूरे राज्य की जिम्मेदारी का अनुभव है, लेकिन वे सिर्फ झालावाड़ की बात कर रही हैं। मेरी उनसे शिकायत है कि अगर उनमें राजनीतिक ईमानदारी है तो उन्हें पूरे राजस्थान की बात करनी चाहिए, न कि सिर्फ अपने क्षेत्र की। गहलोत ने ईआरसीपी (पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना) को लेकर भी भाजपा और वसुंधरा राजे को आड़े हाथों लिया।

# वसुंधरा राजे की नाराजगी के बाद सुप्रीटेंडेंट इंजीनियर को हटाया

## लापरवाही बरतने वाले कुछ अन्य अफसरों के खिलाफ भी एक्शन की तैयारी



जयपुर, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। झालावाड़ जिले में पानी संकट को लेकर पूर्व सीएम वसुंधरा राजे की नाराजगी के बाद सरकार में एक्शन शुरू हो गया है। जलदाय विभाग ने झालावाड़ के सुप्रीटेंडेंट इंजीनियर दीपक कुमार झा को पद से हटाकर एपीओ कर दिया है। एपीओ अवधि में दीपक कुमार झा को जलदाय विभाग के चीफ इंजीनियर और अतिरिक्त सचिव के दफ्तर में हाजिरी देने के आदेश दिए हैं। इस मामले में लापरवाही बरतने वाले कुछ अन्य अफसरों के खिलाफ भी एक्शन की तैयारी है। जलदाय विभाग के आदेशों के मुताबिक झालावाड़ जिले के जल जीवन मिशन के कामों की प्रगति संतोषजनक नहीं होने, अंतिम छोर तक पानी नहीं पहुंचने, जल जीवन मिशन के कामों की सही तरीके से मॉनिटरिंग नहीं करने और समय पर निविदाएं आमंत्रित नहीं करने से आए पानी संकट की शिकायतों को देखते हुए सुप्रीटेंडेंट इंजीनियर को एपीओ किया है।

पिछले दिनों झालावाड़ जिले में पानी संकट पर नाराजगी जताते हुए वसुंधरा राजे ने अफसरों को फटकार लगाते हुए नाराजगी जताई थी। इसके बाद वसुंधरा राजे ने सोशल मीडिया पर दो पोस्ट करके अफसरों पर सवाल उठाए थे। राजे ने एक्स पर लिखा था- क्या जनता को प्यास नहीं लगती? सिर्फ आप अफसरों को ही लगती है। गर्मी में पेयजल संकट के कारण जनता त्रस्त है। अफसर तृप्त हैं। पानी कागजों में नहीं, लोगों के होठों तक पहुंचे। अफसर सो रहे हैं, लोग रो रहे हैं। मैं ऐसा नहीं होने दूंगी। राजे ने कहा था- प्रधानमंत्री जी ने 42 हजार करोड़ जल जीवन मिशन में दिए हैं। पाई-पाई का हिसाब दो कि झालावाड़ के हिस्से की राशि का आपने क्या किया? पेयजल संकट निवारण के लिए हमारी सरकार तो पैसा दे रही है, लेकिन अफसर योजनाओं की सही क्रियान्विति नहीं कर रहे। इसलिए राजस्थान के लोग प्यास से बेचैन हैं। यह तो अप्रैल का हाल है, जून-जुलाई में क्या होगा? अधीक्षण अभियंता सहित कोई अफसर मुझे संतोषजनक जवाब नहीं दे सका,झालावाड़ में यह नहीं चलेगा। वसुंधरा राजे के तल्ख तेवरों के बाद केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने राज्य सरकार से रिपोर्ट मांगी थी। पाटिल ने सोशल मीडिया पर लिखा था- झालावाड़ में जल संकट को लेकर वसुंधरा राजे की उठाई गई चिंता को गंभीरता से लिया है। राजस्थान सरकार से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई है।

**राजे की नाराजगी के बाद सीएम ने बैठक कर दिए थे सख्त निर्देश**

वसुंधरा राजे की नाराजगी के बाद सीएम भजनलाल शर्मा ने जलदाय विभाग से पानी संकट को लेकर रिपोर्ट मांगी थी। उस रिपोर्ट में झालावाड़ में जलजीवन मिशन के कामों में देरी को लेकर भी रिपोर्ट तलब की गई थी। सीएम ने इसके बाद जलदाय मंत्री और महके के अफसरों के साथ बैठक कर पानी संकट पर नाराजगी जताई। सीएम ने पानी संकट पर नाराजगी जताते हुए कहा था कि लोगों को पानी के लिए परेशान होना पड़ा तो जिम्मेदारों की खैर नहीं होगी, एक्शन होगा।

## दूदू में हुआ भीषण सड़क हादसा, आपस में टकराए सात वाहन, एक दर्जन से ज्यादा लोग घायल

जयपुर, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। जयपुर जिले के दूदू क्षेत्र में आज सुबह एक भीषण सड़क हादसा हो गया। जयपुर-अजमेर नेशनल हाईवे पर पडासोली के पास हुए इस हादसे में एक के बाद एक सात वाहन आपस में टकरा गए। हादसे में 10 से 12 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया। कई घायलों की हालत नाजुक बनी हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यह हादसा तब हुआ जब एक ट्रेलर और सवारियों से भरी कार की टक्कर के बाद पीछे आ रहे वाहन अनियंत्रित हो गए। हाईवे पर डामर फैलने के कारण दो भारी वाहन पलट गए, जिससे पीछे आ रहे अन्य वाहन भी असंतुलित होकर एक-दूसरे से भिड़ते चले गए। हादसे के बाद हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई और लंबा जाम लग गया। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को बाहर निकालकर एंबुलेंस की सहायता से नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को संभाला और यातायात को नियंत्रित किया। फिलहाल हादसे की जांच जारी है। प्रशासन ने घायलों को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया है।

## अवैध क्लीनिकों पर कार्रवाई, दस्तावेज अधूरे मिलने पर दो क्लीनिक सीज

बालोतरा, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। जिला प्रशासन एवं चिकित्सा विभाग की संयुक्त टीम ने बालोतरा जिले के समदड़ी क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित मेडिकल क्लीनिकों और नीम हकीमों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए कई स्थानों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई जिला कलेक्टर सुशील कुमार यादव और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वाकाराम चौधरी के निर्देशन में की गई। अभियान की अगुवाई अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संदीप कुमार देवात एवं खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जगत नारायण स्वामी ने की। अभियान के दौरान अधिकारियों ने विभिन्न क्लीनिकों और मेडिकल संस्थानों का मौके पर निरीक्षण किया और उनके दस्तावेजों की गहन जांच की। इस दौरान कई जगहों पर लाइसेंस एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज अधूरे या अनुपलब्ध पाए गए। विभाग ने ऐसे क्लीनिक संचालकों को निर्देश दिए कि वे शीघ्र अपने दस्तावेज पूर्ण करें, अन्यथा उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# राहुल गांधी ने रणथंभौर में की टाइगर सफारी

> एरोहेड और शावकों की अठखेलियां देखीं > कांग्रेस कार्यकर्ता के साथ फोटो खिंचवाई



सवाई माधोपुर, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी निजी यात्रा पर रणथंभौर में हैं। राहुल गांधी ने गुरुवार सुबह-शाम और शुक्रवार को सुबह लगातार टाइगर सफारी का लुत्फ उठाया। इस दौरान उन्हें लगातार तीनों सफारी में बाघ-बाघिन के दीदार हुए। जोन नंबर 2 में फिमेल टाइगर को शिकार करते देखा।

**तीन सफारी में लगातार टाइगर साइटिंग**

राहुल गांधी ने गुरुवार सुबह जोन नंबर 3 के गूलर वन क्षेत्र में बाघिन सिद्धि के दीदार हुए। यहां शावक को स्वछंद घूमते देखकर राहुल गांधी खासे उत्साहित दिखाई दिए। गुरुवार शाम की पारी में जोन नंबर 2 में फीमेल टाइगर के दीदार किए।

इस दौरान उन्होंने बाघिन टी-84 एरोहेड व उसके शावकों की अठखेलियां देखी। राहुल गांधी ने शिवराज एनीकट वन क्षेत्र में बाघिन और उसके शावकों को शिकार का लुत्फ उठाता देखा। जिसे उन्होंने अपने कैमरे में कैद किया। वहीं शुक्रवार सुबह की पारी में राहुल गांधी ने रणथंभौर के जोन नंबर 2 और 3 में सफारी की। जहां उन्होंने जोन नंबर 2 पर रिद्धि व उसके शावक और जोन नंबर 3 में ऐरोहेड व उसके शावकों के दीदार किए।

**कांग्रेस कार्यकर्ता के साथ फोटो खिंचवाई**

आज सुबह की पारी में टाइगर सफारी करने पहुंचे राहुल गांधी ने लोगों के साथ फोटो पर खिंचवाई इस दौरान आज सुबह की पारी में जब राहुल गांधी ने टाइगर पार्क के मैन गेट पर कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष छुट्टन लाल मीणा से मुलाकात की। उन्होंने करीब 2 मिनट बात करके फ़ोटो भी खिंचवाई। छुट्टन लाल मीणा सवाई माधोपुर गणेश धाम पर रणथंभौर के टी-शर्ट, टोपी और हैंडीक्राफ्ट सामान बेचते हैं।

**2 दिन पहले देर रात को पहुंचे रणथंभौर**

जानकारी के अनुसार कांग्रेस नेता राहुल गांधी अहमदाबाद में आयोजित कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन से बुधवार को सीधे अहमदाबाद से फ्लाइट से जयपुर पहुंचे और फिर जयपुर से सड़क मार्ग से सवाई माधोपुर पहुंचे। वे देर रात करीब 10 बजे सड़क मार्ग से रणथंभौर पहुंचे। यहां वह रणथंभौर के शेर बाग़ होटल में ठहरे हुए हैं। उल्लेखनीय है कि गांधी परिवार का रणथंभौर से गहरा लगाव है। राहुल गांधी की बहन और वायनाड सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा भी अक्सर रणथंभौर आती रहती है। उनके बच्चे और पति रॉबर्ट वाड्रा भी रणथंभौर आते रहते है। प्रियंका गांधी तो साल में करीब 2 से 3 बार रणथंभौर आती है।

प्रियंका के अलावा सोनिया गांधी भी रणथंभौर आ चुकी है। वहीं राहुल गांधी के पिता राजीव गांधी का भी रणथंभौर से गहरा लगाव था। वह पहली बार प्रधानमंत्री बनने के बाद यहां अपनी छुट्टियों के दौरान एक सप्ताह तक रणथंभौर रुके थे। फिलहाल राहुल गांधी रणथंभौर ट्यूर को लेकर प्रशासन भी पूरी तरह से अलर्ट है और सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किए गए है।

## थ्रेशर में आकर किसान के टुकड़े-टुकड़े हुए कट्टे की पोटली में इकट्ठे किए गए बॉडी पार्ट्स

### सिर पर बंधा गमछा अचानक पट्टे में आया

सवाई माधोपुर, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। थ्रेशर की चपेट में आकर किसान के टुकड़े-टुकड़े हो गए। उसके शरीर के टुकड़े मशीन में बुरी तरह फंस गए थे। उसे निकालने के लिए भी मशक्कत करनी पड़ी। मशीन ऊपर से खोलकर एक-एक टुकड़े को इकट्ठा कर कट्टे में बांधा गया। यह सब देखकर मौके पर मौजूद लोगों का कलेजा मुंह को आ गया। मामला सवाई माधोपुर के मलारना डूंगर इलाके का है। मलारना डूंगर के थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह सोलंकी ने बताया- हादसा गुरुवार देर रात 2 से 3 बजे के बीच हुआ। बाढ़ बरियारा गांव में भरतलाल के खेत पर थ्रेशर मशीन से गेहूं की कटाई चल रही थी। गांव के ही किसान घनश्याम (45) भी गेहूं की कटाई करवाने के लिए आए हुए थे। रात में थ्रेशर पर गेहूं की कटाई करवा रहे थे। इसी दौरान उनके सिर पर बांधा गमछा अचानक थ्रेसर मशीन के पट्टे में फंस गया। इसी पट्टे ने झटके से घनश्याम को खींच लिया और उनका शरीर मशीन में चला गया। वहां मौजूद लोग कुछ समझ पाते, इससे पहले ही घनश्याम के टुकड़े-टुकड़े हो गए।

## जीणमाता मंदिर अनिश्चितकालीन बंद, धरने पर बैठे पुजारी

सीकर, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। शक्तिपीठ जीणमाता मंदिर आज से अनिश्चितकालीन बंद है। मंदिर के बाहर पुजारी धरने पर बैठे हैं। धरना स्थल पर शेखावाटी के साधु-संत, पीठाधीश्वर पहुंच चुके हैं। इसके अलावा राजस्थान से और भी संत आने वाले हैं। वहीं दूर-दराज से आए भक्तों को मां जीण भवानी के दर्शन नहीं हो रहे हैं।

ऐसे में भक्त परेशान हैं। श्री जीणमाता मंदिर ट्रस्ट की ओर से बंद को लेकर गुरुवार को घोषणा की गई थी। हालांकि, जीण भवानी के गर्भ गृह में रोजाना होने वाली पूजा जारी है। मंदिर का मुख्य गेट बंद कर दिया गया है। मंदिर के बाहर माता के दर्शन करने के लिए भक्तों की लाइन लगी हुई हैं। पुजारी भी बाहर धरने पर बैठे हैं। भक्त धरना स्थल पर रखी माता की तस्वीर के दर्शन कर वापस लौट रहे हैं। लोहागर्ल धाम के पीठाधीश्वर अवधेशाचार्य महाराज ने कहा- जब तक प्रशासन उनकी मांगे नहीं मानता है। तब तक जीणमाता मंदिर बंद रहेगा। साथ ही मंदिर के बाहर पुजारियों का धरना-प्रदर्शन जारी रहेगा।

# किराए की गाड़ियां नशा तस्करों को बेचने के मामले में पांच गिरफ्तार

## जेल में बनी थी पूरी योजना



जयपुर, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। करधनी थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम (डीएसटी) जयपुर पश्चिम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक गैंग का पर्दाफाश किया है, जो किराए पर गाड़ियां लेकर उन्हें नशा तस्करों को बेचता था। मामले में गैंग के पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से किराए पर ली गई एक स्कॉर्पियो और थार जीप बरामद की गई है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों द्वारा अजमेर जेल से योजना बनाकर गाड़ियों की खरीद-फरोख्त करना सामने आया है।

पुलिस पूछताछ कर गैंग के फरार साथियों की जानकारी जुटा रही है। डीसीपी जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में मनीष यादव, रामलाल, अंशु सिंह, कर्मवीर सिंह उर्फ मोनू बन्ना और विजय कुमार उर्फ बिज्जु साहवा शामिल हैं। इनमें से विजय कुमार के खिलाफ 11 और अंशु सिंह के खिलाफ 6 आपराधिक मामले पहले से दर्ज हैं।

जानकारी के अनुसार 9 मार्च को राजेंद्र सिंह ने करधनी थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि उसका परिचित रवि गुर्जर उसकी स्कॉर्पियो गाड़ी किसी काम के लिए लेकर गया था। रवि गुर्जर ने मोहित सोनी और संदीप यादव को शादी में जाने के लिए गाड़ी दी, लेकिन उन्होंने गाड़ी वापस नहीं की। बाद में गाड़ी का जीपीएस बंद मिलने पर उन्हें संदेह हुआ। इसके बाद की गई जांच में सामने आया कि मोहित सोनी ने स्कॉर्पियो और थार मनीष यादव को किराए पर दी थी। पुलिस ने सीसीटीवी और मुखबिर की सूचना के आधार पर मनीष यादव को धरदबोचा, जिसके बाद पूछताछ में पता चला कि मनीष की मुलाकात अलवर जेल में बंद जयंत यादव से हुई थी, जिसने उसे जयपुर में फर्जी आईडी से गाड़ियां किराए पर लेने की योजना बताई थी। इसी के चलते मनीष यादव ने थार और स्कॉर्पियो जयपुर से किराए पर ली और सीकर के पास अंशु सिंह व कर्मवीर सिंह को सौंप दी। पुलिस ने उन दोनों को भी गिरफ्तार कर लिया है।

पूछताछ में अंशु सिंह ने खुलासा किया कि जेल में जयंत से जान-पहचान के बाद उसने फर्जी आईडी से गाड़ियां लेकर बेचने की योजना बनाई थी। जयंत के निर्देश पर दोनों गाड़ियां विजय साहवा को क्रमशः 1.90 लाख व 2.90 लाख रुपये में बेची गईं। इस रकम में से 3.90 लाख रुपये जयंत के लोगों को दे दिए गए। पुलिस ने विजय साहवा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से स्कॉर्पियो और रामलाल से बरामद थार जीप को जब्त किया है। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी विजय साहवा इन गाड़ियों को नशा तस्करों को ऊंचे दाम पर डिलीवर करता था। गाड़ियों की बिक्री से मिले पैसे गैंग के सदस्य आपस में बांटते थे। अब पुलिस को इस गैंग से जुड़े और भी कई मामलों का खुलासा होने की उम्मीद है।

## तहव्वुर को भारत लाए जाने पर बोले नसीरुद्दीन चिश्ती-यह भारत की संप्रभुता का प्रतीक

अजमेर, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। अजमेर दरगाह के प्रमुख उत्तराधिकारी एवं ऑल इंडिया सूफी सज्जादानशीन काउंसिल के चेयरमैन सैयद नसीरुद्दीन चिश्ती ने 26/11 मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा को भारत लाए जाने पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि दी है। यह कदम उन बहादुर जवानों के प्रति देश की जिम्मेदारी और संवेदनशीलता का प्रतीक है, जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी।

चिश्ती ने कहा कि इस फैसले से न केवल शहीदों के परिजनों को न्याय की आशा मिली है, बल्कि भारत सरकार ने देशवासियों के मन में वर्षों से बने घावों पर मरहम रखने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि यह कदम दर्शाता है कि भारत अब आतंकवाद और उसके समर्थकों को किसी भी समय और कहीं भी जवाबदेह ठहराने में पूरी तरह सक्षम है। उन्होंने कहा कि 26/11 जैसा आतंकी हमला सिर्फ मुंबई पर नहीं बल्कि पूरे भारत की आत्मा पर हमला था।

# जेल प्रहरी को जान से मारने की धमकी देने के आरोप में तीन गिरफ्तार

## पुडुचेरी से पकड़कर लाई पुलिस

जयपुर, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। मालपुरा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए खुली बंदी शिविर सांगानेर में तैनात जेल प्रहरी को जान से मारने की धमकी देने वाले मुख्य आरोपी को पुडुचेरी (तमिलनाडु) से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के दो अन्य साथियों को भी गिरफ्तार किया है, जो वर्तमान में बंदी शिविर में सजा काट रहे थे। इस मामले में प्रयुक्त मोबाइल फोन भी जब्त कर लिया गया है, फिलहाल तीनों आरोपियों से पूछताछ जारी है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (पूर्व) तेजस्विनी गौतम ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार आरोपी विक्रमजीत (30) बीकानेर के महाजन का निवासी है। उसके साथ इस साजिश में शामिल जिला करौली के मासलपुर निवासी राम भरोसी (45) और झुंझुनू के खेतड़ी निवासी रामकिशन (31) को भी पुलिस ने पकड़ लिया है।

थानाधिकारी मुनिन्द्र सिंह ने बताया कि जेल प्रहरी मनोहरलाल विश्नोई ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 5 अप्रैल को उसे एक अज्ञात नंबर से कॉल आई, जिसमें कॉल करने वाले ने खुद को विक्रांत चौधरी बताते हुए जान से मारने की धमकी दी। आरोपी ने कहा कि वह बंदियों के माध्यम से उसे सबक सिखाएगा और फार्म से बाहर निकलते ही जान से मार देगा। साथ ही उसने अपनी पिस्टल में 'बहुत पीतल' होने की धमकी भी दी थी। जांच के दौरान पुलिस ने और पाया कि धमकी पुडुचेरी से दी गई थी। इसके बाद एक विशेष टीम को पुडुचेरी रवाना किया गया, जहां से विक्रमजीत को दस्तयाब कर गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में सामने आया कि शिविर में बंद रामभरोसी और रामकिशन ने इस साजिश में उसकी मदद की थी। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## साइबर फ्रॉड : कर्मचारी के नाम पर बनी फर्जी फर्म, 13.28 करोड़ का हुआ लेन-देन

अजमेर, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। अजमेर शहर में एक हैरान कर देने वाला साइबर फ्रॉड का मामला सामने आया है। जहां एक निजी कंपनी में कार्यरत युवक के पैन कार्ड और केवाईसी दस्तावेजों का दुरुपयोग कर एक फर्जी फर्म बनाई गई। इस फर्जी फर्म के जरिए 13.28 करोड़ रुपये का व्यापारिक लेन-देन किया गया।

पीड़ित को इसकी जानकारी तब हुई, जब उसे आयकर विभाग की ओर से एक नोटिस प्राप्त हुआ। दरगाह थाना पुलिस के अनुसार, अंदरकोट निवासी पीड़ित युवक ने थाने में शिकायत दर्ज करवाई है। शिकायत में युवक ने बताया कि वह एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता है और 19 मार्च 2025 को उसे आयकर विभाग की ओर से एक ईमेल प्राप्त हुआ। इस ईमेल में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में उसके नाम पर 13.28 करोड़ की व्यवसायिक प्राप्तियां दर्ज हैं। जब पीड़ित ने इस ईमेल के आधार पर जांच शुरू की तो पता चला कि उसके नाम से न केवल 13.28 करोड़ की व्यवसायिक आमदनी दिखाई गई है। बल्कि 15.58 करोड़ का जीएसटी टर्नओवर और 17.13 करोड़ की खरीद भी दर्शाई गई है।

# सीएम ने ज्योतिराव फुले प्रतिमा स्थापना के लिए किया नेकलेस रोड स्थल का निरीक्षण



हैदराबाद, 11 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने शुक्रवार को यहां नेकलेस रोड-आईमैक्स में महात्मा ज्योतिराव फुले की प्रतिमा की स्थापना के लिए स्थल का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री के साथ उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क, टीपीसीसी अध्यक्ष महेश कुमार गौड़, सांसद अनिल कुमार यादव, विधायक और अन्य लोग थे। निरीक्षण के बाद मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को मौके पर जाकर सर्वेक्षण करने और योजना के साथ विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे इस तरह से योजना तैयार करें कि यातायात और अन्य कोई समस्या उत्पन्न न हो। इससे पहले, मुख्यमंत्री ने समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती के अवसर पर अम्बरपेट में उनकी प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# पित्ती ट्रस्ट एवं अग्रवाल सेवा दल का 143 वां निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर कल

हैदराबाद, 11 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। बदरीविशाल पन्नालाल पित्ती ट्रस्ट एवं अग्रवाल सेवा दल द्वारा यापराल स्थित जिला परिषद हाई स्कूल के सहयोग से 143 वां निशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर रविवार 13 अप्रैल को सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक यपराल महाकाली मंदिर के पास स्थित जेडपी हाई स्कूल में एलसीएस साधुराम नेत्र अस्पताल किम्स सनशाइन अस्पताल,श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति हैदराबाद, रेनबो चिल्ड्रन्स हार्ट इंस्टीट्यूट के सहयोग से आयोजित किया जाएगा। अग्रवाल सेवा दल के अजीत गुप्ता द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, मेगा मेडिकल कैंप में एलसीएस साधुराम नेत्र अस्पताल दोमलगुडा द्वारा निशुल्क नेत्रों की जांच की गई जाएगी एवं योग्य को चश्मों का वितरण एवं मोतियाबिंद के ऑपरेशन की व्यवस्था की जाएगी। अवसर पर किम्स सनशाइन अस्पताल द्वारा ईएनटी, आर्थोपेडिक, कार्डियोलॉजी, ईसीजी-2डी इको-बीएमडी, आरबीएस, रक्तचाप आदि की जांच की जाएगी। अवसर पर श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति हैदराबाद द्वारा कृत्रिम अंग वितरण का शिविर लगाया जाएगा और जरूरतमंदों को निशुल्क कृत्रिम अंग, कैलिपर्स आदि का वितरण किया जाएगा। साथ ही निशुल्क डायलिसिस की व्यवस्था की जाएगी। रेनबो चिल्ड्रन्स हार्ट इंस्टीट्यूट द्वारा शिशु रोग की जांच की जाएगी। शिविर में एसएनआर डेंटल क्लीनिक के डॉ. निखिल द्वारा दांतों की जांच तथा फिजियोथैरेपी की व्यवस्था, अवसर पर जनरल फिजीशियन के सेवा डॉ.अखिल्स क्लीनिक के डॉ.अखिल सुगंधी एवं डॉ.मीनल खारिया सुगंधी द्वारा दी जाएगी। शिविर 13 अप्रैल को सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक किया जाएगा जबकि रोगियों के नाम का पंजीकरण सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक रहेगा सभी निवासियों से शिविर का अधिक से अधिक लाभ लेने का आग्रह किया गया है। अधिक जानकारी के लिए शिविर संयोजक एवं अग्रवाल सेवा दल के प्रदीप अग्रवाल, सुधीर गुप्ता, सुरेन्द्र गोयल, डॉ.राजीव सिंह, जी.मनोहर (जीएचएम) एवं वेंकटेश से संपर्क किया जा सकता है।

# दो नाबालिगों से बलात्कार के मामले में आजीवन कारावास की सजा

कोत्तागुडेम, 11 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश पाटिल वसंत ने पोक्सो मामले में एक व्यक्ति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। येलंडु मंडल के तंगेलगड्डा निवासी आरोपी भुक्या नागेश्वर राव उर्फ नागेश अपने रिश्तेदार के बच्चों, छह साल की बच्ची और चार साल की बच्ची को चॉकलेट देने के बहाने अपने घर ले गया और 4 जुलाई 2024 को उनके साथ बलात्कार किया। अगले दिन लड़की के पिता ने येलंडु पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

पुलिस इंस्पेक्टर बथुला सत्यनारायण ने मामला दर्ज किया, कोठागुडेम डीएसपी (येलंडु प्रभारी डीएसपी) शेख अब्दुल रहमान ने जांच की और बाद में येलंडु डीएसपी एम चंद्र बानू ने जांच के बाद कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की।

अभियोजन पक्ष की ओर से अदालत में कुल 15 गवाह पेश किए गए। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायाधीश ने आरोपी नागेश्वर राव को आजीवन कारावास की सजा सुनाई और एक हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

विशेष लोक अभियोजक वी नागी रेड्डी ने अभियोजन का संचालन किया, अतिरिक्त लोक अभियोजक पीवीडी लक्ष्मी, भरोसा केंद्र की कानूनी अधिकारी जी सिरिशा, अदालत के नोडल अधिकारी (एसआई) जी प्रवीण कुमार, अदालत संपर्क अधिकारी एसके अब्दुल गनी और अदालत ड्यूटी अधिकारी टी श्रीनिवास राव ने सहायता की। पुलिस अधीक्षक बी रोहित राजू ने मामले में आरोपी की सजा सुनिश्चित करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों की सराहना की।


**पूर्व तट रेलवे**

निविदा सं.30255356,दिनांक :08.04.2025

कार्य का नाम : ऑटोमेटेड वेसाइड व्हील प्रोफाइल मेजरमेन्ट सिस्टम (AWWPMS) की आपूर्ति, संस्थापन, परीक्षण एवं शुरूआत। (वारंटी अवधि : वितरण की तारीख के बाद 30 महीने), मात्रा: 01 सेट, TPI एजेन्सी द्वारा निरीक्षण।

द्रष्टव्य : सामग्री 45 दिन के भीतर आपूर्ति की जानी चाहिए।

निविदा खुलने की तिथि एवं समय : दिनांक 07.05.2025 को 1500 बजे।

संपूर्ण विस्तृत विवरण उपलब्ध होंगे www.ireps.gov.in में।

वरिष्ठ मण्डल सामग्री प्रबंधक/ वाल्टियर

PR-28/Q/25-26


# आरजीयूकेटी में अनुबंध सहायक प्रोफेसरों ने कक्षाओं का किया बहिष्कार

## जीओ 21 के विरोध में ड्यूटी का बहिष्कार किया

निर्मल, 11 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। राजीव गांधी ज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीयूकेटी)-बासर में बंद का आह्वान करने वाले अनुबंध आधारित सहायक प्रोफेसरों ने गुरुवार को जीओ 21 के विरोध में ड्यूटी का बहिष्कार किया और विश्वविद्यालय के सामने धरना दिया। बुधवार को अपने पदों से सामूहिक इस्तीफा देने वाले सहायक प्रोफेसरों ने अपने विरोध के तहत विश्वविद्यालय में एक दिन के बंद का आह्वान किया। उन्होंने कक्षाएं नहीं लीं और संस्थान के सामने धरना दिया। उन्होंने सरकार से अपने पदों को नियमित करने की मांग की। उन्होंने घोषणा की कि वे शिक्षण से परे कोई कर्तव्य नहीं निभाएंगे।

सहायक प्रोफेसर देवराज गुर्रम ने कहा कि वे सरकार के आदेश का विरोध कर रहे हैं क्योंकि इससे अनुबंध आधारित सहायक प्रोफेसरों को किसी भी तरह का लाभ नहीं होगा। उन्होंने कहा कि उन्हें पहले सरकार द्वारा भर्ती किया गया था और उन्होंने संस्थान के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने कहा कि वे शिक्षण के अलावा कोई अन्य कार्य नहीं कर रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि 2008 में संस्था की स्थापना के बाद से 76 सहायक प्रोफेसर और 30 शिक्षक, जिनमें संरक्षक भी शामिल हैं, आरजीयूकेटी-बसार के साथ काम कर रहे हैं। इनमें से लगभग 50 विश्वविद्यालय के प्रशासन में शामिल थे।

# हनुमान जयंती के संबंध में शांति समिति की बैठक आयोजित

हैदराबाद, 11 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। शनिवार की "वीर हनुमान विजय यात्रा" के मद्देनजर आज सेंट्रल जोन के शांति समिति सदस्यों, विभिन्न राजनीतिक दलों के स्थानीय नेताओं और हनुमान जयंती के आयोजकों के साथ बैठक बुलाई गई।डीसीपी, सेंट्रल जोन, के. शिल्पवल्ली ने सभा को संबोधित किया और आयोजकों को कार्यक्रम के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में जागरूक किया। उन्होंने उन्हें डीजे सिस्टम और उच्च-ध्वनि एम्पलीफायरों का उपयोग करने से परहेज करने की सलाह दी, मानव स्वास्थ्य पर उच्च ध्वनि स्तर के प्रतिकूल प्रभावों पर प्रकाश डाला। उन्होंने हनुमान जयंती समारोह के शांतिपूर्ण संचालन के लिए सहयोग के महत्व पर भी जोर दिया।




कार्यक्रम में शांति समिति के सदस्य अब्दुल खादल, डॉ. उदय, एम. चंद्रशेखर, मोहम्मद अली, मोहन राव, मोहम्मद मूसा, मुनी कुमार और अन्य सदस्य तथा पुलिस अधिकारी ए.सी.पी. चिक्कड़पल्ली, एसएचओ मुशीराबाद, डी.आई. मुशीराबाद, डी.आई. चिक्कड़पल्ली ने उपस्थित लोगों को संबोधित किया। उपस्थित लोगों ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी और कार्यक्रम के सुचारू और शांतिपूर्ण निष्पादन को सुनिश्चित करने में अपना पूर्ण सहयोग और सक्रिय भागीदारी का आश्वासन दिया।

# सिंगरेनी कोयला खदान में दुर्घटना में ठेका कर्मचारी घायल

कोत्तागुडेम, 11 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। कोत्तागुडेम क्षेत्र में सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड (एससीसीएल) पीवीके 5 इंक्लाइन खदान में पाली में कोयला निकालते समय एक ठेका श्रमिक घायल हो गया। कोयला गिरने से मजदूर जयपाल गंभीर रूप से घायल हो गया। मामले को सार्वजनिक होने से बचाने के लिए उसे सरकारी अस्पताल ले जाया गया। बताया गया कि सिर में लगी चोट के कारण उसे चार टांके लगाने पड़े। ठेका कंपनी के प्रतिनिधियों ने मजदूर को पद्मावती खानी गेस्ट हाउस में रखा और किसी से बात नहीं करने दी। पिछले महीने मदन नामक एक ठेका मजदूर को चोटें आईं, जब वह एक अन्य मजदूर के साथ मिलकर एक बाल्टी पंप उठा रहा था, जिसे चार लोगों द्वारा उठाया जाना था। गंभीर चोटों के बाद उसे सर्जरी करानी पड़ी और अब वह ठीक हो रहा है। श्रमिकों का कहना है कि दुर्घटनाएं इसलिए हुईं क्योंकि उन्हें उनकी क्षमता से अधिक भार उठाने को कहा गया था। एक पीड़ित ठेका श्रमिक ने हाल ही में कलेक्ट्रेट में शिकायत दिवस पर शिकायत दर्ज कराई। क्षेत्र सुरक्षा अधिकारी वेंकटेश्वरलू राव ने मीडिया को बताया कि वे मामले की जांच करेंगे।


**दक्षिण मध्य रेलवे**

हमें X@SCRailwayindia पर फालो करें। दमरे की निविदा सूचनाओं का विवरण हमारे वेबसाइटः www.scr.indianrailways.gov.in पर भी उपलब्ध।

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना (https://ireps.gov.in द्वारा)**

PUB/0370

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, सीइ/सी/पीएलजीएण्डएसवाय/एससी निर्माण संगठन, दक्षिण मध्य रेलवे(द.म.रे.), सिकंदराबाद द्वारा निम्न कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित है।

क्र. सं.1 एनआईटी सं.-07-सीएओ-सी-एससी-2025 दि.9-4-2025, कार्य विवरणः दमरे निर्माण संगठन-निजामाबाद स्टेशन पर यार्ड व्यवस्थाओं की रिमोडेलिंग करने एवं एडीशनल लूप लाइन तथा एडीशनल प्लाटफार्म एवं की व्यवस्था करने के लिए, मिट्टी का कार्य या अर्थ वर्क इन फार्मेशन, लेइंग व ट्रैक की लिंकिंग, रेल्स की वेल्डिंग, प्लाटफार्म का निर्माण, मौजूदा पुलों, एप्रोच रोड्स का विस्तार आदि कार्य। विवरणः **अनुमानित लागतःरू. 34,19,43,602.41 पूर्व धरोहर राशि(पूधरा) रु.18,59,700.00 कार्य पूरा करने की अवधिः18(अठारह) महिने, खोलनेकी तिथिः 1-5-2025 के 15.00 बजे**

(।) बोली दस्तावेज व अन्य विवरण हेतु कृपया वेबसाइटः https://ireps.gov.in पर लागिन करें।

(।।) निविदादातागण, अपने आफर्स को, आनलाइन में, निविदा प्रस्तुति अवधि के दौरान, निविदा बंद करने की तिथि से पंद्रह दिन पहले, प्रस्तुत कर सकते हैं।

(।।।)निविदादातागण किसी भी शुध्दिपत्रों (केवल आनलाइन पर जारी) को, निविदा प्रस्तुति अवधि की प्रारंभिक तिथि तक ही, अवलोकन कर सकते हैं।

-मुख्य प्रशासकीय अधिकारी/निर्माण/सिकंदराबाद

**निविदा सं.02-2025-26_एसआर_डीइइ_टीआर_एचवायबी, दि.9-4-2025**

PUB/0371

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, एसआर.डीइइ/टीआर/एचवायबी द्वारा निविदा सं.02/2025-26/एसआर डीइइ/ टीआर/ एचवायबी, दि.9-4-2025, बंद करने की तिथिः 2-5-2025, समयः15.00 बजे, के प्रति ई-निविदाएं आमंत्रित हैं। बोलीदातागण, अपने मूल /संशोधित बोलियों को तत्संबंधित तिथि व समय तक ही प्रस्तुत कर सकते हैं। इस निविदा के प्रति मैन्युअल आफर्स अमान्य हैं एवं इस तरह के मैन्युअल आफर्स की प्राप्ति पर उसे नजरअंदाज किया जायेगा।

क्रम सं.1, कार्य विवरण, निविदा सं.02-2025-26_एसआर_डीइइ_टीआर_एचवायबीः हैदराबाद डिवीजनः वाडिवरम तथा मसाईपेट स्टेशनों, हैदराबाद, तेलंगाना के बीच किमी.0/04-06 पर पुल सं.636 ए(आरओबी) का प्रस्तावित निर्माण कार्य। 1, अनुमानित मूल्यः रु. 25,26,785.97 पूर्वधरोहर राशि(पूधरा)रु. 50,500.00 कार्य पूरा करने की अवधिः04 महिने बंद करने की तिथिः 2-5-2025 वेबसाइट www.ireps.gov.in निविदा का संपूर्ण विवरण देखने हेतु नोटिस बोर्ड स्थानः एसआर.डीइइ/टीआर/एचवायबी का कार्यालय, हैदराबाद भवन, सिकंदराबाद-500025

----वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता(कर्षण), हैदराबाद

**निविदा सं.06-2025-26_एसआर_डीइइ_टीआर_एचवायबी, दि.9-4-2025**

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, एसआर.डीइइ/टीआर/एचवायबी द्वारा निविदा सं.06-2025-26_एसआर_डीइइ_टीआर_एचवायबी, दि.9-4-2025, बंद करने की तिथिः 2-5-2025, समयः15.00 बजे, के प्रति ई-निविदाएं आमंत्रित हैं। बोलीदातागण, अपने मूल /संशोधित बोलियों को, तत्संबंधित तिथि व समय तक ही प्रस्तुत कर सकते हैं। इस निविदा के प्रति मैन्युअल आफर्स अमान्य हैं एवं इस तरह के मैन्युअल आफर्स की प्राप्ति पर उसे नजरअंदाज किया जायेगा।

क्रम सं.1, कार्य विवरण, निविदा सं.06-2025-26_एसआर_डीइइ_टीआर_एचवायबीः हैदराबाद डिवीजनः1. टीएसएस डीपीएमटी साइडिंग रोड्स - 1 व 2 पर ओएचई टर्मिनेशन का मॉडिफिकेशन या बदलाव एवम 2. टीएसएस डीपीएमटी साइडिंग रोड्स 3 पर ओएचई टर्मिनेशन का मॉडिफिकेशन या बदलाव करना। अनुमानित मूल्यः रु. 14,89,693.40 पूर्व धरोहर राशि(पूधरा)रु. 29,800.00 कार्य पूरा करने की अवधिः04 महिने बंद करने की तिथिः 2-5-2025

वेबसाइट विवरणः www.ireps.gov.in निविदा का संपूर्ण विवरण देखने हेतु नोटिस बोर्ड स्थानः एसआर. डीइइ/टीआर/एचवायबी का कार्यालय, हैदराबाद भवन, सिकंदराबाद-500025

----वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता(कर्षण), हैदराबाद

**निविदा सं.07-2025-26_एसआर_डीइइ_टीआर_एचवायबी, दि.9-4-2025**

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, एसआर.डीइइ/टीआर/एचवायबी द्वारा निविदा सं.07-2025-26_एसआरडीइइ_टीआर_एचवायबी, दि.9-4-2025, बंद करने की तिथिः 2-5-2025, समयः15.00 बजे, के प्रति ई-निविदाएं आमंत्रित हैं। बोलीदातागण, अपने मूल /संशोधित बोलियों को, तत्संबंधित तिथि व समय तक ही प्रस्तुत कर सकते हैं। इस निविदा के प्रति मैन्युअल आफर्स अमान्य हैं एवं इस तरह के मैन्युअल आफर्स की प्राप्ति पर उसे नजरअंदाज किया जायेगा।

क्रम सं.1, कार्य विवरण, निविदा सं.07-2025-26_एसआर_डीइइ_टीआर_एचवायबीः हैदराबाद डिवीजनः 02 वर्षों की अवधि के लिए, जनकम्पेट (जेकेएम), मनोहराबाद (एमओए) तथा मकथल (एमकेटीएल) ट्रैक्शन सब-स्टेशन(टीएसएस) पर टीएसएस के टीएसएस आपरेटर्स (मानिटरिंग एण्ड डेटा रेकार्डिंग) की आउटसोर्सिंग करना। अनुमानित मूल्यः रु. 64,00,143.36 पूर्व धरोहर राशि(पूधरा)रु. 1,28,000.00 कार्य पूरा करने की अवधिः24 महिने बंद करने की तिथिः 2-5-2025

वेबसाइट विवरणः www.ireps.gov.in निविदा का संपूर्ण विवरण देखने हेतु नोटिस बोर्ड स्थानः एसआर.डीइइ/टीआर/एचवायबी का कार्यालय, हैदराबाद भवन, सिकंदराबाद-500025

वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता (ट्रैक्शन) हैदराबाद

A0467

निविदा शर्तों/विवरण तथा निविदा दस्तावेजों की डाउनलोडिंग हेतु कृपया वेबसाइटः https://www.ireps.gov.in अथवा www.scr.indianrailways.gov.in देखें।


# अंबेडकर जयंती के अवसर पर स्कूल, कॉलेज रहेंगे बंद



हैदराबाद, 11 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना राज्य भर में स्कूल और कॉलेज 14 अप्रैल, 2025 (सोमवार) को डॉ. बीआर अंबेडकर जयंती के अवसर पर बंद रहेंगे। तेलंगाना राज्य पोर्टल के अनुसार, 14 अप्रैल को सामान्य अवकाश घोषित किया गया है, जिसका अर्थ है कि इस दिन राज्य भर के सभी शैक्षणिक संस्थान बंद रहेंगे। यह अवकाश छात्रों के लिए एक लंबा सप्ताहांत है क्योंकि 12 अप्रैल, 2025 को भी महीने का दूसरा शनिवार होने के कारण अवकाश है।

# अखिल भारतीय कवि सम्मेलन 13 अप्रैल को

हैदराबाद, 11 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। नगर की राजस्थानी एवं हरियाणा समाज की सशक्त संस्था आप और हम द्वारा विभिन्न सेवा योजनाओं के सहायतार्थ, हास्य, श्रृंगार एवं वीर रस प्रधान अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन 13 अप्रैल को 6:30 बजे से लकड़ी का पुल स्थित एफटीसीसीआई हाल रेड हिल्स में आयोजित किया जाएगा। प्रधान संयोजक शशिकांत अग्रवाल ने बताया कि एक लंबे अरसे के बाद देश के ख्याति प्राप्त कवियों को देश के कोने-कोने से कविता पाठ हेतु हैदराबाद में आमंत्रित किया गया है। इस कवि सम्मेलन का संचालन देवास मध्य प्रदेश के प्रसिद्ध कवि शशिकांत यादव करेंगे। साथ ही दी ग्रेट इंडियन लाफ्टर चैलेंज के विजेता कोटा राजस्थान के कवि सुरेश अलबेला अपने अंदाज में हास्य व्यंग्य की कविताएं प्रस्तुत करेंगे। इसी कडी में नगर में पहली बार पधारने वाले मंदसौर मध्य प्रदेश के कवि मुन्ना बैटरी, दिल्ली के चेतन चर्चित, जोधपुर की कवयित्री आयुषी राखेचा, गुड़गांव हरियाणा के सुंदर कटारिया अपनी श्रेष्ठतम हास्य श्रृंगार और वीर रस की कविताएं प्रस्तुत करेंगे।

संस्था के अध्यक्ष धर्मीचंद कुमावत ने बताया कि कवि सम्मेलन को सफल बनाने हेतु कार्यवाहक कोषाध्यक्ष रामकिशोर भडलीवाल,सह-संयोजक मंडल के जितेन्द्र विजयवर्गीय, दीपकदयाल दादू, नारायणलाल घोड़ावड़, सुरेशकुमार बोड़ावड़, रिंकु गर्ग, संयोजक मंडल के सदस्य उत्तमचन्द सेठिया, सीए निर्मल सिंघवी, विजय सुराणा, हरिकिशन ओझा, दिलीप डागा, विनोद संचेती, मीना कासलीवाल, सीए चन्द्रप्रकाश रांका, सविता राजेश रायसोनी, इन्दिरा बजाज, हर्षलता दुधोदिया, परसराम बर्फा सिरवी, पंकज वर्मा, प्रवीण पाण्ड्या, राजगोपाल व्यास, रामरख जांगिड़, नारायणलाल पीपादर्जी, सपना गुप्ता, नीलम गुप्ता, शोभा डागा, नारायण कड़ेल, अनिता शर्मा, रिंकल गुप्ता, मिटू शर्मा, पारसमल चाणोदिया, संगीता लड्ढा, श्रीलाल पारीक, रामदेव नागला, सुरेन्द्र सुथार, थानाराम बिश्नोई, हिमांशु बाफणा, रामलाल विश्नोई, गिरीराज पोद्दार, सुमन बजाज, अल्का साँखला आदि का सहयोग प्राप्त हो रहा है।

मंत्री सोहनसिंह राजपुरोहित ने बताया कि हाल में बैठने की व्यवस्था सीमित होने के कारण पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर सहयोग प्रवेश पत्र वितरित किए जा रहे हैं।


**CLASSIFIED**

**CHANGE OF NAME**

I, **Muthulakshmi Ramar** mother of Mr Muthuk Kumar R presently residing at Vill-Ammapatti, PO&Teh- Sattur, Distt- Virudhu Nagar (Tamil Nadu) PIN- 626203 have changed my name from R Muthu Laxmi to Muthulakshmi Ramar vide affidavit dt 3rd Apr 2025 before Katlurari Ravinder Rao Advocate and Notary, Secunderabad.

I, **Ramar Sangaiya** father of Mr Muthuk Kumar R presently residing at Vill-Ammapatti, PO&Teh- Sattur, Distt- Virudhu Nagar (Tamil Nadu) PIN- 626203 have changed my name from S Ramar to Ramar Sangaiya vide affidavit dt 3rd Apr 2025 before Katlurari Ravinder Rao Advocate and Notary, Secunderabad.

I, **Sonaiyammal** legally Spouse of Mr Muthuk Kumar R presently residing at Vill- Ammapatti, PO&Teh- Sattur, Distt- Virudhu Nagar (Tamil Nadu) PIN- 626203 have changed my name from M Sonaiyammal to Sonaiyammal vide affidavit dt 3rd Apr 2025 before Katlurari Ravinder Rao Advocate and Notary, Secunderabad.

I, P KALAIMAGAL ,Spouse of HAV THANDAYUTHAPANI P , R/O: 541, MELASURAVANTHI, MELAPIDAVOOR, MELAPIDAVOOR, SIVAGANGAI, TAMILNADU -630606 have changed my name from P KALAIMAGAL to KALAIMAGAL T vide Affidavit dt.26-03-2025 duly Sd.by P.RAVEENDRANATH ADV & NOTARY .

**सावधान**

पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन का प्रतिवादन करने से पहले उसकी पूरी तरह से जाँच पडताल कर लें। विज्ञापन दाता दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरहा का कोई सम्बन्ध नहीं है।


# दक्षिण भारत कान्यकुब्ज सभा की विशेष बैठक आयोजित




हैदराबाद, 11 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। दक्षिण भारत कान्यकुब्ज सभा की विशेष बैठक निर्दोष भवन खैरताबाद में संपन्न हुई । बैठक में गत माह में लिए गए निर्णयों की समीक्षा एवं पिछली बैठक से आजतक के आय व्यय की समीक्षा एवं अनुमोदन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से शहर की शिक्षण संस्थाओं में ग्रीष्म कालीन छुट्टियों के बाद उत्तीर्ण कक्षाओं में प्रवेश के उपरान्त समाज के जरूरतमन्द छात्र/छात्राओं को सभा की और से शिक्षण सामग्री देने का निर्णय लिया गया । बैठक की अध्यक्षता डॉ राम कुमार तिवारी ने की।

कोषाध्यक्ष गोपाल प्रसाद शुक्ल, आयोजन मंत्री सूर्य प्रकाश शुक्ल, महामंत्री विजयपाल पाण्डेय, सम्पर्क मंत्री विनोद प्रसाद तिवारी, सांस्कृतिक मंत्री रत्नकला मिश्र,व्यवस्था मंत्री दुर्गा प्रसाद मिश्र, युवा मामलोंके मंत्री जय शंकर प्रसाद तिवारी,संगठन मंत्री बाला प्रसाद तिवारी, महिलाविभाग मंत्री शोभा दुबे, संरक्षक महेश अग्निहोत्री ने भाग लिया ।

## पदोन्नति से जिम्मेदारी मिलती है: जिला एसपी

कुमरमभीम आसिफाबाद, 11 अप्रैल ( स्वतंत्र वार्ता)। रामागुंडम कमिश्नरेट में कांस्टेबल के रूप में तैनात और हेड कांस्टेबल के रूप में पदोन्नत और कोमुरम भीम आसिफाबाद जिले में स्थानांतरित किए गए छह पुलिस कर्मियों ने आज जिला पुलिस कार्यालय में जिला एसपी डीवी श्रीनिवास राव से शिष्टाचार भेंट की।

जिन्हें कांस्टेबल से हेड कांस्टेबल के पद पर पदोन्नत किया गया है। उनमें सीएच श्रीनिवास, एन बालाजी, सीएच सतीश, एस. सम्मय्या, के राजेंद्र एवं सीएच सतीश हैं।

एसपी ने पदोन्नति पाने वालों को भी बधाई दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कार्य जीवन में पदोन्नति बहुत रोमांचक होती है और इससे जिम्मेदारी भी बढ़ती है। कर्तव्यों के निर्वहन में स्वास्थ्य को बनाए रखते हुए लोगों को अच्छी सेवाएं प्रदान करने की सलाह दी जाती है।

# इलेक्ट्रानिक्स कार्पोरेशन आफ इण्डिया ने मनाया 58 वां स्थापना दिवस



हैदराबाद, 11 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। इलेक्ट्रानिक्स कार्पोरेशन आफ इण्डिया (इसीआईएल) ने 58 वां गठन दिवस उत्सव मनाया।

इसीआईएल ने अपने फैक्ट्री गेट पर जोशखरोश के साथ 58 वां गठन दिवस उत्सव मनाया। इस शुभावसर पर, इलेक्ट्रानिक्स कार्पोरेशन आफ इण्डिया (इसीआईएल) के मुख्य प्रबंध निदेशक (सीएमडी) अनुराग कुमार ने इसीआईएल संस्थापक डा. ए.एस. राव की प्रतिमा को पुष्पहार पहनाया। सीएमडी ने अपने संबोधन में कम्पनी के कर्मचारियों से कहा कि, इसीआईएल कंपनी को विकास के पथपर निरंतर अग्रसर होने के लिए कठिन परिश्रम व प्रयास करते रहें ताकि कंपनी का विकास निरंतर होता रहेगा। इसी में कंपनी एवं कंपनी के कर्मचारियों का हित निहित है। इस अवसर पर सभी इसीआईएल कर्मचारियों व इसीआईएल के एसोसिएटेड स्टाफ को मिठाईयां बांटी गयी। इस दौरान जिन- जिन प्रमुखों द्वारा भाषण प्रस्तुत किये गये उनमें इसीओए अध्यक्ष तथा युनियन सेक्रेटरी शामिल हैं। इस कंपनी के गठन उत्सव में जिन प्रमुखों ने भाग लिया उनमें निदेशक(तकनीकी) डा. अनेष कुमारशर्मा, आईटीएस पी. कृष्णकुमार, सीवीओ, कार्यकारी निदेशकगण, महाप्रबंधकगण, एचओडी, इसीओए,इसीएम पदाधिकारीगण सहित इसीआईएल कर्मचारीगण शामिल हैं।

# उस्मानिया विश्वविद्यालय में हिन्दी उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शुरू

हैदराबाद, 11 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। हिन्दी विभाग एवं उस्मानिया विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग के तत्वावधान में डिग्री चौथे एवं छटे सेमिस्टर की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए हिन्दी बोर्ड आफ स्टडी की चेयरपर्सन श्रीमती संगीता हिन्दी विभागाध्यक्ष माया एवं सहायक परीक्षा सचिव श्रीमती शशिकला ने दिशा निर्देश जारी किए। बैठक की अध्यक्षता श्रीमती शशिकला ने की। संगीता ने प्रश्न पत्र की शंकाओं का समाधान किया। माया ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर शहर के लगभग सभी महाविद्यालयों के हिन्दी प्राध्यापक एवं प्राध्यापिकाएं उपस्थित थीं।




**हैपी बर्थडे**



सी निखिल
पिता – काशीनाथ
माता – कावेरी

# दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर मार्क बाउचर ने केएल राहुल की पारी को बताया मास्टरक्लास



बेंगलुरु, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर मार्क बाउचर ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ केएल राहुल की मैच विजयी पारी की तारीफ करते हुए इसे सही मायने में मास्टरक्लास बताया। बाउचर ने कहा कि राहुल शानदार फॉर्म नजर आ रहे हैं और उन्होंने केएल की इस पारी को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ खेली गई उनकी 77 रन की पारी से भी बेहतर बताया।

उन्होंने कहा कि राहुल जिस समय बल्लेबाजी करने आए थे, तब डीसी ने 2.1 ओवर में 10 रन के स्कोर पर 2 विकेट गंवा दिए थे और रन बनाने के लिए टीम संघर्ष कर रही थी। राहुल ने शानदार नाबाद 93 रन बनाए और अपना दूसरा लगातार अर्धशतक बनाया, जिससे डीसी ने 164 रनों के लक्ष्य का पीछा किया।

राहुल ने एक छोड़ संभाले रखा, लेकिन दूसरे छोड़ से विकेट गिरने का सिलसिला जारी रहा। डीसी ने महज 58 रनों के स्कोर पर 4 विकेट गंवा दिए थे। लेकिन, घर पर खेल रहे राहुल ने 53 गेंदों की अपनी पारी में छह छक्के और सात चौके लगाए और ट्रिस्टन स्टब्स के नाबाद 38 रनों के साथ 111 रनों की साझेदारी की। इस साझेदारी के दम पर डीसी ने आरसीबी के सामने जीत हासिल की। टीम ने अपने चार मैचों में जीत हासिल की।

बाउचर ने कहा कि यह एक मुश्किल लक्ष्य था। जीत आसान नहीं थी। एक समय पर, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु खेल में वापस आ गई थी। आरसीबी के टोटल से एक वक्त लगा कि कुछ रन कम बने हैं। लेकिन आरसीबी ने जिस तरह से गेंदबाजी के दौरान डीसी के बल्लेबाजों को आउट किया। मैच में रोमांच पैदा हुआ। केएल राहुल दबाव में थे और लक्ष्य का पीछा करने के लिए रन रेट तेजी से बढ़ रहा था।

बाउचर ने जियो हॉटस्टार पर कहा, उसने चेन्नई में पिछली रात शानदार खेल दिखाया था, लेकिन यह पारी और भी बेहतर थी, खासकर इन परिस्थितियों में। वह शानदार फॉर्म में दिख रहा है और अंत में जश्न मनाने से पता चलता है कि यह पारी उसके लिए कितनी मायने रखती है।

भारत के पूर्व तेज गेंदबाज वरुण आरोन ने केएल राहुल की पारी पर कहा कि यह उनका घरेलू मैदान है। यहां जीतना बहुत मायने रखता है। वह बेंगलुरु से हैं, यहां पैदा हुए और यहीं पले-बढ़े हैं। उन्हें बल्लेबाजी क्रम में कई बार इधर-उधर किया गया, लेकिन आज उन्होंने शानदार बल्लेबाजी कर जीत हासिल की। उन्होंने जिस तरह से डीसी को जीत दिलाई है।



# मिनर्वा एकेडमी ने पंजाब एफसी को हराकर ग्रुप चैंपियन के खिताब पर किया कब्जा

चंडीगढ़, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। मिनर्वा एकेडमी एफसी ने एआईएफएफ जूनियर लीग में पंजाब एफसी पर 6-1 से शानदार जीत दर्ज करके ग्रुप चैम्पियन का खिताब अपने नाम कर लिया। इस शानदार प्रदर्शन ने टीम के प्रभावशाली अभियान का समापन किया, जिसमें मिनर्वा एकेडमी एफसी ने तीन मैच जीते, 28 गोल किए और केवल एक गोल खाया। वे ग्रुप में पहले पायदान पर रहे।



पंजाब एफसी के खिलाफ उनका मैच एक बहुप्रतीक्षित मुकाबला था। इसमें मिनर्वा एकेडमी एफसी के प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ियों का मुकाबला आईएसएल टीम के होनहार युवाओं से था। मिनर्वा एकेडमी एफसी ने अपने असाधारण कौशल और टीम वर्क का प्रदर्शन करते हुए अपने विरोधियों को मात दी। आजम और डेनामोनी ने बढ़त बनाते हुए दो-दो गोल किए और मिनर्वा एकेडमी एफसी को अजेय बढ़त बनाने में मदद की। चिंगखेई और रामुंग ने भी एक-एक गोल करके जीत में योगदान दिया। टीम के एकजुट खेल और शानदार फिनिशिंग ने पंजाब एफसी को गति बनाए रखने में संघर्ष करने पर मजबूर कर दिया। इस जीत के साथ मिनर्वा एकेडमी एफसी ने अपने ग्रुप में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है और एआईएफएफ जूनियर यूथ लीग में अपना दबदबा कायम रखा है। उनकी अब अगली चुनौती बीबीएफएस के रूप में है, और प्रशंसक मिनर्वा एकेडमी एफसी से फुटबॉल कौशल के एक और रोमांचक प्रदर्शन की उम्मीद कर सकते हैं।

# एमएस धोनी 43 साल की उम्र में कप्तान के रूप में लौटे



कोलकाता, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली का मानना है कि महेंद्र सिंह धोनी को आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान के रूप में ही खेलना चाहिए। गांगुली ने कहा कि कप्तानी करने पर धोनी अलग ही रंग में नजर आते हैं। चेन्नई सुपर किंग्स ने आईपीएल 2025 सत्र के बाकी मैचों के लिए धोनी को कप्तान बनाने की आज ही घोषणा की जब नियमित कप्तान रूतुराज गायकवाड़ कोहनी के फ्रेक्चर के कारण बाहर हो गए। बल्लेबाजी क्रम में नीचे उतरने और घुटने की दिक्कत के कारण खराब फॉर्म के चलते इस सत्र में धोनी की काफी आलोचना हो रही है। गांगुली ने कहा, 'मेरा यह मानना है कि अगर एमएस धोनी को सीएसके के लिए खेलना है तो उसे कप्तान ही रहना होगा। क्योंकि कप्तानी करने पर वह अलग ही रंग में नजर आते हैं।' धोनी की ऐसे समय में कप्तान के तौर पर वापसी हुई है जब चेन्नई सुपर किंग्स लगातार चार मैच हार चुकी है। यह 2023 में पांचवां खिताब जीतने के बाद बतौर कप्तान धोनी का पहला मैच भी होगा। गांगुली ने कहा, 'धोनी अभी भी छक्के लगा रहा है। हमने पिछले मैच में देखा। वह 43 साल का हो गया है और अब वैसे तो नहीं खेल सकता जैसे 2005 में खेलता था। यह स्वाभाविक है। लेकिन मुझे लगता है कि उसके भीतर अभी भी छक्के लगाने की ताकत है।' उन्होंने कहा, 'उसके इतने अनुभव और खेल की समझ के साथ वह वही करेगा जो सीएसके के लिए सही है।'

## आरसीबी के खिलाफ शतक से चूके केएल राहुल

बेंगलुरु, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। आईपीएल 2025 में दिल्ली कैपिटल्स ने विजयी अभियान जारी रखते हुए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को छह विकेट से हरा दिया। दिल्ली की लगातार चौथी जीत में केएल राहुल ने अहम भूमिका निभाई। उन्होंने 53 गेंद में सात चौके और छह छक्के की मदद से 93 रन की नाबाद पारी खेली। राहुल पिछले कुछ समय से शानदार फॉर्म में चल रहे हैं।

चैंपियंस ट्रॉफी से जो उनका रनों का दौर शुरू हुआ, वह अभी तक जारी है। चैंपियंस ट्रॉफी में भी राहुल ने मैच फिनिशर का किरदार अच्छी तरह से निभाया था। अब वह दिल्ली कैपिटल्स के लिए भी वही काम कर रहे हैं। कप्तानी का दबाव हटने और नई टीम से जुड़ने का उनका फैसला काम कर रहा है। सफल रन चेज में उनके आंकड़े भी शानदार हैं। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया।

## विराट कोहली ने हारे हुए मैच में बनाया अद्भुत रिकॉर्ड

बेंगलुरु, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। रन मशीन के नाम से दुनियाभर में मशहूर विराट कोहली इन दिनों इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में आरसीबी के लिए अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से विरोधी दल के गेंदबाजों को दिन में तारे दिखा रहे हैं। बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ भले ही आरसीबी को हार का सामना करना पड़ा। लेकिन, विराट ने अपने नाम एक और रिकॉर्ड दर्ज करा लिया है। विराट कोहली टूर्नामेंट के इतिहास में 1000 चौके-छक्के लगाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के इस दिग्गज खिलाड़ी ने अब तक सभी 18 आईपीएल सीजन खेले हैं, उन्होंने आईपीएल 2025 के 24वें मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। विराट कोहली का यह रिकॉर्ड आरसीबी की पारी के चौथे ओवर में आया जब उन्होंने डीसी कप्तान अक्षर पटेल की गेंद पर लॉन्ग ऑन पर गगनचुंबी छक्का लगाया और इस तरह उन्होंने 1000 चौके-छक्के का आंकड़ा छू लिया जिसमें 721 चौके और 280 छक्के शामिल हैं। वह आईपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा चौके लगाने के मामले में शीर्ष पर बने हुए हैं और छक्के लगाने के मामले में क्रिस गेल (357) और रोहित शर्मा (282) से पीछे हैं। कोहली की ऐतिहासिक उपलब्धि के बावजूद, केएल राहुल ने 53 गेंदों पर नाबाद 93 रन बनाकर सुर्खियां बटोरी, जिससे दिल्ली कैपिटल्स को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु पर छह विकेट से जीत मिली।

## सुरूचि-सौरभ की जोड़ी को निशानेबाजी विश्व कप में कांस्य

### मनु-रविंदर की जोड़ी को दी शिकस्त



ब्यूनस आयर्स, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। सुरूचि और एशियाई खेलों के पूर्व चैम्पियन सौरभ चौधरी ने आईएसएसएफ विश्व कप में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में हमवतन मनु भाकर और रविंदर सिंह को 16-8 से हराकर कांस्य पदक जीता । सौरभ ने चारों निशानेबाजों में सबसे शानदार प्रदर्शन करते हुए 12वीं सीरिज में 10.7 स्कोर किया। इससे पहले भारतीय जोड़ियां दो चीनी जोड़ियों के बाद तीसरे और चौथे स्थान पर रहीं। सुरूचि और सौरभ ने 581 स्कोर किया, जबकि मनु और रविंदर का स्कोर 579 रहा। भारत का यह इस विश्व कप में आठवां पदक है। भारत ने चार स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य जीते हैं।

# क्लार्क बोले-रोहित सुपरस्टार हैं, मैं उनके फॉर्म के लिए चिंतित नहीं

## आईपीएल 2025 में खराब फॉर्म से जूझ रहे भारतीय कप्तान

स्पोर्ट्स डेस्क, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा आईपीएल 2025 में खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क का मानना है कि रोहित शर्मा सुपरस्टार है जिन्हें अपनी लय वापिस पाने के लिए महज 40 रन की पारी की जरूरत है। रोहित ने इस सीजन चार पारियों में सिर्फ 38 रन बनाए हैं। उन्होंने 0, 8, 13 और 17 रन की पारी खेली।



जियोस्टार एक्सपर्ट क्लार्क ने गुरुवार को मीडिया से बातचीत के दौरान कहा, रोहित असल सुपरस्टार हैं। वह दिन दूर नहीं जब वह शतक लगाएंगे और जल्द वापसी करेंगे। एक अच्छी पारी की जरूरत है। वह 40 या 60 रन की हो सकती है। एक बार लय हासिल कर ली तो आप उसे बेस्ट फॉर्म में देखेंगे। मैं उनके फॉर्म को लेकर चिंतित नहीं हूं। हमें महान खिलाड़ियों से हमेशा अपेक्षाएं रहती हैं क्योंकि वे इतने कामयाब होते हैं। लेकिन एक दो मैचों में खराब खेलना चलता है।

**रोहित ने मुंबई इंडियंस के लिए 216 मैच खेले**

रोहित ने आईपीएल 2011 के मेगा ऑक्शन में इस फ्रेंचाइजी को जॉइन किया और तब से इसके साथ जुड़े हुए हैं। पिछले 15 सालों में रोहित ने मुंबई इंडियंस टीम के लिए 216 मैच खेले हैं। इस दौरान दो शतक और 35 अर्धशतकों की मदद से 5496 रन बनाए हैं। रोहित ने अपने आईपीएल करियर में कुल 256 मैच खेले हैं और 6666 रन बनाए हैं। उनकी कप्तानी में मुंबई इंडियंस ने 2013, 2015, 2017, 2019 और 2020 में आईपीएल का खिताब जीता। पिछले साल आईपीएल में रोहित एमआई के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे और उन्हें आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन से पहले 16.30 करोड़ रुपए में रिटेन किया गया।

## अल्काराज मोंटे कार्लो मास्टर्स के क्वार्टरफाइनल में, रूड-फोकिना उलटफेर के शिकार



मोनाको, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। दूसरे वरीय कार्लोस अल्काराज ने यहां क्वालीफायर डेनियल अल्टमेयर पर जीत दर्ज कर मोंटे कार्लो मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। तीसरी रैंकिंग पर काबिज अल्काराज ने 10 ब्रेक प्वाइंट में से नौ बचाते हुए अल्टमेयर पर 6-3, 6-1 से जीत दर्ज की। स्पेन के इस खिलाड़ी का सामना अब शुक्रवार को आर्थर फिल्स से होगा जिन्होंने राउंड 16 में 2023 चैंपियन आंद्रे रूबलेव पर 6-2, 6-3 से फतह हासिल की। दो और वरीय खिलाड़ियों को उलटफेर का सामना करना पड़ा। चौथे वरीय कैस्पर रूड को एलेक्सेई पोपीरिन ने 6-4, 3-6, 7-5 से पराजित किया जबकि पांचवें वरीय जैक ड्रेपर को एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना ने 6-3, 6-7 (6), 6-4 से मात दी। डेविडोविच का सामना क्वार्टरफाइनल में पोपीरिन से होगा।

# काशवी ने चमकाया चंडीगढ़ का नाम

> भारतीय टीम में मिली जगह > पांड्या हैं रोल मॉडल



चंडीगढ़, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। सिटी ब्यूटीफुल चंडीगढ़ की युवा ऑलराउंडर काशवी गौतम को श्रीलंका में 27 अप्रैल से शुरू होने वाली त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए भारतीय महिला क्रिकेट टीम में चुना गया है। यह उपलब्धि हासिल करने वाली काशवी गौतम यूटीसीए (यूटी क्रिकेट एसोसिएशन) की पहली महिला क्रिकेटर बनी हैं।

वीरवार को यूटीसीए के अध्यक्ष संजय टंडन ने सेक्टर-16 क्रिकेट स्टेडियम में काशवी को सम्मानित किया। संजय टंडन ने कहा कि काशवी भारतीय टीम की जर्सी पहनने वाली यूटीसीए की पहली महिला खिलाड़ी बन गई हैं। यह उपलब्धि न केवल उनके व्यक्तिगत करिअर के लिए बल्कि चंडीगढ़ और यूटीसीए के लिए भी ऐतिहासिक है। इस समारोह में काशवी के माता-पिता सुदेश शर्मा और सीमा शर्मा भी मौजूद रहे। काशवी को 2025 महिला प्रीमियर लीग में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए चुना गया था, जहां उन्होंने गुजरात जायंट्स के लिए खेलते हुए 9 मैचों में 11 विकेट लिए थे। वह टूर्नामेंट में सबसे अधिक विकेट लेने वाली भारतीय गेंदबाज थीं। वर्तमान में, वह देहरादून में वरिष्ठ महिला बहु-दिवसीय टूर्नामेंट में खेल रही हैं, जहां उन्होंने तीन मैचों में 194 रन बनाए हैं, जिसमें एक नाबाद शतक (106 रन) शामिल है। काशवी ने बताया कि भारतीय महिला क्रिकेट टीम में हरमनप्रीत कौर उनकी आदर्श कप्तान हैं। वहीं राष्ट्रीय पुरुष टीम में हार्दिक पाड्या उनके रोल मॉडल हैं। काशवी ने कहा कि हरमन की कप्तानी में खेलना मेरे लिए गर्व की बात होगी। काशवी का चयन ऐसे समय में हुआ है, जब भारतीय महिला टीम सितंबर-अक्तूबर 2025 में अपने घर में होने वाले आईसीसी विश्व कप की तैरी कर रही है।

## चयन से नगरोटा सूरियां के लोग हुए गदगद

बरियाल, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के नगरोटा सूरियां की नातिन काश्वी गौतम के भारतीय महिला क्रिकेट टीम में चयन होने से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। काश्वी के टीम में चुने जाने की खबर मिलते ही उनके नाना केसी शर्मा के घर पर वीरवार सुबह से ही बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। दरअसल, काश्वी गौतम का चयन आगामी त्रिकोणीय क्रिकेट श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में हुआ है, जिसका आयोजन 27 अप्रैल से 11 मई तक श्रीलंका में किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण श्रृंखला में भारतीय टीम मेजबान श्रीलंका के अलावा दक्षिण अफ्रीका से भी मुकाबला करेगी।

वर्तमान में काश्वी चंडीगढ़ में यूटीसीए की ओर से खेलती हैं। यह पहली बार है जब हिमाचल प्रदेश के नगरोटा सूरियां की नातिन का चयन भारतीय महिला क्रिकेट टीम में हुआ है, जो न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण है। काश्वी के चयन की आधिकारिक जानकारी मंगलवार को बीसीसीआई की ओर से यूसीटीए को दी गई थी।

## आरसीबी की हार के बाद किस पर उखड़ गए कार्तिक

नई दिल्ली, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने आईपीएल 2025 में अभी तक पांच मैच खेले हैं. इस दौरान तीन मैच जीते हैं और दो में हार का सामना किया है. आरसीबी ने बैंगलोर में खेले दो मैचों में हार का सामना किया है. उसे दिल्ली कैपिटल्स ने 6 विकेट से हराया. आरसीबी की हार के बाद दिनेश कार्तिक ने पिच पर प्रतिक्रिया दी है. एक रिपोर्ट के मुताबिक कार्तिक ने कहा कि वे पिच क्यूरेटर से बात करेंगे. कार्तिक ने पिच के मामले पर प्रतिक्रिया दी है.

हिन्दुस्तान टाइम्स की खबर के मुताबिक कार्तिक ने कहा, "हमें उम्मीद थी कि पहले दो मैचों में अच्छी पिच मिलेगी. लेकिन यहां बल्लेबाजी करना चुनौतीपूर्ण रहा. हमें जैसी भी परिस्थिति मिलती है, अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करते हैं. लेकिन हम उनसे (क्यूरेटर) बात करेंगे. हमें भरोसा है कि वह अपना काम करेंगे. अभी तक ऐसी पिच मिली है जिस पर बल्लेबाजों को मदद नहीं मिली है।"

## महिला हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया दौरे पर खेलेगी पांच मुकाबले

नई दिल्ली, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय महिला हॉकी टीम 26 अप्रैल से चार मई तक होने वाली पांच मैचों की सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी।

भारत सीरीज की शुरुआत ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ 26 और 27 अप्रैल को होने वाले दो मैचों से करेगा। इसके बाद भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज खेलेगी। इस सीरीज के मैच एक, तीन और चार मई को खेले जाएंगे।

# नाकामुरा से हारे एरिगेसी, कार्लसन सेमीफाइनल में

> गुकेश-प्रज्ञानंद इस स्थान पर



पेरिस, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी कड़ी चुनौती पेश करने के बाद हिकारू नाकामुरा से हार गए जिससे अमेरिकी खिलाड़ी ने बृहस्पतिवार को यहां फ्रीस्टाइल शतरंज टूर्नामेंट के अंतिम चार में प्रवेश किया। नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन को अगले चरण में पहुंचने के लिए उज्बेकिस्तान के नोडिरबेक अब्दुसत्तोरोव के खिलाफ ड्रॉ की जरूरत थी और दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी ने ऐसा ही किया। उन्होंने अमेरिका के फैबियानो कारुआना के साथ अंतिम-चार में प्रवेश किया। कारुआना ने फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव को मात दी। अन्य क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में रूस के इयान नेपोमनियाचची ने विंसेंट कीमर के साथ ड्रॉ खेला जिससे मैच टाई-ब्रेक में चला गया। अब दोनों खिलाड़ियों की किस्मत दांव पर लगी हुई है।

वहीं नौंवे से 12वें स्थान के मुकाबले के लिए विश्व चैंपियन डी गुकेश और विदित गुजराती ने अपनी बाजियां ड्रॉ कराईं। गुकेश ने हंगरी के रिचर्ड रैपर्ट और गुजराती ने हमवतन आर प्रज्ञानंद से ड्रॉ खेला। अब अंतिम दो स्थान के लिए भिड़ंत होगी। प्रज्ञानंद का सामना नौवें स्थान के लिए रैपर्ट से होगा।

# सीसीटीवी कैमरों की सुरक्षित वातावरण को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका : सीपी

## मल्काजगिरी जोन में 1,460 सीसीटीवी कैमरों का उद्घाटन



हैदराबाद, 11 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। पुलिस आयुक्त, राचकोंडा जी. सुधीर बाबू, ने मल्काजगिरी जोन में 1,460 सीसीटीवी कैमरों का उद्घाटन किया। इनमें से 410 सीसीटीवी कैमरे 17 कॉलोनियों में लगाए गए हैं, जो प्रमुख सड़कों और जंक्शनों को कवर करते हैं। इन पर 1.19 करोड़ रुपये (एक करोड़ उन्नीस लाख) की लागत आई है, जिसमें सामुदायिक पहल के तहत दो साल का वार्षिक रखरखाव अनुबंध (एएमसी) भी शामिल है। शेष 1,050 सीसीटीवी कैमरे विशेष अभियान के तहत 212 संवेदनशील मंदिरों में लगाए गए हैं। इन कैमरों को कमांड और कंट्रोल सेंटर के साथ एकीकृत किया जाएगा, जहां एक समर्पित टीम 24/7 उन पर नज़र रखेगी।

इस वृद्धि के साथ, मल्काजगिरी जोन में कुल 5,260 सामुदायिक सीसीटीवी कैमरे और 93,061 नेनु सैथम कैमरे लगाए गए हैं और कुल 98,321 कैमरों को जियो-टैग किया गया है। इस अवसर पर बोलते हुए जी. सुधीर बाबू ने सार्वजनिक सुरक्षा और अपराध की रोकथाम को बढ़ाने में सीसीटीवी निगरानी की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी कैमरे आपराधिक गतिविधियों को रोकने, जांच में सहायता करने, सक्रिय पुलिसिंग को सक्षम करने, अपराध विश्लेषण में सहायता करने और सुरक्षित वातावरण को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सीसीटीवी निगरानी आधुनिक अपराध रोकथाम रणनीतियों का एक महत्वपूर्ण घटक है और कहा कि राचकोंडा पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से कई सनसनीखेज मामलों को सफलतापूर्वक सुलझाया है। आयुक्त ने कॉलोनी और समुदाय के बुजुर्गों से भी अपील की कि वे आगे आएं और अपने समुदायों में सीसीटीवी कैमरे लगाने की पहल करें।

उन्होंने जोर देकर कहा कि इस तरह के प्रयास अपराध को रोकने, संदिग्ध गतिविधि की निगरानी करने और जांच में पुलिस की सहायता करके सार्वजनिक सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। सीसीटीवी कैमरों की मौजूदगी ही एक मजबूत निवारक के रूप में काम कर सकती है, जिससे सभी निवासियों के लिए एक सुरक्षित वातावरण को बढ़ावा मिलता है। इस अवसर पर जी. सुधीर बाबू, ने सीसीटीवी कैमरे लगाने में पुलिस का सक्रिय सहयोग करने वाले कॉलोनी के बुजुर्गों की सराहना की और उन्हें सम्मानित किया। पी.वी. पद्मजा, पुलिस उपायुक्त, मल्काजगिरी जोन, एन. वेंकट रमना, अतिरिक्त डीसीपी, मलकाजगिरी जोन, एस. चक्रपाणि, एसीपी, मलकाजगिरी डिवीजन, टी. महेश गौड़, एसीपी, कुशाईगुड़ा डिवीजन, जे. नरेन्द्र गौड़, एसीपी, आईटी सेल और मल्काजगिरी जोन के सभी एसएचओ इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

# लापरवाही से चलाई जा रही कार की चपेट में आने से महिला की मौत

हैदराबाद, 11 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। शहर के बाहरी इलाके अब्दुल्लापुरमेट के कोहेड़ा में गुरुवार रात एक लापरवाही से चलाई जा रही कार ने स्कूटर को टक्कर मार दी, जिससे एक युवती की मौत हो गई और उसकी सहेली घायल हो गई। यह घटना उस समय घटी जब पीड़िता स्पंदना (19) अपने दोस्त साई कुमार की स्कूटी पर पीछे बैठी थी, तभी तेज गति से वाहन चलाने के कारण कार अनियंत्रित होकर सर्विस रोड पर उनकी गाड़ी से टकरा गई।

पुलिस के अनुसार, दोनों स्कूटर से गिर गए और स्पंदना की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि साईं को कई गंभीर चोटें आईं। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। अब्दुल्लापुरमेट पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि कार चालक की तेज गति और लापरवाही से गाड़ी चलाने के कारण यह दुर्घटना हुई। चालक को हिरासत में ले लिया गया है।

# कांचा गच्चीबावली वन भूमि में 10,000 करोड़ रुपये के घोटाले का आरोप



## केंद्रीय जांच की मांग

हैदराबाद, 11 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। अनेक पर्यावरणीय मानदंडों का उल्लंघन करने और कांचा गच्चीबावली वन भूमि का कम मूल्यांकन करने के बाद, रेवंत रेड्डी सरकार पर अब और भी गंभीर अपराध करने का आरोप लगा है। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव ने शुक्रवार को रेवंत रेड्डी सरकार द्वारा की गई आपराधिक साजिश और 10,000 करोड़ रुपये की वित्तीय धोखाधड़ी का पर्दाफाश किया। उन्होंने केंद्रीय एजेंसियों से तत्काल जांच की मांग की और कथित मिलीभगत के कारण आईसीआईसीआई बैंक के आसन्न पतन के बारे में भी चेतावनी दी। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी सांसद के साथ मिलकर मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने स्वतंत्र भारत के सबसे बड़े भूमि घोटालों में से एक की साजिश रची, जिसमें हैदराबाद विश्वविद्यालय (यूओएच) से सटे प्रमुख वन भूमि से जुड़े 10,000 करोड़ रुपये के घोटाले शामिल थे। उन्होंने इन वन भूमि का इस्तेमाल वित्तीय हेरफेर के लिए किया, फिर राजनीतिक-नौकरशाही मिलीभगत के माध्यम से पर्यावरण विनाश का कारण बने।

तेलंगाना भवन में विस्तृत जानकारी देते हुए रामा राव ने कहा कि कांचा गच्चीबावली भूमि 1996 के सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों के तहत वन भूमि है, जिसमें कहा गया है कि जंगल जैसी विशेषताओं वाली किसी भी भूमि को वन भूमि माना जाएगा, चाहे उसका स्वामित्व या स्वामित्व रिकॉर्ड कुछ भी हो। उन्होंने बताया कि विचाराधीन भूमि इस मानदंड को पूरा करती है, जिसमें 0.47 से अधिक छत्र कवरेज है।

# शिक्षा क्रांति के मार्गदर्शक हैं महात्मा ज्योतिराव फुले : विजयलक्ष्मी

## > फुले महिला शिक्षा की नींव रखने वाले महान व्यक्ति थे : इलांबर्ती



हैदराबाद, 11 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता )। मेयर गदवाल विजयलक्ष्मी ने कहा कि महात्मा ज्योतिराव फुले शिक्षा क्रांति के अग्रदूत थे। ज्योतिराव फुले की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को जीएचएमसी मुख्यालय में मेयर गदवाल विजयलक्ष्मी और आयुक्त इलांबरथी ने ज्योतिराव फुले के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर बोलते हुए, महापौर गदवाल विजयलक्ष्मी ने कहा कि "गरीब और कमजोर वर्गों को शिक्षा और आत्मसम्मान प्रदान करने के लिए महात्मा ज्योतिराव फुले के प्रयास यादगार हैं।

उन्होंने कहा कि वे एक महान व्यक्ति थे जिन्होंने रास्ता दिखाया कि शिक्षा के माध्यम से ही सामाजिक परिवर्तन संभव है। उन्होंने समाज को प्रदान की गई सेवाओं की प्रशंसा की। ज्योतिबा फुले एक ऐसे व्यक्ति थे जो भारतीय समाज में समानता और शैक्षिक अधिकारों के लिए खड़े थे और महिलाओं, दलितों और शोषित वर्गों को शिक्षा प्रदान करने के दृढ़ संकल्प के साथ उन्होंने जो पहला लड़कियों का स्कूल स्थापित किया, वह भारतीय समाज के पुनर्निर्माण में एक मील का पत्थर बन गया। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग को सभी के लिए एक उदाहरण होना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज के युवाओं को उनकी आकांक्षाओं के साथ आगे बढ़ना चाहिए। आयुक्त इलांबर्ती ने कहा कि ज्योति राव फुले एक महान व्यक्ति थे जिन्होंने महिला शिक्षा की नींव रखी और उनकी सेवाएं, जो सभी समुदायों के लिए समानता के लिए लड़ीं, आज भी प्रेरणादायक हैं। उन्होंने कहा कि फुले भारतीय इतिहास में एक शिक्षाविद्, समाज सुधारक, लेखक और किसानों के अधिकारों के लिए लड़ने वाले योद्धा के रूप में अमर हो गए हैं। वह समाज को जागरूक करने की अपनी प्रतिबद्धता जारी रखना चाहते हैं। कार्यक्रम में अतिरिक्त आयुक्त वेणुगोपाल, गीता राधिका, मुख्य अभियंता रत्नाकर, सीपीआरओ मोहम्मद मुर्तुजा अली, अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया और फुले के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

# सप्ताहांत तक जारी रहेगी आंधी और तेज हवाएं



हैदराबाद, 11 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद में शुक्रवार को 30 से 40 किमी प्रति घंटे की गति से आंधी और तेज हवाएं चल सकती हैं। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी)-हैदराबाद के आंकड़ों के अनुसार, चारमीनार, खैरताबाद, कुकटपल्ली, एलबी नगर, सिकंदराबाद और सेरिलिंगमपल्ली क्षेत्रों सहित शहर के लगभग सभी हिस्सों में बादल छाए रहने, हल्की से मध्यम बारिश या गरज के साथ छींटे पड़ने, बिजली चमकने और तेज हवाएं चलने की संभावना है। हैदराबाद में शुक्रवार के लिए भी येलो अलर्ट (कम तीव्रता) जारी किया गया है। पूर्वानुमान में कहा गया है कि हैदराबाद में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। हल्की से मध्यम बारिश या गरज के साथ बौछारें और तेज़ हवाएं चलेंगी। साथ ही कहा गया है कि सप्ताहांत तक मौसम का ऐसा ही मिजाज़ बना रहेगा। इस बीच, तेलंगाना के लगभग सभी जिलों में भी इसी तरह का मौसम रहने की उम्मीद है। अपने राज्यव्यापी अल्पकालिक पूर्वानुमान में, आईएमडी-हैदराबाद ने कहा कि तेलंगाना राज्य में अलग-अलग स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश या गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। अधिकतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा और उसके बाद अगले 3 दिनों के दौरान 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की क्रमिक वृद्धि होगी। तेलंगाना राज्य विकास योजना सोसाइटी (टीएसडीपीएस) द्वारा शुक्रवार से रविवार तक जारी तापमान पूर्वानुमान में संकेत दिया गया है कि अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस और 39 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा।

# स्कूलों में दूसरे शनिवार को होगा कार्य दिवस

**होगी योगात्मक मूल्यांकन परीक्षा**

हैदराबाद, 11 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। यह दूसरा शनिवार (12 अप्रैल) राज्य के स्कूलों के लिए कार्य दिवस होगा। राज्य सरकार द्वारा स्कूलों में आधे दिन की छुट्टी की घोषणा के साथ ही दूसरे शनिवार की छुट्टी रद्द कर दी गई है।

कक्षा I-IX के विद्यार्थियों की योगात्मक मूल्यांकन-II परीक्षा होगी। कक्षा I से V तक की अंग्रेजी की परीक्षा होगी, जबकि कक्षा VI और VII के विद्यार्थियों के लिए शनिवार को सामाजिक अध्ययन की परीक्षा होगी। इसी तरह कक्षा VIII और IX के विद्यार्थियों की गणित की परीक्षा होगी।

# सीएम का नाम भूल रहे हैं कांग्रेस नेता

हैदराबाद, 11 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। तुंगतुर्थी विधायक एम सैमुअल मुख्यमंत्री का नाम भूल गए, जो अब आम बात हो गई है। इससे पहले भी मंत्री, वरिष्ठ नेता और एंकर कई बार उनका नाम भूल चुके हैं। गुरुवार को गांधी भवन में पत्रकारों को संबोधित करते हुए तुंगतुर्थी विधायक ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के आदेशानुसार शुरू किए गए एससी उप वर्गीकरण के लिए राज्य सरकार को धन्यवाद दिया, लेकिन वे मुख्यमंत्री का नाम भूल गए और इसके बजाय एन उत्तम कुमार रेड्डी को मुख्यमंत्री कह दिया। एम सैमुअल ने कहा कि पार्टी हाईकमान के आदेश के बाद मुख्यमंत्री एन उत्तम कुमार रेड्डी और उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क ने पहल की।

उन्होंने राज्य नेतृत्व से यह भी मांग की कि मडिगा समुदाय के एक विधायक को मंत्रिमंडल में स्थान दिया जाना चाहिए। इस संबंध में मुख्यमंत्री को पहले ही ज्ञापन सौंपा जा चुका है। इस बीच, परिवहन मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने सरकारी सलाहकार वेम नरेंद्र रेड्डी, टीपीसीसी अध्यक्ष महेश कुमार गौड़ और पूर्व मंत्री सुदर्शन रेड्डी के साथ साबरमती नदी के सौंदर्यीकरण कार्यों का निरीक्षण किया।

# एसएलबीसी बचाव अभियान अपने अंतिम चरण में

## अंतिम 50 मीटर हिस्से में मलबा हटाने का काम 15 अप्रैल तक हो जाएगा पूरा

हैदराबाद, 11 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल (एसएलबीसी) सुरंग दुर्घटना स्थल पर बचाव अभियान एक महत्वपूर्ण चरण में पहुंच गया है। छत ढहने वाली जगह पर मलबा हटाने का काम लगभग पूरा हो चुका है, सुरंग के अंत के पास केवल आखिरी 50 मीटर का हिस्सा ही बचा है। 10 अप्रैल तक काम पूरा करने की शुरूआती योजना के बावजूद, दुर्घटना स्थल पर पानी के रिसाव के कारण कीचड़ की स्थिति के कारण काम में देरी हुई है। अधिकारियों को उम्मीद है कि 15 अप्रैल तक सुरंग को धंसने वाली जगह तक साफ कर दिया जाएगा, बशर्ते कि काम योजना के अनुसार चले। दुर्घटना के बाद लापता बताए गए 8 लोगों में से 6 मज़दूरों का अब तक पता नहीं चल पाया है। हालांकि शव खोजी कुत्तों ने खुदाई के लिए दो और बिंदुओं की पहचान की है, लेकिन अभी तक कोई मानव अवशेष नहीं मिला है। अधिकारियों को संदेह है कि लापता मज़दूर सुरंग के अंतिम हिस्से में दबे हो सकते हैं, जहां काम चल रहा है।

दुर्घटना को डेढ़ महीने से ज़्यादा हो चुका है, इसलिए बचने की संभावना बेहद कम मानी जा रही है। अधिकारियों का मानना है कि सभी 6 लोगों के शव मलबे में एक ही जगह पर पाए जा सकते हैं। बचाव प्रयासों की देखरेख कर रहे विशेष अधिकारी शिवशंकर लोथेती ने अब तक के अभियान में हुई प्रगति पर प्रकाश डाला। एसएलबीसी टनल इनलेट 1 कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान, जिसमें विभिन्न बचाव दलों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए, उन्होंने चल रहे कार्यों पर अपडेट प्रदान किए। उन्होंने बताया कि सुरंग से बड़ी मात्रा में मलबा हटाने के लिए कन्वेयर बेल्ट का उपयोग करके मिट्टी की खुदाई की जा रही है। अतिरिक्त कार्य, जिनमें स्टील के घटकों को काटना और हटाना, जल निकासी कार्य, तथा टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) के भागों को हटाना शामिल है, तीव्र गति से किए जा रहे हैं।

# रामागुंडम में भूकंप की अपुष्ट चेतावनी से दहशत

पेद्दापल्ली, 11 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। रामागुंडम में भूकंप की भविष्यवाणी करने वाला एक अपुष्ट संदेश ने कोयला बेल्ट शहर में दहशत फैला दी। स्वयं-घोषित भूकंप भविष्यवाणी हैंडल, एपिक (भूकंप अनुसंधान और विश्लेषण) द्वारा साझा की गई पोस्ट में, दक्षिण भारत में रामागुंडम के पास भूकंप की भविष्यवाणी की गई थी। पोस्ट में कहा गया है कि हमारे शोध और विश्लेषण के अनुसार, दक्षिण भारत के तेलंगाना के रामागुंडम के पास आने वाला बड़ा भूकंप संभावित है।









Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.